माघ शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 10 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक -185, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गामा किरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1 16

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित 2

## मुख्यमंत्री धामी पहुंचे हल्द्वानी, हिंसा में 4 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर के बनभूलपुरा इलाके में गुरुवार को हुई हिंसा मामले में पुलिस ने 18 नामजद समेत पांच हजार उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चार को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन ने 5 दंगाइयों की मौत की पुष्टि की। इनके शव भी बरामद कर लिए गए हैं। क्षेत्र में शांति-व्यवस्था कायम करने के लिए शुक्रवार को अर्द्धसैनिक बलों ने बनभूलपुरा इलाके में फ्लैग मार्च किया।

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी हल्द्वानी पहुंचे और घायल पुलिस, निगम के कर्मियों के साथ ही घायल पत्रकारों से भी मुलाकात की। उन्होंने हिंसा को सुनियोजित तरीके से की गई गहरी साजिश करार दिया। नुकसान की भरपाई दंगाइयों से की जाएगी।

- **हल्द्वानी हिंसा: पांच हजार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, 18 नामजद**
- **अर्द्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च किया**
- **अब तक पांच मौतों की पुष्टि, शव बरामद**



हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी घायल पुलिसकर्मियों का हाल जानते हुए।

### देवभूमि का माहौल खराब करने की साजिश, होगी कार्रवाईः धामी

**हल्द्वानी।** घटनास्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थिति का जायजा लिया और कहा कि यह देवभूमि का माहौल खराब करने की साजिश है। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जिन लोगों ने कानून तोड़ा है और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उनके सारे वीडियो फुटेज और फुटप्रिंट उपलब्ध हैं। इस घटना में शामिल सभी उपद्रवियों को चिह्नित कर उन पर विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया गतिमान है।

## मौलाना तौकीर के भड़काऊ बयान, भीड़ ने की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मौलाना को पुलिस ने रास्ते से लौटाया, बवाल की आशंका में तनाव में घिरा रहा शहर, स्कूलों की छुट्टी, बाजार बंद किए**

**अमृत विचारः** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की जेल भरो की अपील पर शुक्रवार को भारी तनाव के माहौल में हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई। पुलिस-प्रशासन ने मौलाना और उनके समर्थकों को सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए इस्लामिया ग्राउंड तो नहीं पहुंचने दिया, लेकिन उनके भड़काऊ बयानों के कारण प्रदर्शन के बाद लौटती भीड़ ने शहामतगंज में जमकर तोड़फोड़ और पथराव करने के साथ दो लोगों को पीट दिया। पुलिस ने डंडे चलाकर भीड़ को खदेड़ा। इस बीच मौलाना के आह्वान पर मुस्लिम बहुल इलाकों में बाजार पूरी तरह बंद रहा। बवाल की आशंका देखते हुए दोपहर 12 बजे सभी स्कूलों की भी छुट्टी करा दी गई।



समर्थकों के साथ गिरफ्तारी देने जा रहे मौलाना तौकीर रजा को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। ● अमृत विचार

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने और मस्जिद-मदरसों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए मौलाना तौकीर घोषित कार्यक्रम के तहत दोपहर सवा बजे मौलाना तौकीर आला हजरत दरगाह की करोलान मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे। इस बीच शहर में चौतरफा सुरक्षा इंतजामों के बावजूद उनके हजारों समर्थकों की भीड़ इकट्ठी हो चुकी थी। नमाज के बाद मौलाना समर्थकों के साथ रास्ते में लगा बैरियर तोड़ते हुए इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। करीब 15 मिनट बाद मौलाना तौकीर समर्थकों के साथ यहीं से लौट गए। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि मौलाना तौकीर और उनके समर्थकों को समझाकर रास्ते से ही लौटा दिया गया। किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### मोदी-योगी होश में आओ के नारों के बीच शहामतगंज में मारपीट और पथराव

आईएमसी के प्रदर्शन के बाद शहामतगंज में बवाल होने से बच गया। इस्लामिया ग्राउंड की ओर से लौट रहे सैकड़ों लोगों ने शहामतगंज में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के पास जमकर नारेबाजी की। 'मोदी-योगी होश में आओ' जैसे नारे लगाते हुए तोड़फोड़ के साथ दो लोगों के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद पथराव भी किया। इससे यहां भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने डंडे फटकारकर भीड़ को खदेड़ा।

## एक नजर

### नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी, हेमा और मीसा को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में शुक्रवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दी। विशेष न्यायमूर्ति विशाल गोगने ने ईडी के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दे दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए। ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद मामले में अदालत द्वारा जारी समन के अनुपालन में आरोपी अदालत में पेश हुए। अदालत ने ईडी से पूछा कि उसे आरोपियों की हिरासत की जरूरत क्यों, जबकि उसने अपनी जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार नहीं किया था।

### बाबा सिद्दीकी एनसीपी में आज होंगे शामिलः अजित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक दिन पहले बाबा सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था। अब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि बाबा सिद्दीकी 10 फरवरी को एनसीपी में शामिल होंगे। अजित पवार ने बताया कि 11 फरवरी को कुछ और लोग पार्टी में शामिल होंगे। हाल ही में चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट की एनसीपी को असली एनसीपी बताया था।

## चौ. चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न

# विभूतियों को महासम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को खुद 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए यह ऐलान करते हुए तीनों के योगदान की सराहना की। इस साल अब तक पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

कुछ दिनों पहले ही सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के लिए भारत रत्न की घोषणा की थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता और 1979-80 में प्रधानमंत्री रहे चौ. चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति के धुरी के रूप में उभरे थे, जब देशभर में उसका वर्चस्व था। वहीं कांग्रेस नेता राव 1991-96 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है, जबकि डॉ. स्वामीनाथन दुनिया के ख्याति लब्ध कृषि वैज्ञानिक थे।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, 'हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है।' प्रधानमंत्री ने अलग पोस्ट कर भारत रत्न से सम्मानित होने वाली सभी विभूतियों के योगदानों का जिक्र किया।



चौ. चरण सिंह
पूर्व प्रधानमंत्री



पीवी नरसिम्हा राव
पूर्व प्रधानमंत्री



एमएस स्वामीनाथन
हरित क्रांति के जनक




- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ऐलान, इस साल अब तक पांच नामों की घोषणा**

### अब तक 53 लोगों को सम्मान

करीब 68 साल पहले शुरू हुए इस सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। पहली बार साल 1954 में आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था।

### कांग्रेस ने किया स्वागत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि ये तीनों 'भारत के रत्न' थे, हैं और सदैव रहेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने नरसिम्हा राव को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'मैं इसका स्वागत करती हूं। क्यों नहीं?'

### योगी ने सम्मान को अभिनंदनीय बताया



**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने के फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने तीनों विभूतियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इसे लेकर पोस्ट भी साझा किया और इसे अभिनंदनीय बताया।

### कांशीराम को भी भारत रत्न मिलेः मायावती



**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने एक बार फिर पार्टी संस्थापक कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने एक्स पर लिखा लिखा कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा जिन भी हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, उसका स्वागत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लंबे इंतजार के बाद वीपी सिंह की सरकार ने भारतरत्न से सम्मानित किया। उसके बाद दलित और उपेक्षितों के मसीहा कांशीराम का इनके हितों में किया गया संघर्ष कोई कम नहीं।

## 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है भारतीय सेना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है। सेना के शौर्य व पराक्रम पर कोई भी भारतीय संदेह नहीं करता। जीवन की परवाह किए बिना भारतीय जवानों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों पर रहकर भारत की एकता-अखंडता व संप्रभुता की सदैव रक्षा की है। भारत की आजादी के बाद गठित होने वाली पहली रेजीमेंट के रूप में यह गौरव गोरखा राइफल को प्राप्त है।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 11 गोरखा राइफल रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित 'किरांति शौर्य समारोह' में ये बातें कहीं। योगी ने सैनिकों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को भी देखा। बच्चों

- **'किरांति शौर्य समारोह' में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**



ने कराटे व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। आतंकियों से निपटने में सक्षम भारतीय सेना की शौर्य गाथा को भी देख दर्शकों ने तालियों से सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने वीर नारियों को सम्मानित भी किया और सेंटर के सफलतापूर्वक 75 वर्ष पूरा होने पर बधाई दी। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र भी मौजूद रहे।

### गोरखा रेजीमेंट लखनऊ की प्रशंसा की

योगी ने कहा कि वीर व पराक्रमी जवानों की 11वीं गोरखा रेजीमेंट लखनऊ में है। अपनी स्थापना के बाद कई युद्ध लड़े हैं। साल 1983 में लखनऊ में आने के बाद इस रेजीमेंट ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। यहां के वीर जवानों ने शौर्य व पराक्रम से इतिहास के पन्नों में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज कराया है। इस रेजीमेंट ने देश को कैप्टन मनोज पांडेय जैसे शूरवीर दिए हैं। इस रेजीमेंट ने देश को दो सीडीएस व कई जनरलों की परंपरा दी है। यह 11 गोरखा रेजीमेंट के जवानों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान से मातृभूमि की रक्षा की और गोरखा रेजीमेंट का गौरव बढ़ाया है।

## भाजपा के साथ जाएंगे जयंत बोले- किस मुंह से इंकार करूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **रालोद प्रमुख ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर कहा- 'दिल जीत लिया'**

**अमृत विचारः** पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के साथ ही भाजपा-रालोद के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन पर भी मुहर लग गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए भाजपा के साथ समझौता करने की भी पुष्टि की है। जयंत ने गठबंधन को लेकर कहा, 'क्या अब भी कोई कसर रहती है। आज मैं किस मुंह से इनकार करूं।' जयंत ने प्रधानमंत्री के संदेश पर लिखा भी, 'दिल जीत लिया।'

जयंत ने साफ तौर पर कहा कि पिता चौ. अजित सिंह का भी सपना आज पूरा हुआ। यह भावुक और यादगार पल है, पीढ़ियों तक याद रहेगा। ऐसे में संकेत यह मिले हैं कि चौ. अजित सिंह के जन्मदिवस 12 फरवरी को रालोद के राजग में शामिल होने की घोषणा हो जाए। इस बीच लोकसभा चुनाव में यूपी की सीटों पर भी समझौता फाइनल माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व ने जयंत चौधरी के सामने बागपत और बिजनौर लोकसभा सीट का प्रस्ताव रखा है। वहीं केंद्र में सरकार बनने पर मंत्री पद का भी प्रस्ताव रखा गया है।

## जम्मू-कश्मीरः निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** संसद ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन विधेयकों मंजूरी दे दी, जिनमें केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने और वाल्मीकि समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के प्रावधान शामिल हैं। राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर पंचायती राज विधेयक (संशोधन) विधेयक, संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक पर एकसाथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया।

- **जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद की मिली मंजूरी**

लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधेयकों पर हुई चर्चा के जवाब दिए और फिर उसके बाद इन्हें उच्च सदन ने मंजूरी दी।

## 19 दिन में दूसरी बार पहुंचे अयोध्या




### अमिताभ ने रामलला के दर्शन किए, समर्पित किया सोने का हार

**अयोध्या।** प्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच राम जन्मभूमि परिसर में वीवीआईपी गेट से प्रवेश कराया गया। उन्होंने सबसे पहले रामलला का दर्शन-पूजन किया और उन्हें सोने का हार अर्पित किया। इस दौरान अमिताभ बच्चन करीब 20 मिनट तक प्रभु राम के दरबार में रहे और पांच मिनट तक रामलला के सामने खड़े होकर वंदना करते रहे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि अमिताभ बच्चन ने रामलला को सोने की एक माला समर्पित की है।

## सैलून के अंदर घुसकर दो ग्राहकों की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में एक सैलून के अंदर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, सोनू और आशीष नाम के व्यक्तियों को अन्य ग्राहकों तथा सैलून कर्मियों के सामने कई गोली मारी गई। दोनों की उम्र 30 वर्ष के करीब है।

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर आया, जिसमें एक पीड़ित को हमलावरों से गुहार लगाते देखा जा सकता है। हमलावरों ने बेहद गुस्से में उसके सिर में गोली मारी। पुलिस ने कहा कि जहां सोनू को सिर में एक गोली मारी गई, वहीं आशीष के सिर में तीन और सीने में एक गोली लगी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया, हमले के पीछे निजी दुश्मनी होने का संदेह है, लेकिन गिरोहों के बीच लड़ाई की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद दोनों हमलावर घटना स्थल से भाग गए। घटना के तुरंत बाद इलाके में दहशत फैल गई और पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीम गठित की गई है।

## संप्रग भ्रष्टाचारजीवी सरकार थी सोनिया थीं सुपर प्राइम मिनिस्टर

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कांग्रेस पर आर्थिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन' (संप्रग) सरकार एक 'आंदोलनजीवी और भ्रष्टाचारजीवी सरकार' थी, जिसने देश में 'जयंती टैक्स' को जन्म दिया।

केंद्रीय वित्तमंत्री ने 'भारतीय अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों पर इसके प्रभाव पर श्वेत पत्र' को लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह दावा भी किया कि सोनिया गांधी संप्रग सरकार में सुपर प्राइम मिनिस्टर थीं और उनकी अध्यक्षता



- **वित्तमंत्री सीतारमण ने लोकसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर किया प्रहार**

वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) 'किचन कैबिनेट' से भी बदतर थी, जो असंवैधानिक संस्था के रूप में कानून बनवा रही थी। वित्त मंत्री ने संप्रग सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप लगाया और कहा कि उस वक्त नेतृत्व का अभाव था। उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र एक गंभीर दस्तावेज है, जिसमें दस्तावेजी प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास रहा है कि संप्रग सरकार के 10 साल के कुप्रबंधन को दुरुस्त करना और अर्थव्यवस्था को ऐसे आगे ले जाना कि यह मजबूती के साथ बढ़े। वित्त मंत्री का कहना था कि इस दस्तावेज में कोई भी आधारहीन आरोप नहीं लगाए गए हैं और इसमें कैग की रिपोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को उद्धृत किया गया है। उन्होंने कहा, 'इस श्वेत पत्र में की गई हर बात प्रमाण के साथ है।' सीतारमण के जवाब के बाद सरकार के श्वेतपत्र के विरोध में आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय द्वारा लाए गए स्थानापन्न प्रस्तावों को सदन ने ध्वनिमत से खारिज कर दिया।

## खेती-किसानी

### गन्ना शोध परिषद ने विकसित कीं 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देने वाली किस्में

## गन्ने की चार नई प्रजातियों से सुधरेगी किसानों की आर्थिक स्थिति

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** गन्ने की चार नई प्रजातियां किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में कारगर साबित होंगी। गन्ना शोध परिषद ने चार नई प्रजातियां कोशा-16233, 15233, 17231 और 13235 तैयार की हैं। औसत उपज की बात करें तो करीब एक हजार क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अब तक प्रचलित प्रजातियों से कहीं ज्यादा है। प्रदेश भर में इन प्रजातियों के गन्ने की खूब मांग है। किसान ऑनलाइन बुक कर बीज खरीद रहे हैं।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की ओर से गन्ने की ये प्रजातियां विकसित की गई हैं। प्रचलित गन्ना साढ़े आठ सौ से साढ़े नौ सौ क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देता है। पुरानी प्रजातियों में लाल सड़न सहित तमाम बीमारियां भी लगती थीं, लेकिन इनमें लाल सड़न रोग लगने की आशंका बहुत कम है। गन्ना शोध परिषद के प्रसार अधिकारी एसके पाठक ने बताया कि कोशा 17231 की पैदावार प्रति हेक्टेयर 90 से 100 टन है और यह लगभग 10 महीने में तैयार हो जाती है। इसे अगेती प्रजाति कहते हैं। इसी तरह वैज्ञानिकों ने कोशा 15233 और 16233 की खोज की है। यह प्रजातियां भी लाल सड़न रोग कैंसर रोधी है।



- **कोशा -16233, 15233, 17231, 13235 की बेहतर उपज ले सकेंगे किसान**



> वैज्ञानिकों ने कोशा 17231, 15233, 16233 और 13235 प्रजाति के गन्ने का विकास किया है। यह प्रजातियां किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। कैंसर (लाल सड़न) बीमारी का भी इन पर असर नहीं होता। – **एसके पाठक**, प्रसार अधिकारी, गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर

**नई प्रजाति को विकसित करने में लगते हैं दस सालः** गन्ने की एक नई प्रजाति के तैयार होने में करीब 10 साल का समय लगता है। अगर अब प्रजाति खेतों तक पहुंची है तो उसको तैयार करने की प्रक्रिया 10 साल पहले शुरू हुई थी। गन्ना शोध परिषद के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि एक नई वैरायटी तैयार करने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता है। पहले शोध परिषद के वैज्ञानिक कोयंबटूर जाकर मेल और फीमेल गन्ने की प्रजातियां को आपस में क्रॉस कराते हैं। कोयंबटूर जाने की मजबूरी इसलिए है, क्योंकि वहां की जलवायु इसके लिए सबसे सही है। पहली बार पौध तैयार करने पर उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ पेड़ी आदि की जांच भी की जाती है। इन सब प्रक्रिया में 10 साल का समय लगता है। तब एक प्रजाति बाहर आती है।

### साढ़े छह हजार बड ऑनलाइन बुक

प्रदेश में 17231 प्रजाति के गन्ने की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है। साढ़े छह हजार बड बीज बुक हो चुका है। पश्चिमी यूपी के किसानों को मुजफ्फरनगर, पूर्वी यूपी के किसानों को सेबरहि और मध्य यूपी के किसानों को शाहजहांपुर से बीज दिया जा रहा है। बीज देने का आरंभ शुक्रवार से शाहजहांपुर गन्ना शोध परिषद में हुआ। किसानों को मिनी बीज किट का वितरण किया जा रहा है। 15233 प्रजाति को छोड़ अन्य तीनों किस्मों के बीज का विकास शाहजहांपुर शोध परिषद के वैज्ञानिकों ने ही किया है।

ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिपः कुश्ती का चयन ट्रायल 10-11 मार्च को

# चयनित होने को पहलवान पटियाला और सोनीपत में आजमाएंगे जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

**ट्रायल की योजना 27 से 29 फरवरी के लिए थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई थी**

आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम चुनने के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 और 11 मार्च को क्रमशः पटियाला और सोनीपत में होगा। यह जानकारी इस खेल का प्रबंधन कर रही तदर्थ समिति ने शुक्रवार को दी।

इस ट्रायल की योजना शुरुआत में 27 से 29 फरवरी के लिए बनाई गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी में देरी के बाद इसे स्थगित कर दिया। महिला पहलवानों के लिए ट्रायल 'एनएसएनआईएस' पटियाला में होंगे जबकि ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में होंगे। भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति ने कहा कि आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम के चयन के लिए तदर्थ समिति 10 और 11 मार्च को चयन ट्रायल का आयोजन करेगी। ओलंपिक भार वर्ग में ट्रायल के विजेता को आगामी ओलंपिक क्वालीफायर (19 से 21 अप्रैल तक एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और 9 से 12 मई तक विश्व ओलंपिक क्वालीफायर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। अंतिम (53 किग्रा) को 2024 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में खेलने को सीधे प्रवेश दिया जाएगा।

# बल्लेबाज आक्रामक-पारंपरिक शैली में संतुलन बनाएं: वॉन

## इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन सकती है, जिसे बहुत अच्छा करने के बावजूद भी ज्यादा सफलता ना मिले

लंदन, एजेंसी



पूर्व कप्तान माइकल वॉन को चिंता है कि इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन जाएगी जो कड़ी मेहनत करने के बावजूद ज्यादा जीत हासिल करने में नाकाम रहेगी। उन्होंने भारत में टीम की बल्लेबाजी इकाई को सफल होने के लिए आक्रामक और पारंपरिक क्रिकेट की शैली के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी।

इंग्लैंड को 'बैजबॉल' तरीका अपनाने के बाद से टेस्ट क्रिकेट में अच्छी सफलता मिली है। टीम को हालांकि इस रवैए से कुछ अहम मुकाबलों में हार का सामना भी करना पड़ा है, जिसमें एशेज श्रृंखला के मैच भी शामिल है। इंग्लैंड ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली एशेज श्रृंखला को 2-2 से ड्रॉ खेला था। इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली को छोड़कर उनके सभी बल्लेबाज बड़े स्कोर बनाने में असमर्थ रहे। वॉन ने कहा कि इंग्लैंड की टीम अगर विशाखापत्तनम जैसी बल्लेबाजी जारी रखगी तो श्रृंखला नहीं जीत पाएगा। मैं वास्तव में सोचता हूं कि बल्लेबाजों को हमारे गेंदबाजों से कुछ सीखने की जरूरत है। हमारे गेंदबाजों ने पारंपरिक और आक्रामक शैली का अच्छा मिश्रण किया है। वॉन ने टीम बल्लेबाजों से आक्रामक रुख अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जेम्स एंडरसन ने कमाल किया है। टीम को एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज शायद ऑली रॉबिन्सन को मैदान पर उतारना होगा।

### इंग्लैंड ऐसी टीम जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती



वॉन ने 'द टेलीग्राफ' में लिखा कि इंग्लैंड ऐसी टीम बन गई है जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती है क्योंकि उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा है। हम मौजूदा टीम के खेल से बहुत प्रभावित होते हैं और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बड़े पैमाने पर सुधार किया है। मुझे चिंता है कि कहीं वे ऐसी टीम न बन जाए जो इतना शानदार करने के बाद भी अधिक मैच जीतने में सफल ना हो। जब उन्हें एशेज श्रृंखला जीतनी चाहिए थी तब वे नहीं जीत सके और अब उन्होंने भारत को श्रृंखला में वापसी का मौका दे दिया है। यह तब हुआ जब विराट कोहली समेत कई बड़े नाम मौजूद नहीं थे। इंग्लैंड ने भारत में पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली थी, लेकिन बेन स्टोक्स की टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

## खेल डायरी

### विश्व कप उपविजेता फ्रांस नेशन्स लीग फुटबॉल में इटली, बेल्जियम और इजरायल के साथ एक ग्रुप में

**पेरिस, एजेंसी।** विश्व कप उपविजेता फ्रांस, यूरोपीय चैंपियन (2020) इटली, बेल्जियम और इजराइल को सितंबर में शुरू होने वाले पुरुषों की यूएफा नेशन्स लीग के शीर्ष स्तर के मुश्किल ग्रुप 'ए 2' में एक साथ जगह दी गई है। नेशंस लीग चैंपियन स्पेन को डेनमार्क के अलावा स्विट्जरलैंड और सर्बिया के साथ ग्रुप 'ए 4' में रखा गया था, यूरो 2024 मेजबान जर्मनी, नीदरलैंड, हंगरी और बोस्निया-हर्जेगोविना को ग्रुप 'ए 3' में जगह मिली है जबकि क्रोएशिया, पुर्तगाल, पोलैंड और स्कॉटलैंड को 'ग्रुप ए-1' में शामिल किया गया है। फीफा रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड 2022 में नेशन्स लीग के दूसरे टियर में खिसक गया था। टीम को ग्रुप 'बी-2' में फिनलैंड, यूनान और आयरलैंड के साथ रखा गया है। यह 1991 के बाद इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा।

### जुलाई में भारतीय फुटबॉल सत्र डूरंड कप से होगा शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11के सत्र का आगाज सितंबर महीने में होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अनुसार 2024-25 भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप से होगी तथा सितंबतर में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आयोजन किया जाएगा। एआईएफएफ ने बताया कि इस बीच, आई-ली भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) और कलिंगा सुपर कप अक्टूबर में शुरू होंगे। आगामी सत्र में आईडब्ल्यूएल विंडो को 4 से बढ़ाकर 6 महीने किया गया है। पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी नवंबर-दिसंबर में होगी। भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम मार्च और जून महीने में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर खेलेगी।

### रग्बी प्रीमियर लीग लांच करने को तैयार इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (आईआरएफयू) देश में खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य पर काम करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) लांच करने के लिए तैयार है। लीग में भारत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भी कुछ सर्वश्रेष्ठ रग्बी प्रतिभाए हिस्सा लेंगी। यह लीग इस साल सितंबर में खेल के 'सेवंस' प्रारूप में खेली जाएगी, जिसके शुरूआती चरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। आईआरएफयू के अध्यक्ष ने कहा कि यह भारत के लिए और भारतीय रग्बी के लिए ऐतिहासिक पल है। रग्बी दुनिया भर के बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरपीएल भारतीय रग्बी के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगी और हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगी।

### स्नेहा ने डब्ल्यूपीजीटी के चौथे चरण का खिताब जीता

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** स्नेहा सिंह आखिरी तीन होल में दो बोगी करने के बाद बावजूद हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के चौथे चरण को जीतने में सफल रहीं। मौजूदा सत्र में तीन चरण में भाग लेने वाली स्नेहा की यह दूसरी जीत है। उन्होंने इस चरण के चौथे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर 211 होगा। हिताशी ने चौथे दौर में बोगी रहित 69 का कार्ड खेला लेकिन यह स्नेहा के पांच शॉट की बढ़त को पाटने के लिए काफी नहीं था। मौजूदा सत्र में तीसरे चरण की विजेता हिताशी पहले, दूसरे और इस चरण में उपविजेता रही है।

### फ्रांसेस टियाफो डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**डलास, एजेंसी।** अमेरिका के शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो ने गुरुवार रात 19 साल के हमवतन एलेक्स मिचेलसन पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जापान के योशिहितो निशियोका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया, जिससे फ्रांस के एड्रियन मानारिनो एक भी मुकाबला खेले बिना क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। राउंड 16 के अन्य मुकाबलों में सातवें वरीय जोर्डन थाम्पसन ने अमेरिका के डेनिस कुडला पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की जबकि जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त डोमिनिक कोफर ने आस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता को 6-4, 7-6 से मात दी।

# कोहली के बारे में गलत जानकारी साझा कर की गलती : डिविलियर्स

## भारत के दिग्गज खिलाड़ी ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया है ब्रेक

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि उन्होंने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली के बारे में गलत सूचना साझा करके बहुत बड़ी गलती कर दी। कोहली ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लिया है और डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वहां क्या हो रहा है। डिविलियर्स ने कुछ दिन पहले अपने यूट्यूब चैनल पर दावा किया था कि कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व दिग्गज ने एसए20 लीग के इतर बातचीत में कहा कि परिवार सबसे पहले आता है, जैसा कि मैंने अपने यूट्यूब चैनल पर भी कहा था। मैंने भी उस समय गलत जानकारी साझा कर के बड़ी गलती कर दी। मेरी वो बातें बिल्कुल भी सच नहीं थी। एसए20 के ब्रांड दूत डिविलियर्स ने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि जो कुछ भी विराट और उनके परिवार के लिए सबसे अच्छा है उसे प्राथमिकमा मिलनी चाहिए। कोई नहीं जानता कि वहां क्या हो रहा है। मैं बस उनके लिए सब कुछ अच्छा होने की कामना कर सकता हूं। इस ब्रेक का कारण चाहे जो भी हो, मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वह मजबूत और बेहतर तरीके से वापसी करेंगे।

**एबी ने दावा किया था कि कोहली दूसरे बच्चे के जन्म का कर रहे इंतजार**



### टेस्ट क्रिकेट खेलना कठिन चुनौती

डिविलियर्स ने कहा कि मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट खेलने से बढ़कर कुछ नहीं। यह सबसे बड़ी और सबसे कठिन चुनौती होती है। यह मेरा ही नहीं कई पूर्व खिलाड़ियों का भी मानना है। सबसे तेज वनडे अर्धशतक (16 गेंद), सबसे तेज वनडे शतक (31 गेंद) और सबसे तेज 150 वनडे रन (62 गेंद) का रिकॉर्ड बना चुके डिविलियर्स ने 114 टेस्ट में 8765 रन, 228 वनडे में 9577 और 78 टी-20 में 1672 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद खिलाड़ी हर प्रारूप खेल सकते हैं। खेल के बेसिक्स तो समान ही होते हैं।

### आगामी टी-20 में सूर्यकुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

क्रिकेट के असली 'मिस्टर 360 डिग्री' को इसके साथ ही जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में सूर्यकुमार यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। टी-20 क्रिकेट में जबर्दस्त प्रदर्शन के दम पर सूर्यकुमार को भी 'मिस्टर 360 डिग्री' की उपमा मिली जो पहले डिविलियर्स को कहा जाता था। टी-20 क्रिकेट के साथ 360 डिग्री तकनीक का ईजाद हुआ, जिसमें बल्लेबाज मैदान के चारों तरफ शॉट्स खेल सकते हैं। डिविलियर्स ने कहा कि टी-20 विश्व कप में यूं तो कई खिलाड़ियों पर नजरें होंगी लेकिन मैं स्काय (सूर्याकुमार यादव) की बल्लेबाजी देखना चाहता हूं। मैं उसका बड़ा प्रशंसक हूं और उम्मीद है कि वह अच्छा खेलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत सबसे प्रबल दावेदारों में से होगा।

### विश्वकप और आईपीएल दोनों के प्रारूप एक समान

दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में गिने जाने वाले डिविलियर्स ने कहा कि विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल होने से खिलाड़ियों की थकान का मसला नहीं होगा क्योंकि प्रारूप समान है। उन्होंने कहा कि आईपीएल विश्व कप से ठीक पहले है लेकिन दोनों है तो टी20 प्रारूप ही। गेंदबाज को टेस्ट की तरह 15 या 20 ओवर प्रतिदिन नहीं बल्कि चार ही ओवर डालने हैं। मुझे लगता है कि वे कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे। आईपीएल में आरसीबी के लिए 184 मैचों में 5162 रन बना चुके डिविलियर्स ने कहा कि आईपीएल के बाद छोटा ब्रेक भी है। दो ही टीमें फाइनल खेलेंगी और बाकी तो तरोताजा ही रहेंगी। खिलाड़ियों को मैचों के बीच भी आराम मिलता है। क्रिकेट प्रेमियों को लगातार काफी क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा जो अच्छी बात है।

# 'ग्रोइन' और कमर में खिंचाव से अय्यर का खेलना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

**चयनकर्ताओं के सामने संकट, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा पहले से चोटिल**



श्रेयस अय्यर के कमर और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद उनके इंग्लैंड के खिलाफ बची हुई टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है। अय्यर को पीठ में लगातार परेशानी हो रही है, जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी भी करायी थी।

अय्यर (29 वर्ष) ने हैदराबाद और विशाखापत्तनम में पहले दो टेस्ट में 35, 13, 27 और 29 रन की पारी खेली थी। वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया कि अय्यर ने खिंचाव और कमर में दर्द होने की शिकायत की है तथा उनके श्रृंखला के बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना नहीं है। भारत पहले ही अपने खिलाड़ियों को लगे चोटों की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि उसके मुख्य खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल हैं और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे और उनके राजकोट और रांची में होने वाले टेस्ट मुकाबलों के लिए भी उपलब्ध होने की संभावना कम ही है। भारतीय चयनकर्ताओं को अभी अंतिम तीन टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करनी है और वह जडेजा की फिटनेस पर स्पष्टता के बाद ही ऐसा करेंगे। आल राउंडर जडेजा को इसके लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस जांच में पास होना होगा। वह हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से विशाखापत्तनम टेस्ट में नहीं खेल पाए थे जबकि राहुल ने दर्द की शिकायत की थी। अगर जडेजा और राहुल दोनों अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो अय्यर की चोट से रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। पाटीदार विशाखापत्तनम में टेस्ट पदार्पण के दौरान प्रभावित नहीं कर सके थे। पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय खिलाड़ी 11 फरवरी को राजकोट पहुंचेंगे और इंग्लैंड के एक दिन बाद वहां पहुंचने की उम्मीद है।

# पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बुमराह ने बाहर कर दिया : स्टेन

केपटाउन, एजेंसी



महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि भारतीय स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन, दमदार यॉर्कर और तेज रफ्तार से पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बाहर कर दिया है।

बुमराह ने विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत को शानदार जीत दिलाई, जिससे मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। स्टेन ने भारतीय पिचों पर भी लगातार विकेट लेने वाली यॉर्कर गेंद फेंकने की काबिलियत के लिए बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह महानता का दर्जा हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस समय कोई टेस्ट गेंदबाज है जो विकेट लेने वाले यॉर्कर डालने में सक्षम हो। सनराइजर्स ईस्टर्न केप टीम के गेंदबाजी कोच स्टेन ने केपटाउन में एसए20 खिताबी भिड़ंत की पूर्व संध्या पर कहा कि टेस्ट मैच में विकेट लेने के लिए शायद कुछेक गेंदबाज हैं जो ऐसा कर सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट उनमें से एक थे और शायद मिचेल स्टार्क। और निश्चित रूप से बुमराह।

# मेस्सी की मैच में अनुपस्थिति से बढ़ी नाराजगी

हांगकांग, एजेंसी



हांगकांग में फुटबॉल मैच के दौरान लियोनल मेस्सी के मैदान पर नहीं उतरने के बाद सरकार और खेल प्रेमियों के गुस्से का सामना करने वाले आयोजक ने शुक्रवार को कहा कि वे विश्व कप विजेता फुटबॉलर की अनुपस्थिति के लिए टिकट की 50 प्रतिशत राशि लौटने की पेशकश करेंगे।

इस हफ्ते के शुरू में स्थानीय टीम के खिलाफ हुए इस मैच में मेस्सी को भी मैदान पर खेलने उतरना था लेकिन वह 'ग्रोइन' चोट से पूरे 90 मिनट तक बेंच पर बैठे रहे। लेकिन अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी बुधवार को इंटर मियामी के ताजा प्रदर्शनी मैच में तोक्यो में 30 मिनट तक मैदान पर उतरा थ, जिससे दो दिन से चीन में सोशल मीडिया पर लोग मेस्सी के हांगकांग में मैच नहीं खेलने पर निराशा व्यक्त कर रहे हैं। शुक्रवार को आयोजक टैटलर एशिया ने 'इंस्टाग्राम' पोस्ट पर उन लोगों से माफी मांगी जो मैच से निराश थे। उसने कहा कि मेस्सी के नहीं खेलने के बारे में जब पता चला तो उसने इंटर मियामी के प्रबंधन से अनुरोध किया था कि वह इस फुटबॉलर से दर्शकों को समझाने का आग्रह करे।




# कागज 2 का पोस्टर अनुपम ने किया साझा




**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कागज 2 का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर शेयर किया है। दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'कागज' वर्ष 2021 में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में थे। अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'कागज 2' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही अनुपम ने अपने दोस्त दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के लिए भावुक पोस्ट भी लिखा। अनुपम ने कैप्शन में लिखा, सबसे प्रिय सतीश कौशिक। आपके जुनूनी प्रोजेक्ट का ट्रेलर और दुर्भाग्य से आखिरी प्रोजेक्ट 'कागज 2' कल रिलीज हो रहा है। मैं जानता हूं कि इसको बनाने के लिए आपने कितनी मेहनत की है, लेकिन अब हम सब यह सुनिश्चित करेंगे कि इस फिल्म की चमक दुनिया तक पहुंचे। आपको हमेशा प्यार।

### 11 अक्टूबर को रिलीज होगी शाहिद कपूर की फिल्म देवा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम लाइव सत्र में अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर 'देवा' के बारे में बताया ।उन्होंने कहा, मेरी अगली एक्शन थ्रिलर देवा में कई एक्शन सीक्वेंस हैं। देवा विशाल फिल्म है, और मैं इसमें एक बहुत कठिन किरदार निभा रहा हूं। देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म देवा में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े की अहम भूमिका है। देवा ,ज़ी स्टूडियो और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा निर्मित और रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में शाहिद पुलिस ऑफसिर की भूमिका में हैं।

# मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने बताया है कि उनकी मां ने उन्हें थिएटर जाने और सिनेमा देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटिश संसद और भारतीय उच्चायोग जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर बोमन ईरानी की उपस्थिति और प्रभावशाली शब्दों ने न केवल भारत को गौरवान्वित किया है, बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा का काम भी किया है। ऑक्सफोर्ड की अपनी यात्रा के दौरान, बोमन ईरानी ने एक यादगार भाषण दिया और सिनेमा से परे उनके प्रभाव के लिए डॉ अदिति लाहिरी से प्रशंसा प्राप्त की। अपनी जीवन यात्रा पर विचार करते हुए, बोमन ईरानी ने उल्लेखनीय क्षणों को साझा किया, जिसमें बचपन के अनुभवों से लेकर अपनी मां द्वारा थिएटर के लिए प्रोत्साहन के तहत एक फोटोग्राफर के रूप में काम करने सहित अपनी विविध भूमिकाएं शामिल हैं। बोमन ईरानी ने कहा, मैं डिस्लेक्सिक था और मैं बहुत तुतलाता था और जब भी मैं बोलता था तो हर कोई हंसता था। मुझे डर रहेगा कि लोग मेरा मज़ाक उड़ाएँगे। मुझे यह समझने में कई साल लग गए कि आप डरने का जोखिम नहीं उठा सकते ।एक दिन स्कूल में एक कॉन्सर्ट था और मेरी मां ने मुझे मुस्कुराते और गाते हुए देखा। तभी उन्हें एहसास हुआ कि मुझे दर्शकों के सामने मंच पर रहना पसंद है और उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया, भले ही मेरे अंक बहुत अच्छे नहीं थे। उन्होंने मुझे थिएटर जाने, स्पीच थेरेपिस्ट के पास जाने और हर दिन सिनेमा देखने जाने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि मेरी शिक्षा सिनेमा के माध्यम से हुई थी। उसने मेरी आँखों में देखा कि मैं उस दुनिया से प्यार करता हूं।

# खुशबू और माही का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर भोजपुरी लोकगीत रिलीज हुआ है। वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव गांव से शहर अपने पति के साथ आती हैं और बड़े घर में उसे काम मिल जाता है। धूप में भी उसे काम करना पड़ता है, जिससे उसकी स्किन सांवली हो गई है। वह अपने पति से गोरा होने की क्रीम लाने की डिमांड करती है। वह कहती है कि... 'काम करे में लागल बा धूप सइयाँ, हो गईल बा सांवर गोर रूप सइयाँ, भईल चेहरा के लाईट बा डीम राजा जी, डीम राजा जी, एगो कीन दीं बढ़िया क्रीम राजा जी, गोर होखे वाला कीन दीं क्रीम राजा जी...' वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गीतकार यादव राज हैं और संगीतकार अभिराम पांडेय हैं। वीडियो डायरेक्टर आर्यन देव, कोरियोग्राफर अशोक सम्राट, एडिटर मीत जी हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

### डायमेंशन म्यूजिक के लिए सलमान अली और अल्तमश ने गाया गाना



**मुंबई, एजेंसी।** जानेमाने गायक सलमान अली और अल्तमश फरीदी ने डायमेंशन म्यूजिक के लिए गाना गाया है। फ़िल्म निर्माता लियाकत गोला की डायमेंशन म्यूजिक ने एक साथ तीन गानों को रिलीज़ किया है। इनमें ख़ुदा हाफ़िज़, माही मेरा और मोहब्बत है। गाना मोहब्बत को सलमान अली ने गाया है, जिसके बोल अमीना इसरार से लिखे हैं और संगीत आमिर अली ने बनाया है। वीडियो निर्देशक फ़ैज़ हैं, वहीं डीओपी एवं एडिटर दित्य जांगिड़ हैं। वीडियो फीट में अरबाज़ पटेल और ईशु हैं। गाना ख़ुदा हाफ़िज़ को अल्तमश ने गाया है,जिसे मशेउद्दीन कुरैशी ने लिखा, और संगीत आमिर अली ने दिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### दो फीडरों पर दो दिन बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

अयोध्या, अमृत विचार : मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से अनुरक्षण कार्य के चलते सिविल लाइंस उपकेंद्र से संचालित दो फीडरों पर दो दिन आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता प्रथम प्रदीप कुमार वर्मा की ओर से जारी सूचना के अनुसार शनिवार और रविवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सिविल लाइंस से पोषित 11 केवी फीडर मोदहा एवं फीडर नम्बर चार की विद्युत लाइनों का अनुरक्षण कार्य एवं लाइनों के बगल पेड़ों की डालियों की कटाई छटाई का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण दोनों तिथियों में 11 केवी मोदहा फीडर के अन्तर्गत आने वाले समस्त क्षेत्रो में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक और 11 केवी फीडर नंबर चार के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण एवं आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

### स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अयोध्या, अमृत विचार : गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर व मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में कक्षा छह में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फार्म उपलब्ध हो गए हैं। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के वेबसाइट पर नौ से 12 वर्ष आयु के खिलाड़ी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालय पर 16 फरवरी से चार मार्च तक प्रारंभिक चयन परीक्षा होगी। इसमें चयनित खिलाड़ियों का अगले चक्र में परीक्षा होगी।

### स्वदेशी 4 जी सेवा की कवायद में जुटा बीएसएनएल

अयोध्या, अमृत विचार : उपभोक्ताओं को हाई स्पीड इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने के लिए बीएसएनएल ने जिले में 4 जी तकनीक के टॉवर लगाने का काम शुरू किया है। बीएसएनएल के महाप्रबन्धक ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि बीटीएस पर 4 जी उपकरणों की स्थापना का काम शुरू हो गया है। इसके लिए टीसीएस की ओर से उपकरण और कर्मी उपलब्ध कराये गए हैं। पहले चरण में सभी 220 बीटीएस को 4 जी तकनीक में अपग्रेड किया जाएगा। इसके बाद इनको 5 जी सेवा में बदलने की शुरुआत होगी।

### वैवाहिक समारोह में भिड़े दो पक्ष, हुई मारपीट

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार : पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के सिड़िहिर नरसिंहपुर गांव में वैवाहिक समारोह के दौरान दो पक्षों में भिड़ंत हो गई और मारपीट हुई। एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई है। दोनों पक्ष से एक-एक घायल का सीएचसी मसौधा में मेडिकल कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की मारपीट और बलवा की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा का कहना है कि गुरुवार देर रात अजीत कुमार और रंजीत कुमार के बीच गाली-गलौज के बाद मारपीट हुई। जिसमें दोनों घायल हुए हैं। मामले की जाँच कराई जा रही है।

# अब श्रेष्ठ नहीं सर्वश्रेष्ठ अयोध्या : आरजे मोहित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या श्रेष्ठ नहीं अब सबसे सर्वश्रेष्ठ नगरी बन गई है। अयोध्या धाम में आते ही शुद्ध हवा में भक्ति का रस बह रहा है। ये बातें शुक्रवार को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम पहुंचे टीवी सीरियल के कलाकार आरजे मोहित ने कही। रामलला के दर्शन से अभिभूत टीवी कलाकार ने यहां एक धारावाहिक निर्माण की बात कही। उन्होंने हनुमानगढ़ी में भी दर्शन-पूजन किया।

कई टीवी सीरियल में मुख्य भूमिका के रूप में काम कर रहे कलाकार आरजे मोहित ने बताया कि दो मित्रों के साथ अयोध्या धाम में टीवी सीरियल के लिए जगह तलाश कर रहे है। अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म प्रोजेक्ट 2021 में शॉर्ट फ़िल्म द लास्ट काल के लिए प्लेटिनम अवार्ड भी मिल चुका है। उन्होंने बताया कि मार्च में एक टीवी सीरियल की शूटिंग अयोध्या में होने जा रही है। धारावाहिक अयोध्या पर ही केन्द्रित होगा। उन्होंने बताया कि वह जयपुर के रेडियो स्टेशन पर जॉकी का भी काम करते है।



हनुमानगढ़ी पर टीवी कलाकार आरजे मोहित।

# अमिताभ बोले- छोरा गंगा कनारे वाला ही मेरी पहचान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मैं कहीं भी रहूं लेकिन "छोरा गंगा कनारे वाला" ही मेरी पहचान है। जब लोग पूछते हैं कि आपका उप्र से कहां से नाता है, तो बाबूजी की बताई अवधी की कहावत याद आती है कि-हाथी घूमे गांव-गांव, जेकर हाथी ओकर नाव। ये सच है कि मेरी पैदाइश इलाहाबाद में हुई, उसके बाद दिल्ली, कलकत्ता और मुबंई रहे। जहां भी रहे कहलाए छोरा गंगा किनारे वाला ही। ये कहकर शुक्रवार को फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने प्रशंसकों की अपार भीड़ का दिल जीत लिया। वह यहां सिविल लाइंस स्थित एक प्रतिष्ठान का उदघाटन करने आने आए थे।



रामलला का दर्शन पूजन करते अभिनेता अमिताभ बच्चन।

### जय श्रीराम के उद्घोष से बनाया राममय माहौल



अमिताभ बच्चन के साथ फोटो खिंचवाते मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण सिंह, डीएम नितीश कुमार व अन्य। अमृत विचार

मंच पर आते ही उन्होंने प्रशंसकों को हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया और जयश्री राम का जोरदार उद्घोष कर लागों में उत्साह भर दिया। जिससे समूचा माहौल राममय हो गया। उन्होंने कहा कि ऐसा मेरा मानना है कि अयोध्या आना-जाना अब निरंतर लगा रहेगा। वहीं अमिताभ की एक झलक पाने को बेताब प्रशंसकों की भारी भीड़ रही। लोग सड़क के दोनों ओर, आसपास की छतों, दीवारों पर उनके दीदार के लिए घंटों खड़े रहे। इस दौरान सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। एक ओर की सड़क बन्द कर दी गई थी।




भक्ति का रंग

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

# मौनी अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई डुबकी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को रामनगरी में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान के बाद मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लगभग तीन श्रद्धालुओं ने रामजन्मभूमि में रामलला का दर्शन-पूजन किया। मौनी अमावस्या पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए थे। मौनी अमावस्या का पर्व वैसे तो प्रयागराज के में गंगा घाट का उत्सव माना जाता है लेकिन शास्त्रों में कहा गया है की गंगा बड़ी गोदावरी तीर्थराज प्रयाग, सबसे बड़ी अयोध्या नगरी जहां राम लिहिन अवतार। यही कारण की लाखों की संख्या में गंगा नदी में स्नान करने के बाद श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर सरयू स्नान के बाद मठ-मंदिरों में दर्शन पूजन करते हैं। सरयू घाट पुरोहित ओम प्रकाश पांडे ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन पवित्र सरयू नदी में स्नान करने पर विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु स्नान करने यहां पहुंचे हैं। अमावस्या के दिन तिल, अन्न, वस्त्र का दान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। उन्होंने बताया कि सरयू स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रामजन्मभूमि, कनक भवन, हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मठ-मंदिरों में पहुंचे अपने आराध्य का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने बताया कि आज तीन लाख से अधिक भक्तों ने सरयू स्नान किया।

### तीन लाख भक्तों ने राम मंदिर में किए दर्शन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मौनी अमावस्या पर्व पर तीन लाख से अधिक भक्तों के रामलला और सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। भक्तों का हुजूम सुबह से ही मंदिर के दरवाजे पर लग गया। जिसको व्यवस्थित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी। चारों ओर बैरियर लगा कर श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए।



भक्ति पथ पर दर्शन-पूजन के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला। अमृत विचार

### श्रृंगी ऋषि पर उमड़े श्रद्धालु किया दर्शन-पूजन

गोसाईगंज अयोध्या। अमृत विचार : मौनी अमावस्या पर्व पर अयोध्या का प्रथम प्रवेश द्वार कहे जाने वाले पौराणिक स्थल श्रृंगीऋषि आश्रम पर भी श्रद्धालु उमड़े। उन्होंने पुण्य सलिला सरयू नदी में डुबकी लगाई। स्नान ध्यान के बाद आश्रम के मंदिरों पर दर्शन पूजन किया। नदी के तट पर हवन पूजन के साथ सत्यनारायण भगवान की कथा भी सुनी। रामजानकी मंदिर के महंत बाबा जगदीश दास ने बताया कि अयोध्या के चक्रवर्ती नरेश राजा दशरथ ने श्रृंगीऋषि के आचार्यत्व में पुत्रेश्ठी यज्ञ करवाया था। श्रृंगीऋषि आश्रम के पुजारी ऋषिप्रसाद गोस्वामी ने दर्शन पूजन कराया। एसएचओ परशुराम ओझा, एसआई कमलेश कुमार कुमार, महिला एसआई वीना पांडेय मौके पर रहे।

### राम लला का दर्शन करने के लिए पहुंचे श्रीलंका के सांसद

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला के दर्शन के लिए श्रीलंका के सांसद लक्ष्मण नमल राजपक्षे शुक्रवार को पत्नी समेत महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पर इंडिगो की फ्लाइट पहुंचे। यहां लक्ष्मण नमन राजपक्षे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 500 वर्ष बाद भगवान राम लला के भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई है। पहले भगवान राम टेंट में विराजमान थे। अब दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। मुझे लगता है विश्व का सबसे बेहतरीन मंदिर में से एक राम मंदिर है। भगवान राम से मिलने खुद लक्ष्मण आए हैं। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति व पूर्व प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे के पुत्र हैं लक्ष्मण नमल राजपक्षे। दर्शन पूजन के बाद वो वापस चले गए।

### जूनियर बालक हॉकी ट्रायल 14 को

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में गोरखपुर में 17 फरवरी से आयोजित प्रदेशीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के लिए यहां चयन ट्रायल 14 फरवरी को होगा। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होने वाला जिला स्तरीय ट्रायल 14 को सुबह 10 बजे तथा दोपहर दो बजे मंडलीय ट्रायल होगा। पात्रता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड के साथ खिलाड़ी ट्रायल में प्रतिभाग कर सकते हैं।



### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

अयोध्या। अमृत विचार: कैंट थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने किसी बात से नाराज होकर सल्फास का सेवन कर लिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि गुरुवार को लगभग मध्य रात्रि 11:50 बजे कैंट थाना क्षेत्र के मशीनिया गांव निवासी 18 वर्षीय निखिल कुमार पुत्र अनिल को गंभीर हाल में जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि निखिल को उसका भाई सतीश लेकर आया था। हालत गंभीर होने के चलते भर्ती कर उपचार शुरू किया गया, लेकिन 15 मिनट बाद ही 12:05 बजे उसने दम तोड़ दिया। शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया गया है।

# रामलला को समर्पित की चांदी की पालकी व सोने का प्रभावली

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राममंदिर में 48 दिवसीय मंडप उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर प्रतिदिन रामलला की रजत प्रतिमा का विधि विधान से अनुष्ठान पूजन कर परिसर भ्रमण कराया जा रहा है। उत्सव को लेकर दक्षिण भारत से राम भक्तों ने एक चांदी की पालकी और सोने का प्रभावली (मूर्ति के पीछे लगने वाला पार्श्व) समर्पित किया है।

राम मंदिर में मंडप पूजन का आयोजन हो रहा है। जिसमें मंदिर के गर्भगृह में चांदी की कलश स्थापना के बाद रामलला की रजत प्रतिमा के साथ भव्य उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें पहले प्रभु की आरती उतारी गई और फिर वेद मंत्रों से वैदिक आचार्यों ने महायज्ञ का अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद रामलला की रजत प्रतिमा को विशेष वाद यंत्रों के सुंदर वादन के बीच राम मंदिर के चारों दिशाओं में परिक्रमा कर परिसर भ्रमण कराया गया।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य उडुपी पीठाधीश्वर स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि हर दिन सुबह यज्ञशाला में कई यज्ञ होते हैं। मंदिर के सामने यज्ञशाला में कलसाभिमंत्रण और कलशाभिषेक होता है। उसके बाद अंदर भगवान जो न्यास करना पड़ता है। इस तरह से प्रतिदिन यह पूजन प्रारंभ होता है और फिर शाम को पालकी उत्सव और कलाकारों के द्वारा अनेक विद्या में प्रभु को मोहित करने के लिए कला प्रदर्शन किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रभु के लिए एक चांदी की एक बड़ी पालकी समर्पित की गई है। दक्षिण से आए रामभक्तों की ओर से शुक्रवार रामलला के उत्सव के लिए एक सोने का प्रभावली समर्पित की गई है। उन्होंने कहा कि कहा कि हर दिन करीब तीन लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन कर रहे हैं।



रामलला की रजत प्रतिमा को प्रतिदिन कराया जा रहा परिसर भ्रमण

पूजन-अर्चन करते वैदिक आचार्य।

## सार-संक्षेप

### चिंतालु स्वभाव से आत्मविश्वास व कार्य दक्षता पर दुष्प्रभाव

अयोध्या। अमृत विचार : चिंता या तनाव का होना तो एक हद तक समान्य होता है पर यदि किसी व्यक्ति के स्वभाव में चिंता या तनाव ज्यादा हावी रहता है तो आत्मविश्वास व कार्य क्षमता में भी गिरावट होती है। यह बातें पैका लिमिटेड के मानव संसाधन प्रशिक्षण सभागार में एंग्जायटी मैनेजमेंट एंड क्वालिटी ऑफ लाइफ विषयक कार्यशाला में शुक्रवार को डॉ.आलोक मनदर्शन ने कहीं। उन्होंने बताया कि अपने चिंतालु व्यक्तित्व के प्रति भावनात्मक जागरूकता को बनाये रखते हुए स्वस्थ मनोरंजक व रचनात्मक गतिविधियों और फल व सब्जियों का सेवन को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यशाला में प्रतिभागियों के संशय व सवालों का समाधान किया गया। अध्यक्षता जनरल मैनेजर प्रतीक हीरा और संयोजन मानव संसाधन प्रबंधक संकर्षण शुक्ला ने किया।

### गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्था देखीं



गौशाला का निरीक्षण करते अधिकारी।

बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार : ग्राम पंचायत पिरखौली की गोशाला का निरीक्षण शुक्रवार को एडीओ सुनील द्विवेदी ने किया। उन्होंने गोशाला में भूसा, हरा चारा, पानी, पशुओं को ठंड से बचाव सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण गहनता से किया। उन्होंने पिरखौली गोशाला का भी निरीक्षण किया। संचालक हिटलर तिवारी ने जानकारी दी। उन्होंने गौशाला के बीच में एक खाई निर्माण की मांग भी की। इस मौके पर प्रधान रियाज अली, दारा तिवारी, रंजीत सिंह, रामकेवल रावत, राजकुमार त्यागी विनय रावत, जामिन अली सोनू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात महिला का ऑपरेशन कर निभाया चिकित्सकीय धर्म



महिला से भेंट करते इनरव्हील क्लब के पदाधिकारी।

अयोध्या, अमृत विचार : अज्ञात महिला का इलाज व ऑपरेशन कर जिला अस्पताल के डॉक्टर ने चिकित्सकीय धर्म निभाया है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि 25 जनवरी को कुछ लोग चौक से एक अज्ञात महिला को जिला अस्पताल में लाकर भर्ती करा गए थे। महिला के जांघ की हड्डी टूटी हुई थी, जिसका सफल ऑपरेशन किया गया। सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि अस्पताल के चिकित्सक रोगियों की मदद को हर स्थित में तैयार रहते हैं। शुक्रवार को सीएमएस व अन्य चिकित्सकों की मौजूदगी में इनरव्हील क्लब ने महिला को फल व वॉकर भेंट किया।

मंथन | अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति की बैठक

# शेष बचे कुंडों व पार्कों का होगा सौंदर्यीकरण : मंडलायुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में अयोध्या को और अधिक सजाने और संवारने को लेकर विस्तार से मंथन हुआ। साथ ही डायट परिसर व जीआईसी परिसर में स्थित बॉयज हॉस्टल की मरम्मत करवाने को लेकर भी चर्चा हुई।

अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष व मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि अयोध्या में लगातार विकास योजनाओं पर कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुंडों व पार्कों का सौंदर्यीकरण कराया गया है। जिन कुंडों व पार्कों का सौंदर्यीकरण का कार्य शेष है, उसे समिति के माध्यम से विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं की ओर से कराया जाएगा। इसके अलावा अयोध्या में एक वृहद पार्क, वॉकिंग प्लाजा विकसित करने तथा डायट व जीआईसी परिसर में स्थित बॉयज हॉस्टल की मरम्मत करवाने को लेकर भी मंथन किया गया है। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष/जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज नगर आयुक्त विशाल सिंह, डीएफओ सितांशु पांडेय, सीटीओ ममता सिंह, उपनिदेशक पर्यटन राजेन्द्र प्रसाद यादव सहित कई मौजूद रहे।



अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति बैठक में शामिल मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व अन्य।



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते अपर जिलाधिकारी प्रशासन।

### शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देश

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाले शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्ता निस्तारण को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने जनपद स्तरीय/विकास खंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी प्रकार के शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में आईजीआरएस पटल सहायक कौशल श्रीवास्तव द्वारा एजेंडा प्रस्तुत किया गया तथा पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की विस्तृत एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। बैठक में पीडी डीआरडीए, एक्सईएन सिंचाई सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### चोर उठा ले गए निजी कंपनी का मोबाइल टावर

अयोध्या, अमृत विचार : कैंट थाने के मऊ शिवाला क्षेत्र से किसी ने एक निजी कंपनी का मोबाइल टावर और शेल्टर पार कर दिया। कंपनी के टेक्नीशियन मनीष कुमार तिवारी निवासी देवकाली कोतवाली नगर का कहना है कि कंपनी की ओर से सोहावल तहसील क्षेत्र के मऊ शिवाला इलाके में देवी प्रसाद की जमीन पर मोबाइल टावर लगवाया गया था। सुरक्षा के लिए शेल्टर बनवाया गया था। जो बीते दिनों निरीक्षण में गायब मिला। कैंट थाने के प्रभारी उपनिरीक्षक सूर्यप्रकाश शुक्ला ने बताया कि निजी कंपनी के टेक्नीशियन की शिकायत मिलने पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

# ज्ञानवापी व हल्द्वानी मामलों को लेकर जुमे पर रहा अलर्ट

## शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कड़ी रही सुरक्षा, खुफिया एजेंसियां सतर्क

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ज्ञानवापी और उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई हिंसक घटना को लेकर जुमे के दिन शुक्रवार को जिले भर में अलर्ट रहा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में गुरुवार रात से ही पुलिस की गश्त शुरू हो गई। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भी जानकारी जुटाने के लिए खुफिया एजेंसियां जुट गईं हैं।

जुमे को लेकर अलग-अलग हिस्से में अफसरों ने गुरुवार रात को ही फोर्स तैनाती के साथ ही अपनी रूपरेखा तैयार कर ली थी । स्थानीय अभिसूचना इकाई को भी गुरुवार की आधी रात से ही सक्रिय कर दिया गया है। पिछले दिनों वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा की अनुमति दी थी। इसको लेकर मुस्लिम समाज में कुछ लोगों में अंदरखाने नाराजगी की भी बात कही जा रही थी। उत्तराखंड के हल्द्वानी में गुरुवार को स्थानीय स्तर पर विवाद ने हिंसा का रूप ले लिया है। इसको लेकर नगर की टाटशाह जामा मस्जिद, सब्जी मंडी मस्जिद, जिन्नती मस्जिद, इमामबाड़ा जवाहर अली खां स्थित शिया जामा मस्जिद समेत सभी जगह सुरक्षा बल तैनात रहा।



कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

### कस्बों में भी कड़ी सुरक्षा में निपटा शुक्रवार

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली इलाके मे जुमे की नमाज पुलिस प्रशासन की निगेहबानी में सकुशल गई। नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कोतवाली इलाके के कस्बे सहित पकरेला, रुहियांवा,अमसिन, देवरा,उनियार आदि गांवों की मस्जिदों में पुलिस फोर्स तैनात रही। एसएचओ परशुराम ओझा ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज सकुशल सम्पन्न हुई।



गोसाईगंज में जुमे की नमाज अदा कर निकलते लोग। अमृत विचार

### धूमधाम से मना तीन दिवसीय सालाना उर्स

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या कोतवाली के पीछे स्थित हज़रत नूह अलैहस्सलाम नौगजी मज़ार पर तीन दिवसीय उर्स –ए– मुक़दस मनाया गया। शुरुआत कुल शरीफ और कुरआन खानी प्रोग्राम से हुई। दूसरे दिन कव्वाली और अंतिम दिन को तक़रीर, नात–ए–मुशायरा हुआ। हाजी सईद, मो.कलीम सिद्दीकी, वसीम सिद्दीकी, मोहम्मद इम्तियाज ,नफीस अहमद खान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नेशनल मास्टर गेम के शूटिंग प्रभारी बने शनि



अयोध्या, अमृत विचार : गोवा में आयोजित नेशनल मास्टर गेम के लिए जिले के वरिष्ठ शूटिंग कोच शनि कुमार वर्मा को शूटिंग प्रतियोगिता का प्रभारी बनाया गया है। उनके चयन पर शूटिंग खिलाड़ियों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। शनि ने बताया कि गोवा में 15 फरवरी तक आयोजित नेशनल मास्टर गेम की शूटिंग स्पर्धा में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी प्रतिभाग करते हैं। इससे जिले के खिलाड़ियों के लिए बहुत कुछ सीखने का भी अवसर मिलेगा। शूटिंग खिलाड़ियों में कोच शनि के चयन पर खास उत्साह है।

### स्वास्थ्य शिविर में 616 मरीजों ने कराया जांच व उपचार

अयोध्या। अमृत विचार : विकासखंड तारुन क्षेत्र के शिवरामपुर गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 616 मरीजों जांच करवाकर दवा लिया ।शिविर में डॉ.अभिषेक वर्मा, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. मिथिलेश कुमार वर्मा, डॉ. अशफाक अहमद, डॉ. रामनयन, डॉक्टर लक्ष्मी अग्निहोत्री, फार्मासिस्ट राकेश सिंह, मोहम्मद खालिद, सहित कई मौजूद रहे।

### छात्रा हुई लापता

अयोध्या, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र से शुक्रवार की सुबह एक कक्षा 9 की छात्रा संदिग्ध हाल में लापता हो गई। खोजबीन के बावजूद कोई सुराग न मिलने पर उसके पिता ने शिकायत पुलिस को दी है। कोतवाली क्षेत्र के नाका स्थित एवन जनरल स्टोर के बगल रहने वाले सुनील श्रीवास्तव का कहना है कि उनकी पुत्री निधि श्रीवास्तव श्रेया लालबाग स्थित ग्रामर स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ती है। सुबह 6 बजे वह घर से टहलने निकली थी, लेकिन फिर लौटकर वापस नहीं आई। सूचना पुलिस को दी गई है।

# दिगंबर जैन मंदिर रौनाही : एक समिति को कब्जा

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** जैन धर्म का प्रसिद्ध दिगंबर जैन मंदिर रौनाही स्वामित्व के विवाद में फंसा दिखाई पड़ रहा है। आधिपत्य को लेकर दो समितियां आमने-सामने खड़ी हुई तो मामला न्यायालय तक जा पहुंचा। पुरानी रजिस्टर्ड समिति वालों ने शुक्रवार को प्रशासन को साथ लेकर मंदिर पर नियंत्रण कर लिया है।

अयोध्या दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष स्वामी रवींद्र कीर्ति के साथ कई सदस्य व पदाधिकारी उपजिला अधिकारी, क्षेत्राधिकारी के साथ मंदिर पहुंचे। सदस्य रितेश जैन ने कहा हमारी कमेटी ही सबसे पुरानी और 1956 की रजिस्टर्ड है।अब तक चल रही समिति के लोग अनुचित ढंग से आधिपत्य जमाए बैठे थे। वर्तमान कमेटी के संरक्षक सुधीर कुमार जैन ने कहा हमारी कमेटी 1985 की रजिस्टर्ड है। मामला परीक्षण के लिए रजिस्ट्रार के पास वापस कर दिया है। उपजिला अधिकारी अशोक कुमार सैनी ने बताया दोनों समिति के पक्षकारों की लड़ाई में वर्तमान पवन कुमार की अध्यक्षता वाली कमेटी का पंजीकरण रजिस्ट्रार ने निरस्त कर दिया है। रवींद्र कीर्ति वाली कमेटी को आधिपत्य के लिए सही पाया है। इसी न्यायिक आदेश के तहद कार्यवाही की गई है। बताया वर्तमान कमेटी के सेवादारों ने पुरानी कमेटी को चाबी सौंप दी है।



एक कमेटी को कब्जा दिलाने के लिए पहुंचे एसडीएम और सीओ।

### चोरी रेलिंग बरामद, पिकअप समेत दो गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : कैंट थाना पुलिस ने लखनऊ हाईवे के डिवाइडर स्थित लोहे की रेलिंग को काटकर चोरी करने के मामले में पिकअप समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी नगर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रभारी गोंडा जनपद के वजीरगंज थाना क्षेत्र स्थित काशीपुर निवासी संजय सिंह ने पिकअप वाहन यूपी 42 एटी 3753 सवार अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना में जुटी कैंट थाने के प्रभारी उपनिरीक्षक सूर्यप्रकाश शुक्ला की पुलिस टीम ने हाईवे पर बढई का पुरवा कट के पास से राजकुमार मिश्र निवासी उंचवापार थाना हैदरगंज और सोनू यादव निवासी तेरहू का पुरवा थाना पूरालन्दर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हाइवे से चुराई गई रेलिंग के 12 टुकड़े और वारदात में प्रयुक्त पिकप वाहन बरामद हुआ है। जामा तलाशी में दोनों के पास से 700 रुपये बरामद हुए हैं।

# औषधीय खेती से दोगुनी हो सकती है आय

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** अधिक से अधिक किसानों को औषधीय पौधों की खेती करनी चाहिए। इससे किसने की आय में भी अधिक वृद्धि हो सकती है। ये बातें आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहीं। वे शुक्रवार को विवि में औषधीय, सगंध पौध एवं पान शोध परियोजना विषय पर आयोजित चल रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर वैज्ञानिकों ने कुलपति के साथ सब्जी विज्ञान प्रक्षेत्र का भ्रमण कर बारीकियों को परखा। कार्यशाला का समापन की मौजूदगी में हुआ। तीन दिनों तक चलने वाले राष्ट्रीय कार्यशाला में राज्यभर से 26 कृषि विश्वविद्यालयों एवं केंद्रीय कृषि संस्थानों के लगभग 100 वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। आयोजन उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.संजय पाठक व संयोजन डॉ. राम सुमन मिश्रा ने किया।




कार्यशाला के समापन पर कुलपति को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

▸▸ तीन दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक कार्यशाला का हुआ समापन

# बच्चों को संस्कारवान बनाने में विद्यालय की अहम भूमिका

गोसाईगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** ग्रामर्षि एकेडमी इंटरनेशनल इंटर कालेज गद्दोपुर का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर समाज कल्याण विभाग सिद्दार्थ मिश्र व विशिष्ट अतिथि आरटीओ अयोध्या ऋतु सिंह ने मां सरस्वती व ग्रामर्षि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समारोह की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि सिद्दार्थ मिश्र ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। उन्हें तराश कर देश के लिए एक योग्य और संस्कारवान नागरिक बनाना विद्यालय और परिवार की जिम्मेदारी है, तभी यह देश सशक्त और समृधि बनेगा। विशिष्ट अतिथि आरटीओ अयोध्या ऋतु सिंह ने कहा कि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अध्यक्षता एमएलसी हरिओम पांडेय व संचालन डॉ. राजेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. अंजू पांडेय, डॉ. अनुपम पांडेय, प्रधानाचार्य रणविजय शर्मा, डॉ. राकेश चंद्र तिवारी, डीएन दुबे, अनीता पाटिल व केके पांडेय सहित कई मौजूद रहे।




वार्षिकोत्सव पर बच्चों को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

# एसएसपी से की शिकायत भाई की हत्या की गई

संवाददाता, अयोध्या

▸▸ मामला आरजेबी परिसर में कार्यरत मजदूर की संदिग्ध मौत का

**अमृत विचार:** राम जन्मभूमि परिसर में कार्यरत बिहार निवासी मजदूर की संदिग्ध मौत मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के भाई ने एसएसपी को शिकायत देकर हत्या की आशंका जताई है और रिपोर्ट दर्ज करवा विवेचना कराने की मांग की है।

बिहार के मधेपुरा जनपद स्थित थाना श्रीनगर के प्रभानंदपुर रहता चकला निवासी मुकेश कुमार राय पुत्र बहादुर राय का कहना है कि उनका भाई सुकेश कुमार राय एलएनटी कंपनी में कार्यरत था और कंपनी की ओर से उपलब्ध कराए गए आवास में सहयोगी दीनदयाल के साथ रहता था। 22 दिसंबर को दीनदयाल ने फोन कर बताया कि 2 दिन से वह कमरे पर नहीं आ रहा है। यहां आकर खोजबीन की तो भाई का शव जिला अस्पताल में लावारिस हाल में मिला, जिसे 18 दिसंबर को लावारिस साल में भर्ती कराया गया था। उसका आरोप है कि सहयोगी कर्मी दीनदयाल और कार्यकारी संस्था के कर्मचारियों ने उसके भाई सुकेश कुमार की सुनियोजित हत्या कर शव को फेंक दिया। मृतक के शरीर पर मौजूद चोट के निशान इस बात के गवाह हैं। इस बाबत उसने राम जन्म भूमि थाने में तहरीर दी थी लेकिन कोई कार्रवाई न हुई। जिसके चलते एसएसपी को कार्रवाई के लिए शिकायत दी है।

## सार-संक्षेप



प्रेस क्लब में मिठाई वितरण कर खुशी जताते रालोद पदाधिकारी।

### किसानों के मसीहा को भारत रत्न पर रालोद ने बांटी मिठाई

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा राष्ट्रीय लोकदल के जनक चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर किसानों में शुक्रवार को खुशी की लहर छा गई। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव विश्वेषनाथ मिश्र सुडडू मिश्रा ने कहा कि किसानों के मसीहा को भारत रत्न मिलना पूरे देश का गौरव है। उन्होंने आवास पर रालोद कार्यकर्ताओं और किसानों को मिठाई बांटी। प्रेस क्लब में भी कार्यकर्ताओं ने किसानों के मसीहा के चित्र पर माल्यार्पण किया। राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान परिवार में जन्मे चौधरी चरण सिंह ने देश के प्रधानमंत्री सहित तमाम पद को सुशोभित किया। इस अवसर पर जिला महासचिव राम शंकर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अवधेश रावत, महानगर अध्यक्ष अरविंदर सिंह , नेतराम वर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, युवा अध्यक्ष अनिल वर्मा, अमित पांडेय, शांति देवी आदि मौजूद रहे।

### पैदल यात्रा करना आस्था का अद्भुद उदाहरण : महंत गणेश

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : बिहार के कटिहार से पैदल यात्रा कर शुक्रवार को रामनगरी पहुंचे राजेश गुरुनानी का सिंधी समाज ने महंत गणेश राय दास की अगुवाई में स्वागत किया गया। वहां से लाए गए त्रिवेणी गंगा के जल को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिराम दास छावनी के महंत के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास को समर्पित किया गया। महंत गणेश राय दास ने कहा कि 900 किलोमीटर की पैदल यात्रा करना आस्था का अद्भुद उदाहरण है। ओम् शिवालय मंदिर में यात्रा कर आए सभी 11 सदस्यों को रामशिला भेंट कर स्वागत किया गया है। इस अवसर पर सिंधी समाज के मुखिया राजकुमार मोटवानी, पूर्व राज्य मंत्री अमृत राजपाल, समाजसेवी ओमप्रकाश मोटवानी, विक्रम आहूजा, शिव आहूजा, मुस्कान सावलानी व जेपी छेत्रपाल सहित कई मौजूद रहे।



पैदल यात्रा कर रामनगरी पहुंचे राजेश गुरुनानी का स्वागत करते सिंधी समाज के लोग।

### अयोध्या सांसद के अनुज की पत्नी का निधन



हेमलता सिंह (फाइल फोटो)

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या सांसद लल्लू सिंह के अनुज की धर्मपत्नी का शुक्रवार सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर जमथरा घाट पर शोकाकुल माहौल में किया गया। सांसद के अनुज स्व. अजीत प्रताप सिंह की धर्मपत्नी हेमलता सिंह शुक्रवार को रोज की तरह हनुमानगढ़ी सहादतगंज में पूजा के लिए गर्इं थी। इसी दौरान उनको दिल का दौरा पड़ा। जब तक परिवारीजन इलाज के लिए ले जाते उनका निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही सांसद के सहादतगंज स्थित आवास पर लोगों की भीड़ जुट गई। विहिप के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज, रामजन्मभूमि ट्रस्ट के डॉ. अनिल मिश्रा, , महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, राज्यमंत्री सतीश शर्मा, पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, ब्लॉक प्रमुख अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, चेयरमैन शीतला प्रसाद शुक्ला, चेयरमैन राकेश पांडेय राना, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, बार के पूर्व अध्यक्ष बब्बन चौबे, व्यापार अधिकार मंच संयोजक सुशील जायसवाल, प्रभारी विश्व प्रकाश रूपन सहित अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### यात्री प्लाजा संचालक ने खड़ा किया हाथ

अयोध्या, अमृत विचार : गोरखपुर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भिटरिया क्षेत्र में यात्री प्लाजा चलाने वाले संचालक ने हाथ खड़ा कर दिया है। इसके बाद रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक ने यात्री प्लाजा का विभाग से अनुबंध खत्म कर दिया है। जनपद बाराबंकी के भिटरिया क्षेत्र स्थित न्यू मिडवे यात्री प्लाजा की ओर से आवेदन के बाद परिवहन वर्ष 2021 में 11 नवंबर को 3 साल के लिए अनुबंध किया गया था। साथ ही निर्धारित सुरक्षा राशि जमा कराई गई थी। प्लाजा के संचालक विनय चन्द्र पाण्डेय निवासी ग्राम–काशीपुर कोतवाली राम स्नेही घाट जनपद–बाराबंकी ने गत वर्ष 8 नवंबर को विभाग को प्रार्थना पत्र दिया गया था कि अब वह यात्री प्लाजा चलाने में सक्षम नही है। ऐसे में अनुबन्ध समाप्त कर सुरक्षा राशि वापस कर दी जाय। शुक्रवार को क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि संचालक के प्रार्थना पत्र पर विभाग ने अनुबंध निरस्त कर दिया है। यह अनुबंध 10 नवंबर 20 24 तक के लिए किया गया था। रोडवेज बस के चालक को और परिचालकों को अब इस यात्री प्लाजा पर बस ना रोकने तथा सुरक्षा राशि वापस करने की कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# मेहजबीं बानों राम तो आकृति बनी सीतामाता

अयोध्या कार्यालय

▸▸ अवध विश्विद्यालय द्वारा मनाया गया अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव

**अमृत विचार :** रामोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अवध विश्वविद्यालय में भारत अंतरिक्ष सप्ताह में श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव मनाया गया।

कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में फैशन डिजाइनिंग एवं गवर्नमेंट टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं द्वारा गुप्तार घाट पर पोशाक प्रतियोगिता हुई। जिसमें श्रीराम की भूमिका में मेहजबी बानों , सीता के रूप में आकृति श्रीवास्तव, लक्ष्मण के स्वरूप में गरिमा तिवारी, हनुमान की भूमिका शिवानी, रावण के रूप में सादिया रिजवी और सहयोगी में समृद्धि रस्तोगी, संस्कृति मिश्रा रहीं। प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र मिश्र ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होने के उपलक्ष्य में समस्त शिक्षण संस्थानों में शासन के निर्देश पर 9 से 10 फरवरी तक भारत अंतरिक्ष सप्ताह के अन्तर्गत श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया विनीता पटेल, शालिनी पांडे, रत्नेश यादव ने संयोजन किया।



गुप्तारघाट पर शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में रूप धरे विवि की छात्राएं।



रामकथा पार्क में आयोजित भजन संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

# शबीना की रामस्तुति गायन से सजी भजन संध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामोत्सव के अवसर पर शुक्रवार देर शाम आयोजित रामकथा पार्क भजनों से गुलजार रहा। प्रथम प्रस्तुति लखनऊ से पधारी शबीना सैफी द्वारा राम स्तुति गायन से प्रारंभ हुई।

शबीना ने प्रभु श्रीराम के नाम का,और अपनी प्रस्तुति जग में सुंदर हैं दो नाम... व पायो जी मैंने राम रतन धन पायो... जैसे रामभजनों से अयोध्या की विरासत को पुष्ट किया। लखनऊ के सोने लाल शंशाक सागर ने भजमन राम चरण सुखदाई, जग में सुन्दर हैं दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम... जैसे भजनों पर वाद्ययंत्रों के साथ शानदार जुगलबंदी दिखाई। तीसरी प्रस्तुति चर्चित गायिका सुमिता श्रीवास्तव की रही। यश भारती पुरस्कार से सम्मानित सुमिता ने रघुकुल रीत सदा चली आई रघुनंदन रघुराई,राम नाम की गूंज है बजने लगी बधाई... से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके रघुनंदन रघुराई गीत लोकार्पित किया गया। कलाकारों का सम्मान संस्कृति विभाग के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक, विश्व प्रकाश "रूपन" द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया ।वैभव मिश्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपूर्ण हुआ।

**अवध में राम** | आजादी का अमृत महोत्सव के तहत संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से हुआ आयोजन

# सामूहिक रूप से 101 महिलाओं ने की आरती व भजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** संस्कृति विभाग की ओर से जारी अवध में राम कार्यक्रम के तहत रामकथा पार्क में 101 महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से भजन एवं आरती लोगों को मंत्रमुग्ध कर गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेविका एवं मेयर की पत्नी राज लक्ष्मी मुख्य रहीं।

वाइब्रेट फोक आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजन हुआ। अंतरराष्ट्रीय गायिका तथा संस्था की निदेशिका वंदना मिश्रा ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय के अधिकारी कमलेश पाठक और सेवा भारती की शारदा ने विशेष उपस्थित दर्ज करवाई। कार्यक्रम में संत कबीर नगर, लखनऊ, अयोध्या, बस्ती, बाराबंकी, रामपुर, महराजगंज समेत प्रदेश के कई जिलों से महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में भगवान श्री राम के चरित्र पर आधारित पारंपरिक गीतों की सामुहिक प्रस्तुति 101 महिलाओं द्वारा की गई। जिसमें सोहर घर घर बजट बधाईयाँ . जन्मे अवध रघुराई, झुकी जाओ तनिक रघुबीर सिया मोरी छोटी हैं गीतों की प्रस्तुति सम्मुख रूप से प्रदेश भर की 101 महिलाओं दी गई। संचालन अनीता द्विवेदी, प्रतिमा शुक्ला, माला तिवारी, आभा सिंह और सरोज श्रीवास्तव ने किया।



भजन प्रस्तुत करतीं कलाकार।




सामूहिक रूप से भजन करतीं विभिन्न जिलों से आईं महिलाएं। अमृत विचार

### वक्फ मस्जिद खजूर के पुराने किरायेदारों ने चेयरमैन को दिया ज्ञापन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : वक्फ मस्जिद खजूर गुदड़ी बाजार रामपथ के पुराने किराएदारों ने वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा है। शुक्रवार को यहां किरायेदारों की ओर से जारी सूचना के अनुसार चेयरमैन अली ज़ैदी से शिकायत दर्ज कराई गई। दुकानदारों का आरोप है कि मुतवल्ली व अध्यक्ष ने पुराने दुकानदारों को गुमराह करके नई दुकानदारों से मोटी रकम लेकर उनके नाम दुकानों की किरायदारी कर दी। आरोप है कि बोर्ड के नियमों के विपरीत एक दुकान कमेटी के अध्यक्ष व एक दुकान मुतवल्ली के भाई ने ले ली। आरोप पुराने दुकानदार अपनी दुकान का बचा हुआ 3 फिट की जगह भी नहीं पाए। पीड़ित दुकानदारों के अनुसार बोर्ड के अध्यक्ष ने सभी को आश्वस्त किया की सख्त कार्रवाई की जाएगी एवं नियमानुसार दुकान दी जाएगी। कमलेश शंकर, मोहम्मद कामिल, अर्शी, अहमद मुस्तफा, अजहर भाई मौजूद रहे।

## एक नजर

### शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई जुमे की नमाज

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमा की नमाज शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर जुमा की नमाज के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गई। संवेदनशीलता को देखते हुए समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहे और जुमा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया।

### अभियुक्त गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। थाना हंसवर क्षेत्र में पुलिस ने आबकारी अधिनियम में वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक दयाशंकर मिश्रा ने वारंटी अभियुक्त मोहम्मद फिरोज पुत्र इसराइल निवासी हंसवर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया है।

### भवानी भीख कन्या इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव कल

**मिझौड़ा, अंबेडकरनगर।** भीटी शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत भवानी भीख कन्या इंटर कॉलेज बसोहरी का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि राज्यपाल द्वारा राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक दिलीप सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि कंपोजिट विद्यालय बसोहरी के प्रधानाध्यापक अखिलेश त्रिपाठी रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय प्रबंधक राजकुमार तिवारी ने दिया है।

### भारत रत्न पर रालोद खुशी

**कटेहरी, अंबेडकरनगर।** किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न दिए जाने का रालोद के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण ने देश के किसानों, मजदूरों के महान जननेता थे। देश के ग्रामीण विकास में उनके योगदान को हमेशा याद किया जा सकता है।

### पीएम ने पिछड़ा वर्ग के लोगों को दिया सम्मान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को सामान्य जाति का बताकर उनका और पिछड़ी जाति का घोर अपमान किया गया है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनायक वर्मा ने कहा कि मोदी गरीब और पिछड़ा वर्ग समाज से आते हैं। जिससे सामंतवादी सोच के राहुल गांधी उनका बार-बार अपमान किया करते हैं। अब राहुल गांधी अपनी हताशा और निराशा को छिपाने के लिए उनका और पिछड़े समाज का अपमान कर रहे हैं जो संसदीय और लोकतंत्र पद्धति का अपमान है। पीएम ने पिछड़ा वर्ग के लोगों को सम्मान से जीने का हक दिया है।

# निर्माणाधीन परियोजनाएं ससमय की जाएं पूर्ण : बीडीओ

## बीडीओ ने ग्राम पंचायत रामपुर कलां, पकड़ी भोजपुर और पैकोलिया में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**टांडा, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** नवागत खंड विकास अधिकारी टांडा राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं के विकास कार्यों को हकीकत जानने के लिए विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर कलां, पकड़ी भोजपुर और पैकोलिया का निरीक्षण किया।


पकड़ी भोजपुर में मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण करते टांडा बीडीओ राघवेंद्र प्रताप सिंह।


पीडीएस स्टोर का निरीक्षण करते टांडा बीडीओ राघवेंद्र प्रताप सिंह।

बीडीओ ने ग्राम पंचायत रामपुर कला में निर्मित अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद ग्राम पंचायत अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं ग्राम पंचायत पकड़ी भोजपुर में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे कार्य का बीडीओ ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर मौजूद महिला मेट और श्रमिकों से बातचीत कर कार्य के बारे में जानकारी हासिल किया। बीडीओ ने ग्राम पंचायत पैकोलिया में निर्माणाधीन आरआरसी व अन्नपूर्णाभवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्धारित समय अवधि में कार्य को पूर्ण करने के लिए संबंधित को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम सचिव, पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान सहित ग्रामीण मौजूद रहे।


मौनी अमावस्या पर सरयू नदी में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** चाहीपुर घाट पर मौनी अमावस्या पर लगे मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाई। मेले में श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन की ओर से कोई भी व्यवस्था नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मेले में न ही कहीं पर रुकने की व्यवस्था थी और न ही शौचालय आदि की व्यवस्था प्रशासन ने किया था। जिसके चलते मेले में आए हुए श्रद्धालुओं को समस्याओं से दो-चार होना पड़ा। श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान व दान कर पुण्य कमाया। मेले में मिट्टी के बर्तन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे।

# बोर्ड परीक्षा में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएम

## जनपद के 116 केंद्रों पर होगी परीक्षा, 10 में 39,177 और 12 में 37,173 छात्र देंगे परीक्षा

▸▸ **यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**


राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित बैठक को संबोधित करते डीएम अविनाश सिंह।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 के सुचारु संचालन की व्यवस्था में परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों, जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में परीक्षा की तैयारी के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर बैठक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि हाईस्कूल में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 39,177 और इंटरमीडिएट में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 37,173 है। जनपद में कुल 116 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा को सकारात्मक माहौल में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पीने के लिए स्वच्छ पानी व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर की लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई तय की जाएगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने दिए गए दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक और सत्यनिष्ठा के साथ करें। परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर की दूरी तक धारा 144 लागू रहेगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी और संबंधित विभाग अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### परीक्षा केंद्रों पर यह भी होगी व्यवस्था

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों के कक्षों में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था, साफ-सफाई की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने निर्देशित किया कि बहन, बेटियों पर बुरी नजर रखने वाले के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए।

# सम्मनपुर में मधुमक्खियों के हमले से फेरी वाले की मौत

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** मधुमक्खियों के हमले से फेरी का काम करने वाले अधेड़ की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि सैदापुर के हौशिला प्रसाद (55) फेरी लगाकर सौंदर्य प्रसाधन का सामान बेचने का काम करते थे। बीते गुरुवार को वह घर से फेरी लगाने के लिए निकले थे। आसपास के गांव में घूमते-घूमते वह क्षेत्र के अमरतल गांव पहुंचे। जहां गांव में पहुंचते ही मधुमक्खियों के झुंड ने हौशिला प्रसाद पर हमला कर दिया। जिससे फेरी लगाने वाले हौशिला प्रसाद गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। मधुमक्खियों के हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद अन्य लोग इधर-उधर छिपने में जुट गए। मधुमक्खियों का झुंड शांत होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की सूचना घायल के स्वजनों को दी। आनद-फानन में मौके पर पहुंचे मृतक के स्वजनों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने हौशिला प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। लेखपाल अमित वर्मा ने मृतक के घर पहुंच कर सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।


मृतक के घर पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

## डीएम ने मतगणना स्थल का लिया जायजा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में चुनाव के दौरान और अन्य सामग्रियों को जमा करने व स्ट्रांग रूम सहित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अपर जिला अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सौरभ सिंह, उप जिलाधिकारी सदर पवन जायसवाल सहित निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां की सभी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त कर लिया जाए। जिससे लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि साथ ही साथ निर्वाचन के दौरान लगे हुए कर्मचारियों का भी पूरा ध्यान रखा जाए, जिससे कर्मचारी पूरे मनोयोग से दिए हुए दायित्व का निर्वहन करें।


चुनाव को लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज की व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम और साथ में एसपी।

## कंप्यूटर ऑपरेटर पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अधिशासी अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। बता दें कि जलालपुर बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता अंबरीश कुमार शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते गुरुवार को दोपहर 1 बजे मेसर्स कुनाल ट्रेडर्स द्वारा उपलब्ध कराए गए कंप्यूटर ऑपरेटर श्याम उजागिर निवासी लखनडीह जिला अंबेडकरनगर कार्यालय में पहुंचकर अपने स्थानांतरण किए जाने का विरोध करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। घटना के समय नशे मे धुत था और हाथ में गड़ासा लिए हुए था। तत समय कार्यालय के कर्मचारी सचिव कुमार, मोहित कुमार, शशिकांत तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे। जलालपुर कोतवाली पुलिस ने अधिशासी अभियंता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। अधिशासी अभियंता अंबरीश कुमार शुक्ला ने बताया कि यहां पर कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्त था जो लोगों को गलत बिल देकर धन उगाही करता था, जिसके लिए उसे कई बार चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद भी यह अपनी आदतों में सुधार नहीं ला रहा था। जिसके कारण इसे जेई के साथ अटैच कर दिया गया था। जिससे यह खुन्नस खाकर मोबाइल पर धमकी देता और ऑफिस पहुंच कर इस तरीके का कृत्य किया है।

## 315 वाहनों को चेक कर 20 का काटा चालान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** सघन चेकिंग अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंकों तथा प्रमुख चैराहों पर विशेष चेकिंग की गई। बैंक के आसपास बिना किसी कारण घूमने वालों को कार्यवाही की चेतावनी देकर उन्हें छोड़ दिया गया। वहीं किसी भी प्रकार की लूट, छिनैती या टप्पेबाजी जैसी घटना को रोकने के लिए प्रमुख मार्गों, चैराहों तथा सूनसान स्थानों पर समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों तथा काली फिल्म वाली गाड़ियों व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। साथ ही दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट घूमने वाले लोगों की सघन चेकिंग कर यातायात नियमों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 315 वाहनों को चेक कर 20 वाहनों का चालान काटा गया।

## भाजपा नेता पर हमले के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मालीपुर पुलिस ने भाजपा नेता पर प्राण घातक हमला करने वाले गैंगस्टर के अभियुक्त समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भाजपा नेता द्वारा घटना के दिन दी तहरीर दी गयी थी। बता दें कि मालीपुर थाना के सैरपुर उमरन निवासी भाजपा नेता अरविंद पांडेय बीते गुरुवार को अपने खेत में मजदूर सुनील कुमार, खेलावन और ताड़ी को लेकर दवा का छिड़काव करवा रहे थे। तभी गांव के ही गैंगस्टर अपराधी माधव, पथरू और भानू व उनकी पत्नियों ने फरसा, कट्टा और लाठी-डंडों से लैस होकर भाजपा नेता पर प्राण घातक हमला बोल दिया था। जिससे भाजपा नेता अरविंद पांडेय के सर में गंभीर चोट आ गई थी। लोगों के हल्ला-गुहार पर परिजन समेत अन्य लोग इकत्रा हो गए और घायल अरविंद पांडेय को इलाज के लिए पहले नगपुर ले जाया गया। इसके बाद उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। भाजपा नेता अरविंद पांडेय का आरोप है कि गांव के माधव, पथरू और भानु ईसाई मिशनरियों के साथ कार्य करते हैं। जिसका इन्होंने विरोध किया था। उसी को लेकर इन लोगों ने प्राण घातक हमला किया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा नेता के ऊपर हुए प्राण घातक हमले में नामजद सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमले के विरोध में सपाईयों ने सौंपा ज्ञापन


अपर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते सपा नेता रजनीश मौर्य व साथ में अन्य।

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी और उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा की मांग को लेकर सपा नेता रजनीश मौर्य की अगुवाई में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर उपजिलाधिकारी मोहन लाल गुप्ता को सौंपा है। बता दें बीते 4 फरवरी को बौद्ध महोत्सव कार्यक्रम कौशांबी में जाते समय कुछ अराजक तत्वों ने विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य पर ईट और पत्थर से जानलेवा हमला किया था। जिसके विरोध में सपा नेता के अगुवाई में अपर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने के दौरान धर्मेंद्र मौर्य, विशाल मौर्य, एडवोकेट मनीष शर्मा, अमित मौर्य सहित अन्य मौजूद रहे।

# किसान मोर्चा यात्रा किसानों को करेगी जागरूक

▸▸ **भाजपा अपने पक्ष में किसानों को लामबंद करने के लिए भाजपा किसान मोर्चा को सौंपी जिम्मेदारी**

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**



प्रेस वार्ता में मौजूद भाजपा जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया व साथ में अन्य।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपने पक्ष में किसानों को लामबंद करने के लिए भाजपा किसान मोर्चा को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए किसान मोर्चा गांव परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ 12 फरवरी से करने जा रही है। इसी कड़ी में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकिशोर की अध्यक्षता में अटल भवन में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया की मौजूदगी में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया ने बताया कि सबका साथ सबका विकास के मजबूत इरादे से सत्ता में आई केंद्र और प्रदेश सरकार के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की जनता के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं और हर बार अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किया है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकिशोर राजभर ने कहा कि भाजपा के लिए सभी वंचित और पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचना सिर्फ एक चुनावी वादा नहीं एक संकल्प है।

अनेकों योजनाएं इस बात की साक्षी है कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धांत को समर्पित हैं। देश में चार प्रमुख वर्ग हैं गरीब, किसान, युवा और महिलाएं और इन वर्गों का विकास ही समग्र राष्ट्र के विकास का आधार है। उन्होंने बताया कि 10 वर्षों में केंद्र की सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जल जीवन मिशन, ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसानों को मोदी सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषि बजट आदि योजनाओं से लाभान्वित किया।

### यह भी रहे मौजूद

प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, जिला महामंत्री दिलीप देव पटेल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी विकाश निषाद, जिला महामंत्री डॉ. महेंद्र प्रताप चैहान, जिला मंत्री विनय पांडेय आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** | सीबी सिंह लॉ कॉलेज में स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने 690 छात्रों को बांटे स्मार्टफोन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**


स्मार्ट फोन के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं व भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, दिनेश पांडेय और विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. धीरेंद्र प्रताप।

**अमृत विचार।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के सोनगांव स्थित सीबी सिंह लॉ कॉलेज में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के 690 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन दिया गया। स्माटफोन पाकर छात्रों के चेहरों पर खुशी छा गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि त्रयंबक तिवारी व संघ के जिला सह संघ चालक डॉ. उदय प्रताप सिंह, कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने मां सरवस्ती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर किया।

प्रदेश सरकार द्वारा युवा स्वामी विवेकानंद स्मार्ट फोन वितरण योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत जनपद के स्कूलों और महाविद्यालय में स्मार्टफोन का वितरण किया जा रहा है। शुक्रवार को सीबी सिंह लॉ कॉलेज में 690 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी और भाजपा नेता दिनेश पांडेय ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन के सही उपयोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज का समय डिजीटल हो चुका है ऐसे में स्मार्टफोन का होना बहुत जरूरी हो गया है। इसका इस्तेमाल हम सही दिशा में करें। स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

## एसपी और एएसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना और त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान एसपी और एएसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन व वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। उन्होंने साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचनाः ओटी-16-2023**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-II/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए ''खुली'' निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्याः ओटी-16-2023, कार्य का विवरणः** दोहरीकरण/तीसरी लाईन/आमान परिवर्तन/ यार्ड रीमाडलिंग/प्री-एनआई/एनआई/वीआईपी/मिनिस्टर प्रोग्राम एवं अन्य आकस्मिक अवसरों पर अथवा निर्माण इकाई के अन्य यूनिटों द्वारा माँग पर अस्थाई रूप से उचित एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था। उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, गोरखपुर के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत जहाँ कहीं भी आवश्यक हो (एक वर्ष की अवधि हेतु)।, **अनुमानित लागतः** ₹ 96,90,143.70, **बयाना राशिः** ₹ 1,93,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह। **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः** 29.02.2024 को 15.00 बजे। **नोटः** • इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-II/निर्माण**
**मुजाधि/विद्युत-265** **गोरखपुर**

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

पहले मेरा नाम JAHIR AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम ZAHEER AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MOHD SHAMIM R/O: 1183, HANSWAR POST HANSWAR, AMBEDKAR NAGAR**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **मो. इसरार पुत्र मो. आरिफ नि. ग्राम जेठू मवई पो. धनीजलालपुर थाना व तह. गौरीगंज जनपद अमेठी** का निवासी हूं मेरे पिता मो. आरिफ पुत्र वली मोहम्मद 21.5.2015 को बहराइच मेले से गायब हो गए थे काफी खोजबीन के बाद भी उनका आज तक कही पता नहीं चल सका है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम नवेन्दु कुमार से बदलकर नवेन्दु कुमार शुक्ला रख लिया है। भविष्य में मुझे नवेन्दु कुमार शुक्ला के नाम से जाना जाये। **—नवेन्दु कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 गणेश शुक्ला, निवासी ओ—116 केशवपुरम आवास विकास—1, कल्यानपुर कानपुर नगर उत्तर प्रदेश—208017**

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री दिनेश चंद्र वैश्य पुत्र लालता प्रसाद वैश्य निवासी 3/300 विशाल खंड, गोमतीनगर लखनऊ ने मूल दस्तावेज यानी आवंटन पत्र और फ्री होल्ड डीड दिनांक 19/08/1997, पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 1816, पृष्ठ 71/82 क्रमांक 7318/97 सब रजिस्ट्रार लखनऊ में पंजीकृत जो कि खो गयी है। यह दस्तावेज 3/300 विशाल खंड गोमतीनगर लखनऊ के घर का है, यह संपत्ति वर्तमान में विशेष रूप से मेरे ग्राहक के स्वामित्व में है, यदि किसी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का अधिकार, शीर्षक, ब्याज का दावा, शेयर आदि है तो कृपया 7 दिनों के भीतर इसे सूचित करें। **सी.के. लीगल एसोसिएट्स लखनऊ** 0522—4077776 **पर या एक्सिस बैंक लिमिटेड** पर संपर्क करें अन्यथा इसे अमान्य माना जाएगा।

**सूचना**

पहले मेरा नाम ABRAR AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम HAFIZ ABRAR AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MURAD ALI R/O 319-A,TARINPUR, POST SITAPUR PS -KOTWALI CITY, SITAPUR**

**सूचना**

मैंने अपना नाम जिन्नत बीबी से बदलकर जिन्नत रख लिया है। अब मुझे जिन्नत के नाम से जाना पहचाना जाते। **जिन्नत पत्नी निजामुद्दीन निवासी ग्राम पोस्ट – क्रिया, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर।**

**आवश्यकता है**

**ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**
**(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.)**
**में बी.काम में अध्यापन हेतु 03 शिक्षकों की आवश्यकता है।**
**योग्यता**– उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार।
**नोट**– इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।
वेतनमान – उ.प्र.शासन/यूजीसी के मानकानुसार देय होगा।
**प्राचार्य– 8765312453,9532071072**

**आवश्यकता है**

1– प्राचार्य 15 वर्ष शिक्षण अवधि व पीएचडी उपाधि, 2– विज्ञान संकाय गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एंव पर्यावरण विज्ञान मे 2–2 प्रवक्ता, 3– कला संकाय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला, उर्दू, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, दर्शन विज्ञान एंव व्यवसायिक शिक्षा (कौशल विकास) व शारीरिक शिक्षा के 2–2 प्रवक्ता, 4– स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिये हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल एंव शिक्षाशास्त्र मे 3–3 प्रवक्ता, 5– यह रिक्ति स्वावित्त योजना के अंतर्गत स्नातक एंव स्नातकोत्तर कक्षाओं मे पढ़ाने के लिये यूजीसी मानक के अनुसार प्रवक्ता पद के लिये पीएचडी व नेट उत्तीर्ण अर्ह अभ्यर्थी, 6– एक योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष, 5 लिपिक, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर स्नातक, 5 चपरासी व कक्षा 8 पास सफाई कर्मी। नोटः– इच्छुक अभ्यर्थी सूचना प्रकाशन के 15 दिनो के भीतर पंजीकृत डाक अथवा वाहक द्वारा शैक्षिक प्रमाण पत्र महाविद्यालय मे करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि अभ्यर्थी को सूचित की जायेगी।

**प्रबंधकः– श्रीमती सरोज**
**बुधनी देवी स्मारक महाविद्यालय**
**शास्त्रीनगर रिसिया बहराइच 271875**
**मो. नं. 9919751551, 8004972161**

## एक नजर

### खंड स्तरीय किसान मेला 12 फरवरी को

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक मुख्यालय पर कृषि विभाग के तत्वावधान में आगामी 12 फरवरी को खंड स्तरीय किसान मेला आयोजित किया जाएगा। कृषि बीज गोदाम के प्रभारी नीरज ने बताया कि इस मेले में किसानों को वैज्ञानिक विधियों से खेती करने की जानकारी तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### नलकूप की क्षतिग्रस्त नाली की मरम्मत कराएं

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत परसदा में स्थापित राजकीय नलकूप की नाली क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे अधिकांश किसानों को फसल सिंचाई के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रधान लक्ष्मी शुक्ल ने बीडीओ से नाली का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

### पोल तो लगाया पर तार लगाना भूले, आक्रोश

**तरबगंज, गोंडा :** नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत दुर्जनपुर घाट क्षेत्र तक इन दिनों जर्जर विद्युत लाइन बदलने का कार्य चल रहा है। ठेकेदार की मनमानी के चलते दुर्जनपुर घाट बाजार में दो पोल पर विद्युत केबल ही नहीं लगाई गई है। इसी तरह सीलमपुर गांव और रानीपुर चौराहे तक जाने वाली लाइन में जर्जर तार काफी नीचे लटक रहे हैं और दुर्घटना को न्यौता दे रहे हैं। लेकिन जर्जर तार और जर्जर खंभे बदलने के नाम पर कार्यदाई संस्था द्वारा महज खाना पूरी की जा रही है। अभी भी तमाम खंबे बदले जाने बाकी है। जिससे उपभोक्ताओं में रोष। व्याप्त है। वहीं जो लाइन बदल दी गई है। वहां पर भी डिब्बे लटक रहे हैं।

### दो अधिकारियों ने पंपिंग सेट आवंटन का किया सत्यापन

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने अवर अभियंता नमामि गंगे अवधेश सिंह के साथ ग्राम पंचायत विशुनापुर बेलभरिया तथा रनियापुर का भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने दोनों ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत उथले बोरिंग के चयनित लाभार्थियों को पंपिंग सेट वितरण किए जाने का सत्यापन किया। सिंह ने बताया कि उक्त योजना के तहत 18 लाभार्थियों को चालू वित्तीय वर्ष में लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के सापेक्ष रनियापुर, छिटनापुर, भंगहा, बिशुनापुर बेलभरिया, भोपालपुर तथा परसदा को मिलाकर 18 लाभार्थियों का चयन कर उन्हें लाभान्वित किया जा चुका है।

### ग्राम प्रधान ने की जर्जर तार बदलने की मांग

**रुपईडीह, गोंडा :** ग्राम पंचायत कुरासी में लगे जर्जर तार व खंभों को न बदले जाने की शिकायत प्रधान रामगोपाल अवस्थी ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता से की है। उन्होंने बताया कि जर्जर तारों व खंभों को बदले जाने के लिए विभाग द्वारा एक साल पहले प्राक्कलन तैयार किया गया था। इसके बावजूद तार नहीं बदला जा सका है।

# श्रीराम के दर्शन को 2300 भक्तों का जत्था पहुंचा

## आस्था स्पेशल ट्रेन से दक्षिणेश्वर काली मंदिर और जलपाईगुड़ी के शिव मंदिर से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** प्रभु श्रीराम लला का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को जलपाईगुड़ी और हावड़ा से 2300 श्रद्धालुओं का जत्था आस्था स्पेशल ट्रेन से कटरा शिवदयाल गंज स्टेशन पहुंचा। रामभक्तों ने जय श्रीराम का जयघोष किया। पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया गया।

श्रद्धालुओं को कटरा रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम पहुंचाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी मनोज कुमार राय और सरयू घाट पुलिस चौकी प्रभारी शिवलखन सिंह मय पुलिस मुस्तैद रहे। शुक्रवार को



आस्था स्पेशल ट्रेन से बाहर आकर अयोध्या के लिए प्रस्थान करते रामभक्त।

पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी से चलकर गोरखपुर बस्ती मनकापुर होते हुए हावड़ा आस्था स्पेशल ट्रेन 2.30 बजे कटरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचीं। जलपाईगुड़ी के शिव मंदिर समेत अन्य क्षेत्रों से 970 और पश्चिम बंगाल हावड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 1330 श्रद्धालुओं का जत्था आया है। स्टेशन पर पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार अपने कर्मचारियों के साथ मुस्तैद रहे। राम दर्शन करने की ललक सभी राम भक्तों में दिख रही थी। सभी राम भक्त जल्द से जल्द अयोध्या पहुंचने को आतुर दिखे। सभी रामभक्त जय श्रीराम



इलेक्ट्रानिक बसों पर सवार रामभक्त। अमृत विचार

जय श्रीराम कटरा स्टेशन पहुंचे राम भक्तों के चेहरे पर अयोध्या आने और राम दर्शन की खुशी साफ झलक रही थी। स्टेशन पर उतरते ही राम भक्तों ने "एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम" का जोरदार जयकारा लगाते हुए समूचा स्टेशन परिसर राम मय कर दिया। राम भक्तों को रेलवे स्टेशन पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने सकुशल बसों में बैठाकर पावन नगरी अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। कटरा रेलवे क्रॉसिंग फाटक बंद होने से शुक्रवार को भी बस में बैठे सभी यात्री घंटों अयोध्या धाम जाने के लिए इंतजार करते रहे।

# ऐली मेले में उमड़ा सैलाब सरयू नदी में लगाई डुबकी

उमरीबेगम गंज, गोंडा

**अमृत विचार:** मौनी अमावस्या के पर्व पर ऐलीपरसौली में श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाई। उसके बाद मेले में जमकर खरीदारी की। मौनी अमावस्या को स्नान पर्व के रूप में मनाया जाता है और इसी दिन सैकड़ों वर्ष पूर्व सिद्ध पुरुष बाबा रेवा पुरी ने सरयू में स्नान कर इस महापर्व का शुभारंभ किया था। शुक्रवार को ऐली परसौली में सरयू तट पर बाबा ईश्वर नाथ पुरी ने प्रथम स्नान कर मेले का शुभारंभ किया उसके बाद सुबह से ही आस्था का सैलाब देखने को मिला और दोपहर बाद तक लोग स्नान दान करते रहे इसके बाद जमकर खरीदारी की और मेले का लुत्फ उठाया सरयू स्नान करने वालों में पुरुष, महिलायें और बच्चे भी शामिल थे। सूप मिट्टी के बर्तन लोहे के औजार मेले का मुख्य आकर्षण रहे। बांस के विशेष किस्म की प्रजाति से बनी लाठी की भी जमकर खरीदारी की गई। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम दिखाई दिए।

थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। इस दौरान लेखपाल अंकित कुमार प्रधान प्रतिनिधि मनीराम यादव, सुरजीत सिंह, विजय सिंह कारगिल, रिंकू सिंह, ध्रुव यादव आदि लोग मेले की व्यवस्था देखते रहे।

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई आस्था की डुबकी

## भक्तों ने स्नान दान कर अर्जित किया पुण्य, मेले में जमकर की खरीदारी



करनैलगंज में सरयू में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार



स्नान के लिए कटरा घाट पर उमड़ी भीड़। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा:** मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को सरयू घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने सरयू में डुबकी लगाई और स्नान के बाद तिल व चावल का दान कर पुण्य अर्जित किया। मेले में श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की।

शुक्रवार को मौनी अमावस्या के पर्व पर करनैलगंज के कटरा घाट स्थित सरयू तट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। यहां सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ता गया स्नानार्थियों की संख्या भी बढ़ती गई।

सरयू स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट के पंडों को तिल, चावल और मुद्रा का दान करके पुण्य अर्जित किया। स्नान करने वालों में महिलाएं बच्चे व बुजुर्ग भी शामिल रहे। सभी ने स्नान करने के बाद कटरा घाट स्थित संतेश्वर महादेव मन्दिर में जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। इस मौके पर मेले का भी आयोजन किया जिसमें घाट के आस पास बाजार व दूर दराज से आये दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा रखी थी। जहां महिलाओं ने मिठाई, गृहस्थी व सौंदर्य सामग्री की जमकर खरीदारी की। वहीं कटरा शहबाजपुर घाट, सकरौरा घाट, कचनापुर घाट, यमदुतिया घाट, जम्बूघाट भौरीगंज घाट व पसका घाट सहित अन्य सरयू घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजन अर्चन किया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम दिखाई दिया। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़, एसएसआई राम प्रकाश चंद्र पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

**स्नान कर हनुमान मंदिर में नवाए शीशः कौड़िया बाजारः** माघ मास के मौनी अमावस्या के अवसर पर टेढ़ी नदी के रामापुर घाट पर स्थानीय लोगों ने स्नान कर हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजन अर्चन किया। बाद में रामापुर पर आयोजित मेले का आनंद लिया। प्रधान श्रवण कुमार तिवारी ने बताया कि विगत कई वर्षों से प्रमुख अवसरों पर टेढ़ी नदी के किनारे मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रधान रामापुर सत्यजीत पांडेय, केके दूबे, जमुना प्रसाद शुक्ला, अशोक कुमार मिश्रा बाबा, सिपाही लाल तिवारी, महेश तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



खरगूपुर में खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### मौनी अमावस्या पर फलाहारी में मेला आयोजित

**रुपईडीह :** मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर कौड़िया के फलाहारी दास मंदिर पर भव्य मेला आयोजित किया गया। इस मेले में मंदिर के महंत सिद्धार्थ दास की अगुवाई में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने फलाहारी दास की प्रतिमा पर फूल माला व प्रसाद चढ़ाकर पुण्य अर्जित किया। मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा के निर्देशन में दारोगा प्रतीक पांडेय सहित अन्य पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। मेले में किसी प्रकार भी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला।

# त्रिमुहानी संगम तट पर किया स्नान

पसका, गोंडा

**अमृत विचार:** सूकरखेत पसका स्थित त्रिमुहानी संगम तट पर भक्तों ने सरयू संगम में आस्था की डुबकी लगाई। जय वाराह भगवान जय सरयू मईया के गगनभेदी जयकारे से सम्पूर्ण सूकरखेत गुंजायमान रहा है। शुक्रवार की सुबह से ही कड़ाके की ठंडक के बाद धूप खिलने से मेले की रौनक बढ़ गयी। मौसम सुहावना होते ही मेलार्थियों का तांता लग गया। आसपास क्षेत्र से आये हुए श्रद्धालुओं ने सरयू संगम में स्नान ध्यान व पूजा पाठ किया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान वाराह के मंदिर, श्री गुरु नर हरि आश्रम में पहुँचकर प्रसाद चढ़ावा, दर्शन परिक्रमा किया। श्री गुरु नर हरि



पसका संगम तट पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

आश्रम में मत्था टेककर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया। दूर दराज इलाकों से आए श्रद्धालुओं ने सत्य नारायण व्रत कथा सुनकर भंडारा व प्रसाद वितरण किया। मेला परिसर में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही है। शांति सुरक्षा के दृष्टिगत पसका पुलिस चौकी इंचार्ज सोम प्रताप सिंह मय पुलिस फोर्स मुस्तैद रहे हैं। मेला में आई दुकानों पर मेलार्थियों ने आवश्यक वस्तुओं की खरीददारी करके चाट व्यंजन का स्वाद चखा। वहीं भौरीगंज तुलसी सेतु स्थित श्रीराम जानकी मंदिर सरयू तट, जम्बू तीर्थ समेत सरयू नदी के विभिन्न तट पर स्नान के लिये श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी।

### कुआनो के अमवा घाट पर हुआ स्नान

**खरगूपुरः** मौनी अमावस्या के अवसर पर लोगों ने कुआनो नदी के अमवा घाट पर स्नान करके पूजन-अर्चन के बाद अन्न, वस्त्र व द्रव्य का दान किया। खरगूपुर से सटे गोंडा-श्रावस्ती सीमा पर कुआनो नदी अचल नगर के अमवा घाट पर सूर्योदय के पूर्व से ही श्रद्धालुओं ने पहुंचकर अमावस्या के पावन पर्व पर डुबकी लगाई। स्नान के बाद लोगों ने अमवा सम्मय माता मंदिर पर पूजा अर्चना की। अमवा सम्मय माता मंदिर परिसर में लल्लू गोस्वामी व ओमप्रकाश आदि ने भण्डारे का आयोजन किया। क्षेत्रीय व बलरामपुर आदि जिलों की महिलाओं और युवतियों ने जमकर खरीदारी की।

# युवक पर हमला करने वाले चार पर केस दर्ज

**करनैलगंज, गोंडा:** कोतवाली क्षेत्र के हटही गांव के पास बुधवार की रात्रि नहर की पटरी पटाई के दौरान हुए मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे जिला अस्पताल के बाद लखनऊ रेफर किया गया था। मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगवा कला निवासी राकेश सिंह ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनका लड़का राज सिंह ग्राम हटही के पास नहर की पटरी पर मिट्टी की पटाई का कार्य करा रहा था। कार्य को देखने तथा जेसीबी ऑपरेटर को खाना देने गया था। वहां मौजूद करीब एक दर्जन लोगों ने उनके लड़के राज के ऊपर हमला कर दिया और भाला, फरसा व अन्य धारदार हथियार से जान से मारने की नियत से मारा पीटा। मरणासन्न अवस्था में वह जमीन पर गिर गया। उनके लड़के के पास 1 लाख 43 हजार रुपए नगदी व स्कूटी और जेसीबी के मालिक राशिद खान के पास मौजूद करीब 25 हजार रुपए भी छीन लिए। उनका लड़का मरणासन्न अवस्था में वही पड़ा रहा। उसे मरा हुआ समझकर लोग भाग गए। जेसीबी मालिक ने जब इसकी सूचना दी तब वह मौके पर पहुंचे और लड़के को लेकर जिला अस्पताल गए। जहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर कर दिया गया।

# नमाज को लेकर सजग रहा प्रशासन



नमाज के दौरान लोगों से बातचीत करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय:** शुक्रवार को जुम्मा की नमाज़ को लेकर पुलिस प्रशासन सजग रहा। सार्वजनिक स्थानों व मंदिर तथा मस्जिदों के आसपास काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। पुलिस टीम सोशल मीडिया पर भी नजर रखे रही। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी पर लगे जवानों के पास मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया गया तथा चिन्हित हाट स्पाट वाले क्षेत्रों व मस्जिदों में शांति-व्यवस्था ड्यूटी में लगे जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने शहर क्षेत्र के मौलवी, धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित कर जुम्मा की नमाज को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया। एसपी ने कहा कि अफवाहों पर कोई ध्यान ना दें। शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा करें यदि कोई समाज का माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर सख्त नजर रखी जा रही है। कोई किसी धर्म को लेकर अनुचित टिप्पणी करेगा तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर कोतवाल राजेश सिंह रहे।

### अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**करनैलगंज, गोंडा :** शुक्रवार को तहसील इलाके में जुमे की नमाज व मौनी अमावस्या का पर्व सकुशल सम्पन्न हुआ। उत्तराखंड के हल्द्वानी में भड़की हिंसा व ज्ञानवापी प्रकरण के मद्देनजर धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात रही। वहीं उपजिलाधिकारी विशाल कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा पुलिस टीम के साथ पूरे दिन क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लेते नजर आए। यहां पर दोनों अधिकारियों ने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़, नगर चौकी प्रभारी आशीष कुमार, नपा लिपिक आशीष सिंह समेत पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मचारी रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**उमरी बेगमगंज, गोंडा:** बनुवा बाजार के पास एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। ग्राम पंचायत बनुवा मठनन पुरवा निवासी दिनेश यादव पुत्र सुकई शुक्रवार की सुबह बनुवा बाजार सामान खरीदने के लिए गए थे। घर वापस आते समय एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के भाई बच्चा राम यादव की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। इस बाबत थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

# इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप, प्रसूता ने तोड़ा दम

**नवाबगंज, गोंडा:** कटरा भोगचंद के मजरे गांव खजुरिया निवासी राममूरत की पत्नी कमलावती (33) बीते शुक्रवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती हुई। महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद परिजनों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा, लेकिन बच्चों के जन्म देने के बाद महिला के शरीर में खून की कमी हो गई। हालत खराब होते देख अयोध्या के राजा दशरथ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने लखनऊ के लिए रवाना कर दिया। वहां पर सरकारी अस्पताल से लेकर निजी



प्रसूता की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

अस्पताल वालों ने मृतका का इलाज करने से मना कर दिया और 33 वर्षीय कमलावती की शुक्रवार को मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के सबसे बड़े बेटे दीपक उम्र 7 वर्ष और पुत्री सौम्या 5 वर्ष, अनुराग उम्र 3 वर्ष अपने मां के लिए रो रोकर इधर उधर देखते हैं। वहीं बच्ची को अपनी मां का दूध पीने को नसीब नहीं हुआ। मृतका का आयुष्मान कार्ड भी काम नहीं आया।

# एसडीएम के खिलाफ अधिवक्ता लामबंद, हटाने की मांग पर अड़े

**मनकापुर, गोंडा:** वकीलों का एसडीएम के खिलाफ दूसरे दिन भी अनशन जारी रहा।

शुक्रवार को बार समिति के नामित अध्यक्ष श्यामलाल शुक्ल ने बताया कि जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में सीआरओ की हुई गुरुवार की वार्ता पर आश्वासन से अभी सभी अधिवक्ता सहमत नहीं हैं। जब तक उपजिलाधिकारी का स्थानान्तरण नहीं हो जाता तब तक अधिवक्ता किसी बात को मानने को तैयार नहीं हैं। एल्डर कमेटी के चेयरमैन परमेश्वर पाण्डेय भी अनशन स्थल पर दूसरे दिन अपने अन्य सहयोगियों के साथ बैठे रहे। अनशन पर बैठे अधिवक्ताओं का कहना है कि गुरुवार को सीआरओ की बंद कमरे में हुई वार्ता से हम सहमत नहीं हैं। अधिवक्ताओं के उपजिलाधिकारी के विरुद्ध सख्त रवैया देखते हुए नामित अध्यक्ष एस एल शुक्ल ने बताया कि यदि जल्द ही जिला स्तर से समुचित समाधान नहीं किया गया तो अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही अपनी समास्याओं के समाधान के लिए बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य जय नरायन पान्डेय जो बार काउंसिल के उपाध्यक्ष भी हैं, उनके साथ प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ तथा प्रदेश के राज्यपाल से भी मुलाकात की जाएगी। उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई पर उनका फ़ोन रिसीव नहीं हुआ।

# 598 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, तैयारी पूरी

**रुपईडीह, गोंडाः** पार्वती देवी इंटर कॉलेज आर्य नगर में आगामी 22 फरवरी से शुरू हो रही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के बोर्ड परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों को मिलाकर 598 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इन परीक्षाओं में हाई स्कूल के 489 तथा इंटरमीडिएट के 109 छात्र छात्राओं को मिलाकर 598 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से एवं नकल विहीन वातावरण मे संपन्न कराए जाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# पटरी दुकानदारों की पंजीकरण तिथि बढ़ाई गई

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** नगरपालिका क्षेत्र में पटरी दुकानों का संचालन कर रहे विक्रेताओं के लिए अच्छी खबर है. नगर पथ विक्रेता समिति की मांग पर पथ विक्रेताओं के लिए नगरपालिका मे आवेदन और पंजीकरण के लिए मौका बढ़ गया है. पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि को बढ़ाकर 19 फरवरी कर दिया गया है. पहले यह 5 फरवरी तक थी। शहरी क्षेत्र को 22 वेंडिंग और दस नान वेंडिंग जोन में बांटा गया है। वेंडिंग जोन में पथ विक्रेताओं को वैधता प्रदान करने के लिए इन्हें पालिका में पंजीकरण के लिए आवेदन करना है। विक्रेताओं के लिए नगरपालिका में आवेदन और पंजीकरण की तिथि 05 फरवरी को



महिला अस्पताल के सामने ठेले और पटरी दुकानदारों के चलते यहां लगता है जाम।

समाप्त हो चुकी है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष और पथ विक्रेता समिति के सदस्य भूपेंद्र प्रकाश आर्य ने नगर पालिका से यह समय सीमा दस दिन बढ़ाने की मांग की थी। अधिशासी अधिकारी से मांग की गई थी कि अधिकांश पथ विक्रेता अभी आवेदन नहीं कर पाए हैं लिहाजा समय सीमा बढ़ाना चाहिए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि अबतक केवल 110 आवेदन ही प्राप्त हुए हैं। पथ विक्रेताओं के हित में समय सीमा बढ़ाने पर विचार करते हुए अंतिम तिथि को बढ़ाकर 19 फरवरी कर दिया गया है।

### ये हैं दस नान वेंडिंग जोन

रोडवेज तिराहा, चौक बाजार चौराहा, गुड्डूमल चौराहा, पीपल तिराहा, एकता चौराहा, वीर अब्दुल हमीद तिराहा, जय नारायण चौराहा, बड़गांव चेक पोस्ट चौराहा, गुरु नानक चौराहा से गुड्डूमल चौराहा, पीपल तिराहा से भरत मिलाप चौराहा, दु:खहरण नाथ मंदिर के सामने और आसपास।

### ये हैं 22 वेंडिंग जोन

बलरामपुर ओवर ब्रिज के नीचे, एलबीएस चौराहा से चर्च होकर रोडवेज तक, गांधी पार्क से आईटीआई चौराहा, गांधी पार्क मेन गेट, कांशीराम कालोनी महराजगंज, फुरकानिया स्कूल से बाबा करीम शाह मैदान तक, जयनारायण चौराहा से महारानी गंज तक, रेलवे क्वॉर्टर बड़गांव के पास, बड़गांव ब्रिज से बलरामपुर रोड पालिका सीमा तक, अम्बेडकर चौराहा से जेल रोड, जीआईसी मेन गेट से बलरामपुर रोड पुस्तकालय, गुरुनानक चौक से पालिका शौचालय, आवास विकास एलआईसी के पास समेत 22 स्थानों पर वेनडींग जोन बनाए गए हैं।

### अतिक्रमण की समस्या होगी नियंत्रित

पथ विक्रेता नियमावली 2017 को समुचित रूप से अमल लाया गया तो शहर में जगह जगह लगने वाले जाम की समस्या का काफी कुछ समाधान हो सकता है। इतना ही नहीं पटरी दुकानदारों को आए दिन होने वाली दिक्कतें भी हमेशा के लिए दूर हो सकती हैं। दुकानें लगाने को लेकर नोक-झोंक हुआ करती थी।

## एक नजर

### अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव मनाया गया

खरगूपुर, गोंडा : श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में भारत अंतरिक्ष सप्ताह नई दिल्ली द्वारा विश्वविद्यालयों /शैक्षिक संस्थानों में श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव मनाया गया। राजकीय महाविद्यालय भवानीपुर कला में वेशभूषा कार्यक्रम में बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा रीता चौहान द्वारा वेशभूषा कार्यक्रम के निर्धारित विषय वृक्षारोपण-माँ सीता द्वारा वाटिका का वृक्षारोपण करते हुए के अनुरूप माँ सीता के किरदार का अभिनय किया गया।कार्यक्रम के पश्चात प्रतिभागी छात्रा द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ प्रवीण कुमार सिंह, कर्मचारीगण रत्नेश सिंह, ममता पटेल आदि रहे।

### मांगों को लेकर 16 फरवरी को धरना देगा फेडरेशन

गोंडा कार्यालय : फेडरेशन आफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन और अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ 16 फरवरी को हड़ताल और धरना प्रदर्शन करेगा। इसे लेकर कृषि विभाग स्थित किसान कल्याण केंद्र पर शुक्रवार को तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सत्य नारायण तिवारी ने की। संचालन कर रहे जिलाध्यक्ष सूर्य किशोर शर्मा ने बताया कि पुरानी पेंशन को लागू किए जाने, पीएफआरडीए बिल को रद्द किए जाने, संविदा कार्मिकों को नियमित किए जाने, फ्रीज डीए को रिलीज करने, आठवें वेतन आयोग का गठन समेत विभिन्न मुद्दों पर कार्यवाही न किए जाने को लेकर कर्मचारियों मे रोष है। संगठन ने पुरानी पेंशन को लागू करने के लिए एक बृहद कार्यक्रम किए जाने का निर्णय लिया गया है। अपनी मांगों को बुलंद करने के लिए फेडरेशन आफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन और अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ संयुक्त रूप से 16 फरवरी को हड़ताल के साथ-साथ धरना प्रदर्शन करेगा।

# जिले में पहुंची इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन की पहली खेप

## मार्च से इसी मशीन के माध्यम से होगा खाद्यान्न का वितरण

- कर्नलगंज तहसील में बने स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों को रखा गया

गोंडा कार्यालय



ट्रक से उतारी जा रही इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** इलेक्ट्रॉनिक वेइंग व ई पास मशीन की पहली खेप जनपद में आ गई है। कर्नलगंज तहसील के लेखपाल भवन को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। इसी कक्ष में मशीनों को रखा जा रहा है। पहले खेप में करीब 300 इलेक्ट्रॉनिक कांटा व ई पास मशीन आ गई है। मार्च महीने से इसी इलेक्ट्रॉनिक कांटे व ई-पास मशीन से खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा।

शासन राशन कार्ड धारकों को पूरा खाद्यान्न मिले इसके लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सीधे तकनीक से जोड़ रही है। घटतौली को रोकने के लिए सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए अब सभी कोटे की दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा से जुड़ी ई-पास मशीनों को लगाने का फैसला किया है। ताकि घटतौली पर पूरी तरीके से विराम लगाया जा सके। शासन की मंशा है कि आगामी मार्च महीने से इसी इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल कर राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न दिया जाए। शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक कांटे की पहली खेप कर्नलगंज तहसील में आई है।

पूर्ति निरीक्षक सुनील दिवाकर व महेश कुमार तथा लिपिक मनोज कुमार की मौजूदगी में इलेक्ट्रॉनिक तौल व ई मशीन को लेखपाल भवन में रखा गया है। जिले में वर्तमान समय में 1393 कोटे की दुकानें संचालित हैं। जिनके माध्यम से हर महीने में 6 लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। अक्सर राशन कार्ड धारकों का आरोप होता है कि कोटेदार ने खाद्यान्न में घटतौली करते हुए कम खाद्यान्न देते हैं। इस समस्या को शासन ने गंभीरता से लिया और घटतौली पर रोक लगाने के लिए सभी कोटे के दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा व ई पास मशीन लगाने की योजना बनाई थी। अब कोटे की दुकानों पर इसी मशीन के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण होगा। जिले में इलेक्ट्रॉनिक मशीन का आना शुरू हो गया है। जनपद के चारों तहसीलों में मशीनों को रखने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है। यहीं कोटेदारों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उसके बाद उनको इलेक्ट्रॉनिक तौल व ई पास मशीन दे दी जाएगी।

फिलहाल इलेक्ट्रॉनिक कांटा कोटे की दुकान पर लगने से माना जा रहा है कि गरीबों का अपने हिस्से का पूरा खाद्यान्न मिलेगा। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वेइंग व ई पास मशीन की पहली खेप आ गई है। इलेक्ट्रॉनिक कांटे को कर्नलगंज तहसील में बने स्ट्रांग ग्रुप में रख दिया गया है। प्रशिक्षण के बाद कोटेदारों को दे दिया जाएगा। उम्मीद है कि मार्च माह में इसी मशीन के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि दो-तीन दिनों में जनपद में सारी मशीन है आ जाएगी।

# मोटे अनाज पर कार्यशाला का आयोजन

गोंडा कार्यालय



मोटे अनाज की गोष्ठी में छात्रा को प्रमाणपत्र देते कृषि से जुड़े अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला शुक्रवार को डॉ. संपूर्णानंद प्रेक्षाग्रह टाउन हॉल में संपन्न हुई। कृषि एवं संबद्ध विभागों की ओर से एक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में मोटे अनाजों आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला के अंतिम दिन मुख्य अतिथि एम. अरुन्मौली मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। पीके ठाकुर उप कृषि निदेशक ने मोटे अनाजों के पोषकीय महत्व की जानकारी दी तथा श्रीअन्न फसलों के क्षेत्रफल को बढ़ाने का आह्वान किया। सुनील कुमार सिंह जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना फसल के साथ-साथ मोटे अनाजों की खेती की जानकारी दी। जगदीश प्रसाद यादव जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में मोटे अनाजों की खेती का बीज खरीफ मौसम में कृषकों को निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है तथा इसकी खेती को बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने मोटे अनाजों कोदों सावां रागी ज्वार व बाजरा की उत्पादन तकनीक तथा मोटे अनाजों की रेसिपी की जानकारी दी। इंजीनियर मिथिलेश कुमार झा लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र ने मोटे अनाजों की प्राकृतिक एवं जैविक खेती की जानकारी दी। डा.रेखा शर्मा प्राध्यापक लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय ने मिलेट्स एवं मानव स्वास्थ्य पर जानकारी दी। शिवपूजन शुक्ला अवधी लोककवि ने मोटे अनाजों की खेती के महत्व को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया तथा अवधी काव्य रचनाओं से उपस्थित कृषकों को आनंदित किया। संचालन आरपीएन सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि विभाग ने किया।

## आरोपियों को दस साल का कारावास

**गोंडा:** थाना कोतवाली मनकापुर पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोप में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। शासकीय अधिवक्ता ओम प्रकाश शुक्ला, मॉनिटरिंग सेल व थाना कोतवाली मनकापुर के पैरोकार ने निरंतर सशक्त व प्रभावी पैरवी की जिसके चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष-09 ने 10-10 साल का कारावास व 10-10 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपियों में आज्ञाराम पुत्र रामसुन्दर, सुनील कुमार पुत्र आज्ञाराम, अनिल कुमार पुत्र आज्ञाराम सभी आरोपी सुन्दरपुरवा मौजा उपाध्यायपुर ग्रण्ट थाना कोतवाली मनकापुर के निवासी हैं।

# दो बाइकों की भिड़ंत में गिरे युवक पर चढ़ी बस, गई जान

## तीन बाइक सवार घायल, अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए।

नवाबगंज- कटरा शिवदयाल गंज हाइवे पर शुक्रवार की शाम एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि हादसे में दूसरे बाईक पर तीन सवार लोगों को गंभीर हालत में अयोध्या के श्रीराम हॉस्पिटल इलाज के लिए दाखिल कराया गया है। तीनों घायलों में दो अचेत अवस्था में हैं। कस्बे के विद्युत उपकेंद्र पर तैनात लाइनमैन राज कुमार तिवारी कस्बे से कटरा की तरफ अपनी बाइक से जा रहे थे।

बालापुर गांव के निकट उनके बाइक की भिड़ंत सामने से आ रही एक दूसरी बाइक से हो गई। हादसे के बाद राज कुमार अनियंत्रित होकर रोड की तरफ गिर पछे.। इसी दौरान गुजर रही एक बस का चक्का उनके सिर पर चढ गई। घटना में मौके पर ही लाइनमैन की दर्दनाक मौत हो गई। दूसरे बाइक पर सवार तीनों लोग बालपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनमें एक का नाम राधेश्याम है जिनकी आयु 65 के लगभग है। शेष दोनों घायल अचेत होने के कारण उनका नाम पता नहीं चल सका है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस से अयोध्या भिजवा दिया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर थाना परिसर में ले आई। थाना प्रभारी मनोज राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# बच्चों ने चित्रकला में दिखाई प्रतिभा

मनकापुर, गोंडा



चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा दुर्घटना से देर भली कार्य क्रम के अंतर्गत शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम मनकापुर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत बच्चों ने चित्रकला, निबंध लेखन व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। निबंध में प्रथम सुषमा, द्वितीय अमन कुमार, पूनम भारती तृतीय, मनीष मौर्य चतुर्थ व अर्चना भारती पांचवे स्थान पर रहे। चित्र कला प्रतियोगिता के अंतर्गत बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर का मूल्यांकन शिक्षिका शताब्दी वर्मा, अमर ज्योति व पूनम यादव द्वारा किया गया। जिसमें लक्ष्मी प्रथम, रिया शर्मा द्वितीय, सुषमा तृतीय, अंशिका मौर्य चतुर्थ व माधुरी पांचवें स्थान पर रहे। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत लिखे गए निबंध का मूल्यांकन शिक्षक अरूण कुमार सिंह ने किया। स्लोगन के अन्तर्गत बच्चों ने लिखा 'दुर्घटना से देर भली, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, शराब पीकर गाड़ी न चलाएं, हेल्मेट लगाओ जान बचाओ, सड़क दुर्घटना से अगर है बचना तो हेल्मेट पहने रखना, ड्राइव करें तो उड़ान न भरें आदि लिखकर लोगों को जागरूक किया।

## संदिग्ध हालत में किशोर लापता, केस

**पसका, गोंडा:** परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आटा खास का रहने वाला 16 वर्षीय साहिल चौहान नामक किशोर गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। जिससे परिजनों में खोजबीन की परेशानी बढ़ गयी। गुमशुदा लड़के के बाबा कंधई लोनिया ने पुलिस को तहरीर देकर अपहरण मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित ने कहा है कि 16 वर्षीय उसका पोता साहिल गुरुवार को दोपहर में घर से निकला, देर शाम तक घर वापस नहीं आया, परिजनों ने आसपास व सगे सम्बन्धियों में उसकी काफी खोजबीन किया। किन्तु लापता नाबालिक लड़के का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# ग्राम परिक्रमा यात्रा पर बनाई रणनीति

गोंडा कार्यालय




पत्रकार वार्ता करते भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सबका साथ सबका विकास के मजबूत इरादे से सत्ता में आई भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की जनता के लिए कल्याणकारी कार्य किए हैं। हर बार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किया है।

उक्त बातें शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने किसान मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा आयोजित होने वाली "ग्राम परिक्रमा यात्रा" के संदर्भ में जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा विद्या भूषण द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि देश में चार प्रमुख वर्ग हैं गरीब, किसान, युवा और महिलाएं और इन वर्गों का विकास ही समग्र राष्ट्र के विकास का आधार है। बताया कि मोदी सरकार किसानों के कल्याण और उत्थान की दिशा में लगातार कार्यरत है तथा अपनी योजनाओं और कार्यों के माध्यम से अन्य कई उपलब्धियां भी अर्जित कर रही है। इन सभी योजनाओं और उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा किसान मोर्चा "ग्राम परिक्रमा यात्रा" शुभारंभ कर रहा है। इस यात्रा का शुभारंभ 12 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राजकुमार चाहर द्वारा किया जाएगा जिसमें 50000 से अधिक किसान उपस्थित रहेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम का देश के सभी संगठनात्मक जिलों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा संचित सिंह रहेंगे। संयोजक बालपुर प्रधान एवं किसान मोर्चा जिला महामंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा किया जाएगा।

# धोखाधड़ी कर ले लिया ढाई लाख कर्ज, प्रबंधक ने दर्ज कराया केस

**खरगूपुर, गोंडा:** धोखाधड़ी कर बैंक से केसीसी के माध्यम से कर्ज लेने के मामले में शाखा प्रबंधक ने दूसरे आरोपी किसान के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। दो दिन पूर्व ही शाखा प्रबंधक ने एक अन्य आरोपित महिला किसान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

मामला थाना क्षेत्र के विशुनापुर स्थित स्टेट बैंक की शाखा का है। बैंक की शाखा से 20 जुलाई 2015 ग्राम पंचायत मिश्रौलिया के मजरा पंडित पुरवा निवासी बाबूराम पुत्र हरि प्रसाद ने अपनी भूमि को उक्त शाखा में बंधक रखकर किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट द्वारा दो लाख छाछठ हजार रुपए कर्ज ले लिया। न्यायालय के आदेश पर शाखा प्रबंधक द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि आरोपित व्यक्ति ने बैंक को दिये गये शपथ पत्र में उक्त जमीन को भार मुक्त बताया था। इसके बावजूद उसने किसी अन्य बैंक से कोई कर्ज नहीं लेने और न ही बैंक के पक्ष में बंधक किए गए भूमि की बिक्री किए जाने का दावा किया था। दर्ज कराए गए प्राथमिकी में कहा गया है कि आरोपित ने बैंक कर्मियों को गुमराह करके किसी अन्य बैंक की शाखा से धोखाधड़ी कर पहले ही कर्ज ले रखा था और उसके बाद बिना कर्ज जमा किये उक्त जमीन को भी बेच दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

### सरयू नदी की सिल्ट सफाई के लिए भेजा गया पत्र

करनैलगंज, गोंडा : क्षेत्र के सरयू नदी में फैली गंदगी व सिल्ट की सफाई करने के लिए प्रभारी मंत्री श्रम एवं सेवायोजन अनिल राजभर को मांग पत्र भेजा गया है। भारतीय जनता पार्टी के जिला सहसंयोजक मुकेश कुमार वैश्य ने मंत्री को भेजे गए पत्र में कहा है कि करनैलगंज में स्थित सरयू नदी लगातार दूषित होती जा रही है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग स्नान करते हैं और साल में करीब 10 से अधिक मेले का आयोजन होता है। इस नदी को पोकलैंड या जेसीबी से सिल्ट की सफाई कराने, नदी का कचरा निकलवाने के साथ-साथ मलौना घाट, कटरा शाहबाज पुर घाट, हीरापुर कमियार, कटरा घाट, सकरौरा घाट, कचनापुर होते हुए सफाई कराई जाए। जिससे नदी में जल प्रवाह हो सके, जल प्रवाह न होने से लोगों को दूषित जल में स्नान एवं पूजन अर्चन करना पड़ रहा है।

# लावारिस मिली महिला को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** लावारिस हालत में मिली महिला को पुलिस ने तीन दिन की कड़ी मसक्कत के बाद परिजनों से मिलवाया। अपने लापता विक्षिप्त बेटे की तलाश में निकली महिला लावारिस अवस्था में तीन दिन पहले ग्राम नारायनपुर माझा में सड़क के किनारे पड़ी मिली। जिसकी सूचना मिलने के बाद कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने महिला को पुलिस के साथ लाकर रेनबसेरे में खानपान व रहने की व्यवस्था कराई। बुजुर्ग महिला ने पुलिस को ग्राम नेकपुर बाग थाना सुभाष नगर जिला बरेली का बताया।

कोतवाल ने महिला को उसके परिजनों तक पहुंचाने और सुपुर्दगी करने की जिम्मेदारी हेड कांस्टेबल दीपक मिश्रा को सौंपा। दीपक मिश्रा ने संबंधित थाने से संपर्क कर महिला के परिजनों को इसकी सूचना दी। तीन दिनों से रेनबसेरे में महिला के रहने, खाने पीने की व्यवस्था के साथ उसके परिजनों को कोतवाली बुलाया।

शुक्रवार को पहुंचे उसके देवर संजय कुमार एवं गांव के ही रविंद्र, अरविंद व बाबू लाल ने पहुंचकर महिला को पहचाना। संजय कुमार ने बताया कि यह उनकी सगी भाभी हैं जिनका नाम भूरी देवी पत्नी स्वर्गीय राम भजन है। उनके पति पुलिस विभाग में थे। उनके मृत्यु के पश्चात उनका बेटा पवन थाने पर फॉलोवर का काम देखता था। पवन विक्षिप्त होने की स्थिति में कहीं भटक गया। जिसकी तलाश में महिला यहां तक पहुंच गई।

बेटे की तलाश न हो पाने से निराश वह सड़क के किनारे लगातार 24 घंटे तक पड़ी रही। तब उसे कोतवाली करनैलगंज पुलिस का सहारा मिला। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि महिला को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# अलग-अलग मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

**मनकापुर, गोंडा:** पुलिस ने अलग-अलग मामले में तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकादमा दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि गाँव के ही विपक्षी प्रदीप कुमार ने उसकी नाबालिग सगी बहन को बीते सोमवार बहला-फुसला भाग ले गया।

पीड़ित की पत्नी उस समय मौजूद थी पत्नी ने विपक्षी को रोका तो विपक्षी गाली गुप्ता देते हुए जान माल की धमकी देकर चले गये। उस समय पीड़ित अपने पिता का इलाज कराने के लिए जनपद अयोध्या के एक अस्पताल में था। इसलिए उस दिन विपक्षी के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र नहीं दे सका। इसी क्रम मे क्षेत्र के अमवामाफी के रहने वाले रवि चंद्र ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि गांव के ही प्रतिवादी राज पुरोहित से पुरानी रंजिश है। उसी को लेकर बीते गुरुवार के सुबह दस बजे विपक्षी आ कर गाली गुप्ता देने लगा। मना करने पर पीड़ित को लात घूसा लाठी से मारे पीटे चोट आयी है व जान से मारने की धमकी देकर चले गये। वहीं ग्राम ज्ञानीपुर राम प्रसाद मजरा थानपुरवा के रहने अमर प्रताप यादव पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि बीते गुरुवार के देर शांयकाल लगभग आठ बजे रात को अधियारी दारु ठेके के पास गांव के ही विपक्षी रविधर पैसे के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गयी।

**उपलब्धि** दोनों एजेंसियों ने लक्ष्य से अधिक किसानों से खरीद डाला धान, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 मूल्य समर्थन योजना के तहत जिले में हो रही खरीद

# धान खरीद : यूपीपीसीयू व पीसीएफ ने की रिकार्ड तोड़ खरीद

गोंडा कार्यालय



मंडी परिसर में स्थापित धान क्रय केंद्र। अमृत विचार

**अमृत विचार:** खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 मूल्य समर्थन योजना के तहत जिले में खरीद हो रही है। पीसीयू व पीसीएफ ने जो लक्ष्य खरीद का मिला था उसको भेदते हुए लक्ष्य से अधिक से खरीद कर ली है। यूपीपीसीयू आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष 106 फीसदी व पीसीएफ 101 फीसदी धान खरीद कर चुका है। जनपद को शासन ने 105000 मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा था। धान खरीदने के लिए 125 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। धान खरीदने की जिम्मेदारी 6 एजेंसी को दी गई है। जिसमें खाद्य विभाग, पीएसएफ, यूपीपीसीयू, यूपीएसएस, भारतीय खाद्य निगम तथा मंडी सीमित है। सभी एजेंसी को किसानों से धान खरीदने का अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है। अब तक जो खरीद हुई हैं, उनमें से यूपीपीसीयू व पीसीएफ ने ही लक्ष्य के मुताबिक धान की खरीद की है। आंकड़ों की माने तो जो लक्ष्य मिला था उसके सापेक्ष यूपीपीसीयू ने 106 फीसदी खरीद की है। यूपीपीसीयू के 44 केंद्र संचालित है। इनको खरीद का लक्ष्य 38 हजार मीट्रिक टन दिया गया था। इसी तरीके से पीसीएफ ने जो लक्ष्य शासन के द्वारा मिला था उसके सापेक्ष 101 फ़ीसदी खरीद कर ली है। पीसीएफ को 16 हजार मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य मिला था। जिसको पूरा कर लिया है । शेष एजेंसियां भी खरीद में डटी हुई है।

### जिले में 93 फीसदी हो चुकी है धान की खरीद

जनपद के खरीद पर गौर किया जाए तो अब तक लक्ष्य के सापेक्ष 93 फीसदी खरीद हो चुकी है। धान खरीद से जुड़े अफसर का दावा है कि जल्द ही लक्ष्य के सापेक्ष खरीद हो जाएगी। फिलहाल चुनावी वर्ष को देखते हुए माना जा रहा है कि जो भी किसान सरकारी क्रय केंद्र पर अपनी उपज को लायेगा उसको केंद्र प्रभारी जरूर खरीदेंगे। हालांकि एक बार फिर खुले बाजार में धान के मूल्य में उछाल आया है जो सरकारी मूल्य के आसपास ही है। इसकी वजह से सरकारी केंद्रो पर धान की आवक कम देखे जा रही है। लेकिन सरकारी केंद्र को जो खरीदने का लक्ष्य मिला था वह उसके काफी करीब पहुंच चुके हैं। सरकार के मंशा के अनुसार खरीद जिले में हो रही है।

> लक्ष्य के सापेक्ष जनपद में खरीद करीब-करीब हो गई है। जो लक्ष्य शासन ने जिले के एजेंसियों को खरीदने का दिया था। उसके सापेक्ष 93 फ़ीसदी खरीद हो गई है। सारे केंद्र खुले हुए हैं। जो किसान अपने फसल को लेकर बेचने आ रहे हैं उनके धान को खरीदा जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार जो लक्ष्य शासन ने दिया था उसको पूरा कर लिया जाएगा।
>
> -प्रज्ञा मिश्रा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी



लखनऊ रोड स्थित एक शोरूम पर इलेक्ट्रिक वाहन का उद्घाटन करते आरटीओ।

### प्रदूषण मुक्त वाहनों का पंजीकरण होगा निःशुल्कः एआरटीओ

गोंडा कार्यालय : डीजल व पेट्रोल इंजन वाले वाहनों की बढ़ती संख्या से पर्यावरण प्रदूषण काफी बढ़ा है। अब पर्यावरण हित में इलेक्ट्रिक वाहन आज की जरूरत बनते जा रहे हैं। ऐसे मे वाहन कंपनियों को पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त वाहनों के निर्माण को प्रोत्साहित करना चाहिए। ये बातें एआरटीओ बबिता वर्मा ने गुरुवार को एक इलेक्ट्रिक कार के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि शून्य प्रदूषण कारी इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के प्रोत्साहन के लिए सरकार भी आगे आई है। बताया कि पहले एक लाख इलेक्ट्रिक वाहनों को पंजीकरण शुल्क से मुक्त रखा गया है। इस अवसर पर आरआई संजय कुमार दास, महिंद्रा मोटर्स के जीएम एसके मिश्रा और एस .एम रासेश मिश्रा मौजूद रहे। ब्रांच मैनेजर धर्मेंद्र शुक्ला ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### बीएसए ने गैर हाजिर शिक्षकों का रोका वेतन

**बहराइच, अमृत विचार :** शिवपुर विकासखंड के संविलियन विद्यालय अरनवा में बुधवार को कई शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे। संविलियन विद्यालय में सुबह 10 :30 बजे तक प्रधानाध्यापक से लेकर सभी शिक्षक गैर हाजिर रहे। जिसके चलते विद्यालय में छात्राएं खेलते दिखे। इतना ही नहीं वह मौजूद बच्चे भी कहते दिखे कि शिक्षक अभी नहीं आए हैं आ जाएंगे। इसका वीडियो बनाकर लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ए आर तिवारी के पास भी पहुंचा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वीडियो सही है। दो शिक्षक ट्रेनिंग, एक शिक्षक मेडिकल अवकाश पर थे। एक शिक्षक विद्यालय नहीं आए थे। बीएसए ने बताया कि गैर हाजिर शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है।

### धर्म परिवर्तन का आरोप छह पर मुकदमा

**बहराइच, अमृत विचार :** फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नौबस्ता में ईसाई धर्म का प्रचार करने और धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि धर्मेंद्र वर्मा पुत्र गुड्डू ने नीलम पत्नी राम बचन, राम बचन पुत्र सुमिरन, मनसा राम पुत्र महादेव निवासी गण पंडितपुरवा ससना थाना हुज़ूरपुर, रेशमा पत्नी राजेंद्र निवासी नौबस्ता थाना फखरपुर के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। सभी के विरुद्ध केस दर्ज कर राम बचन तथा मनसाराम हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### गर्म पानी गिरने से बालिका झुलसी

**बहराइच, अमृत विचार :** फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कचना सलारपुर गांव निवासी यासमीन (12) पुत्री नान्हू शुक्रवार सुबह पानी गर्म कर रही थी। गर्म पानी को लेकर वह जाने लगी। तभी भगोना नीचे गिरने से पानी ऊपर गिर गया और वह झुलस गई। उसे आसपास के लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# जुमे की नमाज को लेकर हाई अलर्ट पर रही पुलिस

जरवल/रूपईडीहा




बहराइच के जरवल और रूपईडीहा में फ्लैग मार्च करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार को पुलिस हल्द्वानी घटना को लेकर अलर्ट रही। लखनऊ मार्ग से लेकर नेपाल सीमा तक कड़ी सुरक्षा बरती गई। पुलिस पैदल मार्च करती रही।

उत्तराखंड में हिंसा के बाद कर्फ्यू को देखते हुए पूरे प्रदेश में पुलिस और सुरक्षा एजेंसी को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कैसरगंज में जुमे की नमाज को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज राजनाथ सिंह ने पुलिस बल के साथ कस्बे में पेट्रोलिंग करते हुए फ्लैग मार्च किया। पेट्रोलिंग के दौरान सडकों पर रेडी और ठेला लगाकर अतिक्रमण कर रहे लोगों को सख्त चेतावनी देकर अतिक्रमण हटवाया गया और भविष्य में सडकों पर अतिक्रमण करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई। पेट्रोलिंग के दौरान धर्म गुरुओं से मिलकर शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील की गयी। तहसील कैसरगंज, राम लीला मैदान, गुथिया मोड,नवीन गल्ला मण्डी,सीएचसी, हनुमान मंदिर, ऐनी मोड समेत कस्बा भ्रमण के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में पुलिस को सूचना देने की अपील की गयी। प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज राजनाथ सिंह ने बताया कि उत्तराखंड की घटना को देखते हुए जुमें की नमाज को लेकर कैसरगंज में पुलिस फोर्स के साथ पेट्रोलिंग करते हुए फ्लैग मार्च किया गया है। सडकों पर अवैध रूप से रेडी और ठेला लगाने वालों को अतिक्रमण नही करने के लिए कहा गया है। उधर भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में शुक्रवार की नमाज को लेकर आदर्श थाना रुपईडीहा की पुलिस अलर्ट रही। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह और नायब तहसीलदार शैलेश कुमार अवस्थी की अगुवाई में पुलिस और एसएसबी जवानों ने फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। इस दौरान उप निरीक्षक विजय कुमार, एसआई जीतेश कुमार और एसएसबी जवान मौजूद रहे।

### खुली बैठक में नहीं उपस्थित हुआ शिकायतकर्ता

**मिहीपुरवा, बहराइच :** तहसील क्षेत्र के बड़खडिया गांव निवासी एक ग्रामीण ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर नेपाली नागरिक का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप लगाया। लेकिन शुक्रवार को आयोजित खुली बैठक में वह नहीं पहंचा। मोतीपुर तहसील के बरखड़िया में आज डीपीआरओ के नेतृत्व में खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के माध्यम से डीपीआरओ राघवेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि मैकू पुत्र सुकई उर्फ कल्लू द्वारा यह शिकायत की गई थी कि मैकू पुत्र कल्लू नाम से किसी नेपाली व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र बना दिया गया था। इस बार की बैठक में शिकायतकर्ता उपस्थित नही हुए उनको जो पत्र दिया गया था उसकी उन्होंने रिसीव करने से मना कर दिया था। इस दौरान ग्राम प्रधान जयप्रकाश ग्राम पंचायत सचिव दीपक चौधरी ग्राम प्रधान सुजौली राजेश गुप्ता, पूर्व प्रधान राज किशोर मिश्रा, भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य प्रमोद आर्य मोहम्मद इदरीश आदि उपस्थित रहे।

# मौनी अमावस्या पर सरयू नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



कटका में स्नान करते लोग।

**कैसरगंज/रिसिया, अमृत विचार :** कैसरगंज से 15 किलोमीटर दूरी पर सरयू के तट पर बना प्राचीन कटका मंदिर के घाट पर सैकड़ो की संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी सनातन धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष महत्व है माघ माह में आने वाली अमावस्या, माघ अमावस्या या मौनी अमावस्या कहलाती है। शास्त्रों में माघ के महीने को दान-पुण्य, पूजा-पाठ आदि के लिए बहुत शुभ एवं पुण्यकारी माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन ऋषि मनु का जन्म हुआ था, इसलिए इसे मौनी अमावस्या भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन मौन रहकर स्नान दान ईश्वर की आराधना करने से विशेष फल मिलता है। इस दिन भगवान शिव और भगवान विष्णु का पूजन करना बेहद शुभ होता है। पितरों का आशीर्वाद पाने के लिए इस दिन को बेहद खास माना गया है। इस दिन दान,तर्पण करने से पूर्वज प्रसन्न होते हैं और अपना आशीर्वाद देते है। उधर रिसिया के बंगला चक के इस कपूरे बाबा का आश्रम एक टीले पर स्थित है।और बगल में बंगला चक का जंगल भी है। इस स्थान पर हर वर्ष मौनी अमावस्या पर मेले का आयोजन होता है।पिछले आठ दिनों से इस स्थान पर श्री मद भागवत कथाका भी आयोजन हुआ,और अंतिम दिन भंडारा भी हुआ। सुबह से ही आश्रम पर कपूर चढ़ाने की होड़ लगी हुई थी,उसके बाद आश्रम कमेटी ने मेले का आयोजन किया।इस मेले का आयोजनसरोज सिंह प्रधान प्रतिनिधि किया।

# मदरसे के छात्रों ने खाया भरभंडा का बीज, हालत गंभीर

## सगे भाई बहन समेत छह बच्चे जिला अस्पताल में कराए गए भर्ती

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के खलवा ग्राम पंचायत में स्थित दारुल उलूम निजामिया मदरसा के छात्र गुरुवार दोपहर में पढ़ाई के बाद घर जा रहे थे। रास्ते में आते समय बच्चों ने भरभंडा का बीज खा लिया। जिससे सभी की हालत गंभीर होने पर सभी को देर शाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम खलवा में मदरसा दारुल उलूम निजामी संचालित है। इस मदरसे में क्षेत्र के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते हैं। गुरुवार को नकाही गांव निवासी फातिमा (11), शबनूर (10) पुत्री नियाज, छोटी बहन सिफा (8), धर्मनपुर गांव निवासी शामिया (10), भाई शारिक (8) और सुहेल (4) मदरसे से इंट्रेवल में घर आ रहे थे। सभी ने रास्ते में भरभंडा का बीज मूंगफली समझ कर खा लिया। कुछ देर बाद सभी को उल्टी होने लगी। इस पर नजदीकी अस्पताल ले गए। यहां हालत गंभीर होने पर रात नौ बजे सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में सभी का इलाज चल रहा है। ईएमओ डॉक्टर शिवम मिश्रा ने बताया कि सभी बच्चों ने भरभंडा का बीज खाया था। इलाज के बाद हालत में सुधार है।



जिला अस्पताल में भर्ती मदरसा के छात्र।

### घर लाकर खिला दिया

जिला अस्पताल में भर्ती धर्मनपुर गांव निवासी शरीफ की मां आशिया ने बताया कि उसका 4 वर्षीय बेटा सोहेल घर पर था। इन्हीं बच्चों में से किसी ने बीज लाकर मेरे बेटों को खिला दिया जिससे उसकी भी हालत खराब हो गई।

### जलमग्न की भूमि पर बने मकान पर चला बुलडोजर

**जरवल, बहराइच :** उच्च न्यायालय के आदेश पर जरवल में जलमग्न की भूमि पर बने दो मंजिला मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हाईकोर्ट के आदेश पर तहसीलदार कैसरगंज न्यायालय ने जलमग्न की भूमि से अतिक्रमण हटाने का आदेश पारित किया था। बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार जरवल राजस्व कर्मियों और पुलिस बल की मौजूदगी में मकान तोड़ दिया। जरवल नगर पंचायत के मोहल्ला अहमद शाह नगर में उच्च न्यायालय के आदेश पर जलमग्न की भूमि गाटा संख्या 589 पर बने आयशा खातून के मकान के ध्वस्तीकरण का आदेश न्यायालय तहसीलदार कैसरगंज ने 8 दिसम्बर 23 को पारित कर दिया था। पूर्व चैयरमैन मो .वसी अंसारी के पुत्र अरसद आलम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर जलमग्न की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया था।उच्च न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार कैसरगंज ने बेदखली का आदेश पारित कर दिया था। न्यायालय के आदेश पर बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार जरवल पीपी गिरी, राजस्व निरीक्षक वाहिद कमाल,लेखपाल राम किशुन,थानाध्यक्ष जरवलरोड ब्रजराज प्रसाद, उपनिरीक्षक भृगुनाथ सिंह, आदित्य कुमार,आरक्षी,राहुल कुमार यादव, रणंजय साहनी के साथ भारी पुलिस बल लगाकर जेसीबी से मकान के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। नायब तहसीलदार जरवल पीपी गिरी ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार कोर्ट ने अवैध कब्जा हटाने का आदेश पारित किया था।उसी क्रम में मकान तोड़कर कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई है।

# भाजपा की ओर से प्रवासी कार्यक्रम का आयोजन

जरवलरोड, बहराइच



भाजपा की ओर से आयोजित प्रवास कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** गांव चलो अभियान के अंतर्गत बूथ प्रवासी भाजपा कार्यकर्ता गांव गांव में प्रवास कर बूथ स्तरीय समिति के साथ ग्रामीणों में अलख जगा रहे हैं।

भाजपा मंडल जरवल के गांव चलो अभियान का संयोजक जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश अवस्थी एवं सह संयोजक मंडल मंत्री चतुर्गुण वर्मा को बनाया गया है। चार से ग्यारह फरवरी के बीच मंडल के प्रत्येक गांव में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बूथ को मजबूत करने की महत्वाकांक्षी योजना है। भाजपा नेता एवं मंडल संयोजक अवस्थी ने बताया कि शत प्रतिशत अभियान को सफल बनाने के लिए उनके जरवलरोड स्थित आवास पर मंडल अध्यक्ष जरवल पवन वर्मा के साथ बैठक कर शक्तिकेन्द्र संयोजक प्रभारी एवं प्रवासी कार्यकर्ताओं को अभियान के लिए आवश्यक जानकारी दी गई।अभियान के प्रगति की सेक्टर वार समीक्षा की गई जिसे लेकर प्रवासी कार्यकर्ता 24 तक घंटे गांव गांव प्रवास कर बूथ सत्यापन दीवार लेखन नमो ऐप डाउन लोडिंग जनसंघ कालीन कार्यकर्ताओं एवं पन्ना प्रमुखों से सम्पर्क कर बूथ को मजबूत कर रहे हैं तथा राष्ट्रवादी विचारधारा के लोंगों को भाजपा की विचारधारा से जोड़कर एक बार फिर सरकार बनाने, मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील कर रहे हैं। इस अवसर पर सह संयोजक चतुर्ण वर्मा,मंडल महामंत्री प्रदीप जायसवाल, शक्तकेन्द् संयोजक तपेसिपाह राम धीरज चौहान, अहाता धर्मराज यादव, सपसा राम प्रताप वर्मा, रेवढ़ा नन्दन गौड़ आदि संयोजक प्रभारी प्रवासी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक ने किया पैदल मार्च

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद भिनगा के अन्तर्गत भिनगा बाजार में सड़क व पटरियों पर अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु जिलाधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने गुरूवार को रात्रिकाल में अशोक तिराहे से लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय भिनगा तक पैदल मार्च किया।



इस दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय व्यापारियों एवं दुकानदारों से वार्ता कर अतिक्रमण न करने हेतु अपील किया और कहा कि जिन दुकानदारों एवं व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण किया गया है, वह स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा अभियान के दौरान कोई रियायत नहीं बरती जायेगी। अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाते हुए जुर्माना भी वसूल किया जायेगा। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा नगर/कस्बों में दुकानदारों व व्यापारियों को पहले से ही आगाह किया गया है। यदि उनके द्वारा अब भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। अवैध अतिक्रमण से वाहनों के आने-जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पैदल मार्च के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक राम दत्तराम, उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल चौबे, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा डा0 अनीता शुक्ला, व्यापार मण्डल के अरविन्द गुप्ता, दीनानाथ गुप्ता, सूफी सगीर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# मुख्य विकास अधिकारी ने गौ-आश्रय स्थल का किया आकस्मिक निरीक्षण



**श्रावस्ती, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने विकास खण्ड गिलौला अन्तर्गत ग्राम गोडारी में स्थित गौ-आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चन्नी व भूसा व्यवस्था, पानी व प्रकाश व्यवस्था तथा जल निकासी आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से टीकाकरण व ईयर टैगिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी ली तथा गौशाला प्रबंधक को निर्देशित किया है कि समय से पशुओं का टीकाकरण होता रहे, ताकि पशु बीमार न होने पाए। उन्होंने छाया व प्रकाश व्यवस्था को भी मुकम्मल ढंग से सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी संरक्षित पशुओं की टैगिंग कराना सुनिश्चित करें। क्षमता के अनुसार पशु संरक्षित कराने तथा हरे चारे के रूप में नैपियर घास लगवाने तथा भूसा का स्टोर कराने के निर्देश दिया है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुमार गौरव सहित गौशाला प्रबन्धक एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-338

**बाएं से दाएं**

1. (साहित्य) एक शब्दालंकार जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो कई भाषाओं में समान अर्थ देते हों।
4. 1. वह राज्य या शासन जिसमें अव्यवस्था और भ्रष्टाचार हो, ऐसा राज्य-प्रबंध जिसमें जनता के कल्याण या सुख-सुविधाओं का कोई प्रावधान या व्यवस्था न हो 2. कुश नामक घास का आसन, कुश की बनी हुई चटाई।
7. 1. भौरों के गुंजार से युक्त 2. किसी प्रकार की गूंज से युक्त 3. (स्थान आदि) जो गूंज से भर गया हो।
8. 1. झाड़ने पर निकलने वाली धूल अथवा रद्दी चीज़ें या उनके टुकड़े, गर्द, कूड़ा, (डस्ट) 2. वह कपड़ा जिससे चीज़ें झाड़ी या साफ़ की जाती हैं, मार्जक, (डस्टर)।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वसंत ऋतु 2. चैतमास।
3. 1. तौलने की क्रिया या भाव 2. तौलने की मज़दूरी।
5. 1. जिन पर शासन किया गया हो 2. जो शासन के अधीन हो 3. नियंत्रित 4. दंडित।
6. 1. जानने-समझने की क्षमता, समझ, दिमाग 2. बुद्धि, प्रतिभा, कौशल 3. समझने-बूझने की योग्यता, धारणाशक्ति 4. स्मरणशक्ति, याददास्त।



### वर्ग पहेली - 337 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 लु | 2 टि | या | | 3 मो | था |
| | का | | 4 हँ | | |
| 5 गाँ | व | वा | सी | | 6 टो |
| ड़ | | | खे | | का |
| र | | 7 बे | ल | बू | टा |
| | | डो | | | की |
| | 8 बि | ल | टी | | |

## सुडोकू-55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 2 | 9 | | | 6 | | 3 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | | | 4 | | 3 |
| | 6 | | | | | 8 | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | | |
| 8 | | 1 | | | | | 3 | 4 |
| 7 | | | 2 | | | | | |

### सुडोकू - 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 |

### छेड़छाड़ करने के अपराध में 3 वर्ष के सश्रम कारावास व 5 हज़ार रुपए के अर्थदंड की सजा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जनपद न्यायालय पॉक्सो नाबालिग से छेछछाड़ करने के अपराध में अभियुक्त कन्हैयालाल उर्फ़ कन्हई पुत्र अवधराम उर्फ़ दद्दू निवासी लंगड़ी मोड़ दा0 गोपालपुर थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को दोषी मानते हुये तीन वर्ष के सश्रम कारावास व पांच हज़ार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया।

# राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने केन्द्र के फैसले को सराहा

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** किसानों के मसीहा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न देकर सम्मानित किए जाने को लेकर जिले के राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त है । शुक्रवार को मालीपुर क्षेत्र के लक्ष्मणपुर बैराज पर लगी स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष राजकुमार ओझा द्वारा माल्यार्पण किया गया । इस मौके पर राजेश शुक्ला ,प्रदेश सचिव सैयद अली शाह, प्रदेश सचिव ननकू, प्रसाद विमल ओझा, शाहिद, काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे ।



## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 11 फरवरी 00 .47 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष:** आज आप अपने प्रभाव के दम पर उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के करियर को लेकर चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ आप गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

**वृष:** आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। व्यापार में कुछ बदलाव लाने की दिशा में काम कर सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। अपनी कुशल रणनीति से विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। पुराने नुकसान की भरपायी हो जायेगी।

**मिथुन:** आज निजी रिश्तों में समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। परिवार के किसी सदस्य पर क्रोध आ सकता है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिये। जॉब में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। वैवाहिक जीवन की समस्याओं का निराकरण होगा।

**कर्क:** आज घर का वातावरण नकारात्मक हो सकता है। अपने बजट का ध्यान रखते हुए ही काम करें। भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। उतावलेपन के कारण काम प्रभावित हो सकते हैं। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**सिंह:** आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी आय में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जाने का प्लान करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कन्या:** आज ऑफिस में लापरवाही के कारण काम रुक सकते हैं। स्वयं को व्यस्त रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। धन संबंधी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कठिन काम सौंपा जा सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**तुला:** आज बेरोजगार लोगों को नौकरी की चिन्ता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। काम की अधिकता के कारण प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। ऑफिस में घरेलू मामलों को लेकर तनाव हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में उधारी करने से बचें। मन में नए रचनात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। अपने खर्च का हिसाब रखें। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। उत्तम वाहन सुख की प्राप्ति होगी। माता का आशीर्वाद लेकर काम शुरू करें।

**धनु:** आज आपको व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप कई सारे कार्यों को एकसाथ करने का प्रयास करेंगे। जॉब में आपको बड़ा काम सौंपा जा सकता है। विद्यार्थी गम्भीर विषयों का अध्ययन करने में रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**मकर:** आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियां हो सकती है। पैतृक संपदा प्राप्त हो सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। परिवार के सदस्यों के बीच व्यवहार खराब हो सकता है।

**कुंभ:** आज मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे। रिश्तेदारों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आप लोगों की मदद करने को आतुर रहेंगे। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**मीन:** आज घरेलू कार्यों में आप उलझे रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर अहङ्कार न करें। भावनाओं के कारण नुकसान हो सकता है। संपत्ति के मामलों को लेकर सावधानी जरूरी है। मन में अज्ञात भय रहेगा। वाद-विवाद और बहसबाजी से आपको बचना चाहिए।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20 .34 तक तत्पश्चात शतभिषा।

## आज की फिल्में

लाल बादशाह
सुबह : 09 .00

नो प्रॉब्लम
शाम : 06 .00

दिल तो बच्चा है जी
सुबह : 09 .56

हर दिल जो प्यार करेगा
शाम : 06 .04

बड़े घर की बेटी
सुबह : 09 .15

चांदनी
शाम : 06 .15

अंदाज
दोपहर : 12 .25

किसका भाई किसकी जान
रात : 09 .25

एयरलिफ्ट
सुबह : 10 .54

फोर्स 2
शाम : 04 .32

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम-06 .04 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- मुझे समझदार औरत से शादी करनी चाहिए थी
पत्नी- समझदार औरत तुमसे कभी शादी नहीं कर सकती।
पति- मुझे बस यही साबित करना था।
पति की बात सुनकर पत्नी रह गई दंग।

बॉस ने जोक सुनाया तो पूरी टीम हंसने लगी, बस एक लड़का नहीं हंसा...
बॉस ने पूछा- क्या तुम्हें मेरा जोक समझ नहीं आया?
लड़का- सर, मेरा सलेक्शन दूसरी कंपनी में हो गया है...
लड़के की बात सुनकर बॉस दंग रह गए।

# बहराइच-नेपालगंज मीटर गेज लाइन पर अंतिम बार रवाना हुई ट्रेन

**इंजन को फूल मालाओं से सजाया, भावुक हुए यात्री**

बहराइच

**अमृत विचार:** बहराइच-नेपालगंज मीटर गेज रेल लाइन पर शुक्रवार को अंतिम बार ट्रेन रवाना हुई। इस दौरान ट्रेन और इंजन को फूल मालाओं से रेलवे कर्मचारियों ने सजाया। अंतिम दिन यात्रा करते हुए प्रखंड के यात्री काफी भावुक दिखे।

पूर्वोत्तर रेलवे के बहराइच नेपालगंज मीटर गेज रेल लाइन को 10 फरवरी से आमान परिवर्तन के लिए बंद कर दिया जायेगा। इसको देखते हुए बहराइच से नेपालगंज के मध्य शुक्रवार को अंतिम बार ट्रेन रवाना हुई। बहराइच रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन को फूल और माला से सजाया गया। स्टेशन अधीक्षक एके विद्यार्थी की मौजूदगी में रेल कर्मियों ने चालक को विदाई दी। इसके बाद दोपहर में ट्रेन नेपालगंज के लिए रवाना हुई। अंतिम दिन मीटर गेज रेल लाइन पर ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्री भी भावुक दिखे। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अब शनिवार से इस प्रखंड पर ट्रेन का संचालन नहीं होगा। बड़ी रेल लाइन बनने के बाद ट्रेन का संचालन होगा। लेकिन इसके लिए दो से तीन वर्ष का इंतजार करना पड़ेगा।




मीटर गेज रेल लाइन पर सजा ट्रेन का इंजन और अंदर बैठे यात्री। अमृत विचार

### परिवार के लोग भी हुए शामिल

बहराइच रेलवे स्टेशन पर नेपालगंज के लिए पैसेंजर ट्रेन रवाना हुई तो रेलवे कर्मचारियों ने स्वागत किया। वहीं ट्रेन के चालकों ने अपने बच्चों को भी साथ लिया। अंदर डिब्बे में जाकर यात्रियों को शुभ कामनाएं दी। माहौल गमगीन हो गया।

## एक नजर

### एसडीएम व सीओ ने की वार्ता

**बहराइच :** फखरपुर थाना के बुबकापुर गांव निवासी कृष्ण कुमार व सोमेश्वर प्रसाद त्रिवेदी के बीच जमीनी विवाद चल रहा था बुधवार शाम को जमीन कबजेदारी को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया इसके बाद शुक्रवार को एस डीएम पंकज दीक्षित,क्षेत्राधिकारी,उपेंद्र गौड़, टीम के साथ पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत किया और वहां पर शांत व्यवस्था बनाए रखने की अपील की उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन करें।इस मौके पर एसओ अनुज त्रिपाठी नायब तहसीलदार वृजेश कुमार, राजस्व निरीक्षक सुरेश चन्द्र गुप्ता,राममनोहर,शैलेन्द्र यादव, लेखपाल महावीर, कृष्ण मुरारी गुप्ता रामु श्रीववस्त्व,मौजूद रहे।

### कंबल वितरण का आयोजन

**पयागपुर, बहराइच :** मौनी अमावस्या के पर्व पर नगर पंचायत परिसर में चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा नगर क्षेत्र मे निवास करने वाले गरीब असहाय निराश्रितों को ऊनी कम्बल वितरित किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में लिपिक सत्यपाल यादव,सभासद बजरंग बहादुर शर्मा, विष्णू यादव, रंजीत सभासद प्रतिनिधि, विवेक रावत अनुपम सिंह सहित कर्मी मुकेश अग्रवाल, फैज अहमद, राहुल तिवारी, अंकित सिंह, देवेन्द्र सिंह, सूरज, अश्वनी मिश्रा, श्रवण गुप्ता, आकाश, प्रहलाद आदि मौजूद रहें।

### बाइक सवार घायल

**जरवलरोड, बहराइच :** जरवलरोड के ग्राम सभा घुरनपुर अहिरन पुरवा निवासी 46 वर्षीय विजय यादव पुत्र बाबूराम जरवलरोड बाजार आए थे। दोपहर में वापस लौटते समय लखनऊ बहराइच मार्ग झुकिया ग्राम के निकट तेज रफ़्तार से अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दी। पास मौजूद लोगों की सहयोग से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया गया है।

# घर का ताला तोड़ जेवरात और अन्य सामान की चोरी

कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार:** कुडौनी में देर रात घर में घुसे चोर जेवरात और अन्य सामान उठा ले गए।

शहजाद अली की पत्नी सुफिया खातून अपने बच्चों के साथ सो रही थीं। पास स्थित कमरे में रखी अलमारी को चोरों ने निशाना बनाया और अलमारी में रखे सोने के जेवर, झुमकी पायल टप्स आदि लेकर फरार हो गए। शुक्रवार की सुबह जब महिला ने देखा तो कमरे का दरवाजा खुला मिला और अंदर रखी अलमारी के सारे लाकर खुले मिले और कीमती सामान गायब था। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की तफ्तीश शुरू कर दी है।



चोरी के बाद जांच करती पुलिस।

# टेढ़ी नदी को अविरल बनाएंगे मनरेगा श्रमिक

## नदी के पास की हर ग्राम पंचायत से लिये जाएंगे 100 श्रमिक, बुधवार से शुरू होगा सफाई कार्य

बहराइच

**अमृत विचार :** टेढ़ी नदी को अविरल बनाने के लिए अब मनरेगा श्रमिकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यही कारण है कि बुधवार से मनरेगा श्रमिक टेढ़ी नदी की सफाई का कार्य शुरू करेंगे। टेढ़ी नदी स्वच्छ होने से कई लाभ लोगों को मिलेगा। पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा।

जिले के चितौरा में टेढ़ी नदी का उद्गम माना जाता है। टेढ़ी नदी चितौरा से होते विकास खंड हुजूरपुर, पयागपुर और विशेश्वरगंज होते हुए गोंडा जनपद में प्रवेश कर जाती है। यह नदी इस समय साफ सफाई के अभाव में काफी गंदा है। नदी के सफाई कार्य को लेकर कई स्वयंसेवी संस्थाओं ने आवाज भी उठाया है। इसके जीर्णोधार और नदी की धारा को अविरल बनाने के लिए अब मनरेगा श्रमिकों को जिम्मेदारी मिली है। मनरेगा के उपायुक्त केडी गोस्वामी ने बताया कि बुधवार से टेढ़ी नदी के सफाई का कार्य मनरेगा मजदूरों की ओर से किया जायेगा। मनरेगा उपायुक्त ने बताया कि तीन ब्लॉक के मनरेगा श्रमिक इसमें सफाई कार्य करेंगे। उन सभी को मनरेगा की मजदूरी भी दी जाएगी। जिसमें नदी से सटे ग्राम पंचायत से 100 से 150 की संख्या में श्रमिक लिए जायेंगे। लगभग डेढ़ हजार से दो हजार श्रमिक इस कार्य में लगेंगे।उन्होंने बताया कि बहराइच से शुरू होकर सफाई कार्य गोंडा जनपद तक जाएगा। नदी का सफाई कार्य होने से किसानों के साथ आम लोगों को भी लाभ मिलेगा। मालूम हो कि सफाई कार्य के लिए बीते सप्ताह ड्रोन से फोटोग्राफी भी की गई थी।



चितौरा स्थित टेढ़ी नदी में जमा गंदगी।

### अब पूरी हो जाएगी मांग



केडी गोस्वामी उपायुक्त मनरेगा। अमृत विचार

टेढ़ी नदी काफी पौराणिक नदी है इसका उद्गम स्थल भी बाहरी जनपद को माना जाता है। इसमें वर्तमान में जलकुंभी और सवार की मात्रता अधिक है। इसको देखते हुए मनरेगा मजदूरों से सफाई का कार्य शुरू कराया जाएगा लोगों की लंबे अरसे से चली आ रही मांग पूरी हो जाएगी।

### ये होगा लाभ

मनरेगा उपयुक्त खेती गोस्वामी ने बताया की टेढ़ी नदी के साफ होने से पानी का संरक्षण होगा। साथ ही जलधारा की क्षमता बढ़ेगी बारिश के दौरान इधर-उधर जाने वाला पानी नदी में ही एक स्थान पर रुक सकेगा। इसका लाभ सभी को मिलेगा

# डीएम ने किया गल्ला मण्डी परिसर का निरीक्षण

बहराइच

**अमृत विचार :** शहर के गल्ला मंडी का शुक्रवार को डीएम ने एडीएम के साथ निरीक्षण किया। बेहतर व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए।

आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतपेटिकाओं को सुरक्षित रखने तथा मतगणना इत्यादि कार्यो के लिए चिन्हित किये गये स्थानों पर की जा रही तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के साथ कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर का निरीक्षण किया। मण्डी परिसर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के अवर अभियन्ता समरजीत व जितेन्द्र कुमार को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार फुल-प्रूफ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। जिलाधिकारी ने सचिव मण्डी धनन्जय सिंह को निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्य के लिए चिन्हित स्थलों की पर्याप्त साफ-सफाई एवं रंग-रोगन तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत का कार्य समय से सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि स्ट्रांगरूम के लिए चिन्हित किये गये कमरों की छत एवं फर्श इत्यादि का भली प्रकार से अवलोकन कर उसकी भी मरम्मत करा दी जाय, सभी सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए संभावित स्ट्रांग रूम स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान दिये जाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि स्ट्रांगरूम से मतगणना स्थल तक ईवीएम को लाने-ले-जाने के लिए सुव्यवस्थित गलियारों की व्यवस्था की जाय।



गल्ला मंडी का निरीक्षण करतीं डीएम। अमृत विचार

# बाइक व एक लाख न मिलने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

**बहराइच, अमृत विचार:** एक ही गांव में रहने वाले युवक युवती में प्यार हुआ। कोर्ट में शादी कर युवती ससुराल मे रहने लगी। कुछ दिनों बाद पति व ससुरालवालो ने दहेज में बाइक व एक लाख की नकदी मांगी। दहेज न मिलने पर युवती को घर से भगा दिया और तलाक दे दिया। पीड़िता मासूम बेटी के साथ मायके में रह रही है। पति सहित चार को नामजद कर दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक मामले में केस दर्ज कराया गया है। रूपईडीहा थाने के गंगापुरवा के मजरे मिहीं की बानो का गांव के ही हजरत अली से प्रेम हो गया। हजरतदीन व बानों ने कोर्ट में 15 अक्तूबर 2022 को शादी कर ली। बानो को बेटी के जन्म के बाद पति व ससुरालवालो ने बानो से मायके से बाइक व एक लाख नकदी बतौर दहेज की मांग कर मारपीट कर उत्पीड़न शुरू हो गया। बानो ने मायके की आर्थिक स्थिति कमजोर होने का हवाला देकर असमर्थता जताई। जनवरी के पहले सप्ताह में पति व ससुरालवालो ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। 24 जनवरी को हजरत अली उसके मायके स्थित घर के दरवाजे पर पहुंचा। उसे दरवाजे से तीन तलाक कह चला गया। थाने मे दी गई तहरीर पर केस दर्ज नहीं किया गया। एसपी के हस्तक्षेप के बाद पति सहित चार पर केस दर्ज किया गया है।

# बच्चों को शिक्षित करें अभिभावक : एसपी

बहराइच

**अमृत विचार :** शहर के एक लान में शुक्रवार को बाल श्रमिक पुनर्वास पारिवारिक व्यवसायिक सहायता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बाल श्रम को रोकने और बच्चों को स्कूल भेजने पर बल दिया।

जिले में प्रथम संस्था द्वारा जनपद के 50 बच्चे बालश्रम के लिए पलायन से रोके गए। इन बच्चों के परिवारों को शिक्षा के लिए आर्थिक राशि व व्यवसाय के लिए सहायता सामग्री गुमटी, साथ में परचून का सामान वितरण स्नेह उत्सव पैलेस में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला के द्वारा उदघाटन कर वितरण किया गया। एसपी ने उपस्थित सभी अभिभावकों को बाल श्रम के दुष्प्रभाव को अवगत कराते हुए उन्हें उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का आवाहन किया। संस्था के निदेशक किशोर भामरे ने सभी सहायता प्राप्त लोगों को व बच्चों से बाल श्रम न करने व शिक्षा से जोड़ने हेतु मदद का आश्वासन दिया। सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने श्रम विभाग की सभी योजनाओं के बारे मे विस्तृत चर्चा कर उपस्थिति लोगों को इसका लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन संस्था की सहायक निदेशक स्नेहा शिरगांवकर ने किया। इस अवसर पर प्रोवेशन विभाग, प्रथम संस्था से, अमर पाल सिंह, कीर्तिका सागर,अश्विनी सिंह, राकेश चौबे, शिवनाथ मिश्रा,रेखा देवी, पवन कुमार, गोपी चंद, व तमाम अभिभावक,महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।



बहराइच में आयोजित कार्यक्रम का शुरुआत करतीं एसपी। अमृत विचार

# जमीन के विवाद में मारपीट, 5 पर केस

**रिसिया, बहराइचः** थाना रिसिया के शाहनवाजपुर में जमीन संबंधी पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के लोगो में मारपीट हुई। पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम सहनवाजपुर में जमीनी विवाद को लेकर गुरुवार को मारपीट हो गई थी। रिसिया के सहनवाज पुर के सेमरा कोला निवासी शबाना की तहरीर पर मुकदमा लिखा गया है। इसके तहत खेत के मेड़ के विवाद में दूसरे पक्ष के लोगो ने रंजिश को लेकर देर शाम मारपीट शुरू कर दी। शबाना और महरूबा, सन्नू को लात-घूंसों से पीटा। शाबान की तहरीर पर राम दयाल, अर्जुन, सोनू, इंद्रावती निवासी उपरोक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने एक आरोपी राम दयाल को गिरफ्तार कर लिया है।

## सार-संक्षेप

### शिक्षक बनाता है बच्चों का भविष्यः योगेश त्यागी



प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी का शिक्षकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी शुक्रवार को विशेश्वरगंज के धनुही गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने आये थे।शिक्षक नेता के आगमन पर पयागपुर व विशेश्वरगंज के ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों शिक्षकों ने बस स्टॉप चौराहे पर व पयागपुर आने पर ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री गोपाल शुक्ल सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा श्री त्यागी को पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।प्रदेश अध्यक्ष श्री त्यागी के साथ प्रांतीय उपाध्यक्ष सिराजुद्दीन न्यूटन,जिला मंत्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव,जिला उपाध्यक्ष राम कुमार पांडेय का भी शिक्षकों ने स्वागत किया।इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष व ब्लॉक संरक्षक अतुल त्रिपाठी,मंत्री मंत्री सुशील मिश्रा, अजय पाण्डेय,दुर्गेश श्रीवास्तव,मानवेन्द्र कुमार, बेनी माधव शुक्ल,श्रवण कुमार सरोज,दुर्गा बक्श सिंह,पवन कुमार मिश्रा,अजय श्रीवास्तव सहित तमाम शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### गन्ने की अधिक उपज के लिए नई प्रजाति का चयन करें किसान



किसान गोष्ठी को संबोधित करते महा प्रबंधक। अमृत विचार

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार :** पारले चीनी मिल परसेंडी की तरफ से किसानगंज करेहना के हनुमान मंदिर प्रांगण में शुक्रवार मुख्य गन्ना प्रबंधक जगतार सिंह ने बसंत कालीन गन्ना बुवाई व पेड़ी से अधिक उपज पाने को लेकर किसानों के साथ बैठक की। गन्ना प्रबंधक ने बताया कि इस समय बसंत कालीन की बुवाई लगभग शुरू हो चुकी है, नई प्रजाति का गन्ना जैसे 15023, 14201, 13235, 0118, की ही बुवाई करें। रेडरोड से बचने के लिए 0238 का एक तिहाई ऊपर का भाग ही बुवाई करें। प्रबंधक ने कहा कि मिल द्वारा बुवाई पर ऑर्गेनिक पोटाश, ट्राइकोडर्मा, हैक्जास्टाप स्टॉप पर भारी छूट किसानों को दिया जा रहा है। इस मौके पर गन्ना पर्यवेक्षक गौरी शंकर तिवारी, शिवकुमार मिश्र गन्ना अधिशासी, शेखर त्रिपाठी गन्ना अधिकारी, नीरज सिंह, सुनील कुमार सिंह गन्ना सुपरवाइजर सहित क्षेत्र के गन्ना किसान कौशल किशोर,सोनारी लाल, उमाशंकर मिश्र,अमरेश अवस्थी, रामसबूरत पांडे, सुबोध कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

### दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के बताए तरीके

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के हुजूरपुर मार्ग पर स्थित बालिका विहान विद्यालय में शुक्रवार को दमकल विभाग की ओर से आग से बचाव की जानकारी छात्राओं को दी गई। शहर के हुजूरपुर मार्ग पर समाजशास्त्र विभाग की ओर से बालिका बिहान विद्यालय का संचालन होता है। शुक्रवार को ह्यूमैनिटी संगठन के द्वारा माकड्रिल का आयोजन किया गया। अग्निशमन विभाग के एफएफएम लाखन सिंह ने गैस सिलेंडर में आग लगाकर उसे कैसे बुझाया जाए, इसके बारे में बताया। इसके बाद छात्रों को बाढ़ और सर्पदंश की घटना के दौरान उपलब्ध कराए जाने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान वार्डन प्रिया प्रसाद, शिक्षिका रुमन देवी, निधि मिश्रा, श्रद्धा रैकवार, संजीव कुमार, प्रियंका श्रीवास्तव, भू रत्न समेत अन्य मौजूद रहे।



आग से बचाव की जानकारी देते पदाधिकारी।

### सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं की दी जानकारी

**बहराइच :** रमपुरवा स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति ललईबाग में नाबार्ड और जिला सहकारी बैंक द्वारा सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। ललईबाग समिति द्वारा किसानों को दी जा रही सुविधाएं जैसे सीएससी सेंटर, उर्वरक, बीज ,कीटनाशक , नैनो यूरिया एवम नैनो डीएपी के बारे में अवगत कराया गया। बी पैक्स ललईबाग के अध्यक्ष प्रमोद मिश्र के नेतृत्व में कार्यक्रम में जादूगर द्वारा बच्चों का मनोरंजन भी किया गया और बी पैक्स ललईबाग समिति के सचिव कुलदीप कुमार व जिला सहकारी बैंक हरदी के शाखा प्रबंधक वीरेंद्र कुमार मौर्य द्वारा प्रतियोगता में सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान वीरेंद्र कुमार मौर्य समेत आदि मौजूद रहे।

# राशन कार्ड की सूची से ग्रामीणों के काटे नाम, प्रदर्शन

राजीचौराहा, बहराइच

**अमृत विचार :** तहसील महसी क्षेत्र के ग्राम सभा बमभौरी के सैकड़ो ग्रामीणों ने तहसील महसी मुख्यालय पर पहुंच कर जमकर हंगामा किया। पत्रकारों से बात करते समय ग्रामीणों ने बताया की बिना किसी वैधानिक जांच के एक तरफ से काफी संख्या में पात्र व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड की सूची से हटाए गए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान अभिषेक मिश्र व मंत्री उमेश चंद्र 5000 प्रति व्यक्ति से मांग कर रहे थे जिसे न दे पाने की वजह से सभी के नाम काट दिए गए साथ ही इन सबको धमकी भी दी गई कि जो करना है कर लो।

इसी के संबंध में एक सप्ताह पूर्व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर इस शिकायत के संबंध में ज्ञापन दिया था। फिर भी अब तक कोई कार्यवाही ना हुई जिससे नाराज ग्रामीणों ने सैकड़ो की संख्या में तहसील महसी के मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम साहब से कार्रवाई की मांग की और बिना किसी जांच के पात्र व्यक्तियों के नाम काटे गए उनमें ऐसे भी व्यक्ति शामिल हैं जिनके जरा भी खेत नहीं है, दृष्टि हीन है, विधवा महिलाएं हैं और अन्य ग़रीबी अवस्था से नीचे हैं इस संबंध में आर टीआई की मांग की है। शिकायतकर्ता ग्रामीणों में कोटेदार रशीद अली,वहीं के स्थानीय पीड़ित कमलेश कुमार, मनोज कुमार,तिलक यादव,हनीफ, फातिमा,अमेरुन निशा,राजा राम,पुशाई, रमाकांत,दीपू, विकास, पहलवान,नीरज, रमेश, बेचेलाल,केशव, प्रमोद, राजन, मुबारक, हिमांशु, कल्लू,शिताला,सीता देवी , राम-लखन,याकुप,जमीला शकीना ,लीला,दुलारा, शाबिर अली ,फकीरे, मंजू मोहन, धुननर, गोपाल,ज्ञांदाराम, मथुरा प्रसाद, रामावती,फजीजा हक्का,अनवर, मुलायम, अशरफी, मेंहदी, रमजान , इसलाम, अनीता ,नीलम देवी,बाबू यादव, पंकज त्रिवेदी, जगदीश,गोबरे, बनवारी,राजकुमार, विजय कुमार, सदानंद, परमानंद, सुशीला हेमराज, आदि ने एसडीएम तहसील महसी से मिलकर उचित कार्रवाई की मांग की है।



तहसील के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार:** नानपारा बहराइच सड़क मार्ग पर देर रात को बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया उसे अस्पताल पहुंच कर भर्ती कराया गया है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर कला निवासी अशोक कुमार पुत्र परिक्रमा विश्वकर्मा की रिश्तेदारी में बृहस्पतिवार को वैवाहिक कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए अशोक गांव निवासी अंकित पुत्र नंदराम के साथ बाइक से गया था। देर रात को वह कार्यक्रम निपटने के बाद वापस अपने घर जा रहा था नानपारा बहराइच मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के मेहरबान नगर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अशोक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल लेकर कर दिया गया। जिला अस्पताल में देर रात को इलाज के दौरान सुधार न होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया वहीं मृतक कैलाश को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**निर्देश** — फोरलेन सड़क निर्माण में जमीन अधिग्रहण के बाद ही शुरू होगा बैनामा,केंद्र सरकार के निर्देश पर तहसीलों ने उठाया कदम

# 91 ग्राम पंचायतों की जमीन के बैनामा व बिक्री पर रोक

शोभित कुमार,बहराइच

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग बाराबंकी बहराइच रूपईडीहा को फोर लाइन में परिवर्तित करने की कवायद में पहली कड़ी जुड़ गई है। सड़क निर्माण की जद में आने वाले 91 ग्राम पंचायत की जमीन का बैनामा रोक दिया गया है। अब सड़क निर्माण में जमीन अधिग्रहण के बाद ही इन ग्राम पंचायतों का बैनामा शुरू हो सकेगा। दो दिन से वादकारी बिना बैनामा के वापस लौट रहे हैं।

केंद्र सरकार के सड़क मंत्रालय की ओर से जिलाधिकारी को पत्र भेजकर फोर लेन सड़क निर्माण में आने वाली जमीन के बिक्री और बैनामा पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। बाराबंकी से रुपईडीहा तक राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन में परिवर्तित करने के कारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से बहराइच के जरवल से जिला मुख्यालय तक पहले चरण में मार्ग को फोरलेन में परिवर्तित किया जाएगा। सड़क निर्माण की पहली कड़ी में जमीन अधिग्रहण की तैयारी शुरू की गई है। इसके लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिग्रहण की जद में आने वाले तहसीलों के उप जिलाधिकारी को पत्र भेज कर सर्किल रेट पूर्ववत रखने और कोई परिवर्तन न करने के निर्देश दिए हैं। डीएम का कहना है कि एनएचएआई के निदेशक सौरभ चौरसिया के पत्र पर ऐसा निर्णय लिया गया है। ऐसे में पहले चरण के फोर लेन सड़क निर्माण में कैसरगंज, महसी और सदर तहसील की 91 ग्राम पंचायतों की जमीन सड़क निर्माण में ली जायेगी। इसको देखते हुए पांच फरवरी को पत्र मिलने के बाद गुरुवार से जमीन के बैनामा और बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इसमें कैसरगंज, महसी और सदर तहसील के ग्राम पंचायत शामिल है। कुल 91 ग्राम पंचायत की जमीन का बैनामा जिला प्रशासन की ओर से रोका गया है।



बहराइच लखनऊ मार्ग के इसी मार्ग का होगा फोर लेन में परिवर्तन। अमृत विचार

### अधिग्रहण के बाद पुनः शुरू होगा कार्य

सड़क निर्माण में आने वाली जमीन की खरीद केंद्र सरकार की ओर से किया जाएगा। इसकी सूची एनएचएआई की ओर से पहले ही भेजी जा चुकी है। ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें सर्किल रेट का भुगतान किया जाएगा। इसके बाद जमीन लेकर सड़क निर्माण होगा। जमीन अधिग्रहण के बाद पुनः बैनामा और बिक्री कार्य शुरू हो जाएगा।

–मोनिका रानी, जिलाधिकारी

# रंजिश में छप्पर में आग लगाने का आरोप, तीन मवेशी झुलसे

**जैतापुर, बहराइच, अमृत विचार।** सिपहिया हुलास की एक महिला के फूस के मकान में गुरु वार देर रात आग लग गई।असमें तीन मवेशी झुलस गए। महिला ने तीन लोगों पर चुनावी रंजिश में आग लगाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास निवासी गायत्री देवी ने बौंड़ी थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि राहुल, रक्षाराम व खलील ने रंजिश में मकान के बगल में स्थित फूस के छप्पर में आग लगा दी। पीड़िता दौड़ी तो विपक्षी भाग खड़े हुए शोर मचाने लगी तो पड़ोसी दौड़े लेकिन तब तक दो छप्पर, रजाई आदि जल गए। तीन मवेशी भी झुलस गए।

स जीवति गुणा यस्य धर्मो यस्य च जीवति।
गुणधर्मविहीनस्य जीवनं निष्प्रयोजनम् ॥

जिस व्यक्ति के धर्म और गुण जीवित हैं। वास्तविकता में वही जीवन जी रहा है। इनके बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है।

## संपादकीय

# सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) भू-राजनीति के लिए हाल के दिनों में निर्णायक बन गया है। क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी, सामरिक उद्देश्यों के लिए उसकी आर्थिक भागीदारी और भू-राजनीतिक हसरतों ने आईओआर में अमेरिका, रूस, फ्रांस और यूरोपीय संघ जैसी ताकतों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। परिणाम स्वरूप आईओआर में सामरिक प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिये साझा जिम्मेदारी और केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन, समुद्र का बढ़ता स्तर और समुद्री प्रदूषण आईओआर में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियां हैं। हिंद महासागर पर केंद्रित सातवां दो दिवसीय सम्मेलन पर्थ में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने गए विदेश मंत्री ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से शुक्रवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन में 22 से अधिक देशों के मंत्री, 16 देशों के वरिष्ठ अधिकारी और 6 बहुपक्षीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का विषय है- स्थाई और सतत हिंद महासागर की ओर। गौरतलब है कि सम्मेलन क्षेत्र के महत्वपूर्ण राज्यों और प्रमुख समुद्री साझेदारों को आम मंच पर लाने का प्रयास करता है ताकि क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) के लिए क्षेत्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जा सके।

हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी) 2016 में शुरू हुआ था और पिछले वर्षों में यह क्षेत्रीय मामलों पर क्षेत्र के देशों के लिए प्रमुख परामर्शदात्री मंच के रूप में उभरा है। हिंद महासागर क्षेत्र प्रमुख शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा के लिए आकर्षण का केंद्र है। प्रतियोगिता में रणनीतिक हित, प्रभाव और संसाधनों तक पहुंच शामिल है, जिससे तनाव और संघर्ष होते हैं। चीन हिंद महासागर में भारत के हितों और स्थिरता के लिए चुनौती रहा है। भारत के पड़ोसी चीन से सैन्य और ढांचागत सहायता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में हिंद महासागर क्षेत्र में सभी भागीदारों के हित के लिए ये ज़रूरी है कि वो एक साथ रहें और इस क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता के सामूहिक हित के लिए काम करें। देशों को अपनी सामाजिक संरचना की रक्षा करते हुए उग्रवाद और कट्टरवाद से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए आवश्यक समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। सुरक्षित और स्थिर हिंद महासागर क्षेत्र के लिए आवश्यक सोच, नीति और दृष्टिकोण में प्रमुख बदलाव के साथ ही कई व्यावहारिक कदम उठाए जाने की भी आवश्यकता है।

# लोकप्रिय विज्ञान लेखन और भारतीय शब्दावली


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया।

भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली संस्था 'वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग' द्वारा दो खंडों में प्रकाशित हिंदी भाषा में तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दावली कोश होने के बावजूद पिछले 45 वर्ष से हिंदी में विज्ञान की बात सामान्य और साधारण शैली में लिखते हुए अभी तक मैं अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध शब्दावली का इस्तेमाल करने के लिए विवश हूं।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्द अगर ऐसे हैं जिनसे आमजन परिचित नहीं और उन्हें समझने के लिए यदि उसे शब्दकोश का सहारा लेना पड़ेगा तो वह लेख को पढ़ेगा ही नहीं। इसके लिए मुझे लेखन प्रक्रिया के दौरान गैर हिन्दुस्तानी शब्द के भाव और निहितार्थ को समझाने के लिए व्याख्या देनी होती है। प्रिंट मीडिया में उपलब्ध स्पेस में ही अपनी बात कहनी होती है। लोग कहते हैं यह 'पॉपुलर साइंस' शैली है लेकिन मेरा मानना है कि 'आसान' भाषा में लिखा हुआ मजमून आमजन में से अगर पांच प्रतिशत ही पढ़ते हैं तो यह 'पॉपुलर' कैसे हुआ अर्थात न तो लोक विज्ञान हुआ और न ही 'प्रिय'? यह अलग बात है कि विज्ञान की समझ बढ़ाने के लिए रुचि अनुसार लोक शैली में लिखे गए विज्ञान लेख और फीचर्स को पाठक पढ़ लेते हैं। 'पॉपुलर साइंस' टर्म भी पश्चिम के अखबार, पत्रिका या पुस्तिक लेखन के भाषाई स्वरुप से लिया गया शब्द है।

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए हम साइंस और टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन में उन दिनों के जर्नल्सनुमा ग्रंथों और यात्रावृत्तों में वैसे ही शब्द देखने के आदी हो गए जैसा कि शासक की भाषा तय हुई। तिब्बिया मेडिसिन की शब्दावली भारतीय भाषाओं और भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है।

में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए संस्कृत के साइंटिफिक टेक्स्ट्स से बिलकुल अलग है। इतिहास में जो भी अनुसंधान कर्मी, जैसे कि आर्यभट, वराहमिहिर, चरक और सुश्रुत, अनेक अज्ञात हुनरमंद लोग हुए उन्होंने नई जानकारी की उत्पत्ति होने पर अपनी मातृभाषा में इसे बताने के लिए नए शब्द गढ़े।

जाहिर है जो साइंटिस्ट या टेक्नोक्रैट जिस भाषा का जानकार है वह अपनी भाषा की शाब्दिक धरोहर, जैसे कि लैटिन, ग्रीक, स्पेनिश, मंडारिन, बांग्ला, तमिल, मराठी और हिंदी में ही शब्द गढ़ेगा न कि अंग्रेजी या स्वाहिली में। मध्य-अठारहवीं सदी में जब विज्ञान और टेक्नोलॉजी में रिसर्च से नए ज्ञान के सृजन के प्रयासों में तेजी से वृद्धि हुई और नए ज्ञान की नहीं बल्कि इसे पब्लिश करके साझा करने और दूसरों से समर्थन पाने की तीव्र उत्कंठा बनी तो विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित हज़ारों नए शब्द भी अस्तित्व में आए। कॉलोनियल टाइम्स में यूरोपियन देशों की कॉलोनीज में भी शासक देश की भाषा का वर्चस्व स्थापित हुआ तो उपनिवेशों में मातृभाषा में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दों की उत्पत्ति की सृजनात्मक और कुदरती प्रक्रिया को बड़ा धक्का लगा। सभी उपनिवेशों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में स्वामी देश द्वारा शोध से उत्पन्न जो शब्दावली बनी उसे ही इस्तेमाल करने की मजबूरी बनी। स्थानीय या वर्नाक्यूलार भाषाओं में खुद के इस्तेमाल के लिए भी एक बंधन के रूप में हाल में सामने आ रही औपनिवेशकालीन अध्येताओं ने इसे एक बाधा के रूप में पहचाना है। देखा गया है कि भारतीय भाषाओं ने खुद को इस मामले में रुपांतरित करके ही विकसित किया। फिर भी दिक्कतें तो हैं ही और वे इसलिए हैं कि हमारे विज्ञानी और टेक्नोक्रैट्स शोध कार्य करते समय तो अपनी भाषा में सोचते हैं लेकिन एक शोधपत्र लिखते समय वे उसी शब्दावली विज्ञान (टर्मिनोलॉजी) का इस्तेमाल करते हैं जिसका क्रमिक विकास पश्चिम में या अंग्रेजी भाषा के जानकारों से भरी लेबोरेट्री या वर्कशॉप में हुआ। मुझे नहीं लगता कि इस मामले में अब हम अपनी अलग लीक बना पाएंगे।

प्रसंगवश कहें तो आधुनिक रीति से समझे जाने वाले लोकशैली में लिखी जाने वाली वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन की शुरुआत भारत में तमिल, मराठी और बंगाली भाषाओं में 19 वीं सदी के साठादि दशक से हुई लेकिन हिंदी में तो बीसवीं सदी के पहले दशक के पूरा होते ही 'विज्ञान' पत्रिका के प्रकाशन से यह यात्रा शुरू हुई। 'विज्ञान' पत्रिका के प्रारंभिक दशकों के अंक देखने से लगता है कि यह पश्चिम के पॉपुलर साइंस लेखन से ही अधिक प्रभावित रही और इसके लेखों में शुरूआती दौर से ही नवाचार (इनोवेशन) और क्रिटिकल एसेस्मेंट या भारतीय विज्ञान और शोध की 'पॉपुलर रिपोर्टिंग' के बारे में अधिक जिक्र नहीं किया गया। इसके उलट अंग्रेज़ और जर्मन इस मामले में अधिक सहज रहे क्योंकि उनके यहां हर विधा पर काम करने के लिए रॉयल सोसाइटीज मौजूद थीं जिनकी स्थापना अठारवीं या इससे पहले की सदी में होने से वहां वैज्ञानिक चिंतन, एक्सप्लोरेशन और शोध प्रकाशन और शोध गोष्ठियों के एक नियमित और चिरंजीवी प्रक्रिया को राजतंत्रीय आशीर्वाद मिलता रहा। कमोबेश या स्थिति यूरोप के सभी देशों में स्थापित हो चुकी थी। ब्रिटेन में उन्नीसवीं सदी से ही साधारण या सामान्य भाषा में विज्ञान की ऐसी पुस्तकों का प्रकाशन शुरू हो चुका था जिनमें लोकरुचि जागृत हुई थी। बाद में लोकरुचि शैली में उन्होंने कुछेक पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया जिनमें से 'न्यू साइंटिस्ट' अभी तक प्रकाशित होती है और ब्रिटेन में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बेहद लोकप्रिय है। इसी तरह अमरीका से साइंस डाइजेस्ट, पॉपुलर साइंस, ओम्नी और साइंटिफिक अमेरिकन का प्रकाशन हुआ जिनमें से अब सिर्फ साइंटिफिक अमेरिकन ही जीवित है। इसका इंडियन एडिशन भी कुछेक साल से प्रकाशित किया जाता है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है। इंटरनेट युग के आगाज और संगठनों और संस्थाओं की वेबसाइट बनने से पहले संयोग से ही किसी लोकरुचि विज्ञान पत्र या पत्रिका के बारे में मालूम हुआ करता लेकिन वर्ल्डवाइड वेब होने से अब इसे आसानी से वे लोग ढूंढ सकते हैं जिनकी रुचि है। वेबसाइट से बहुत सी सामग्री अब फुल टेक्स्ट, फ्री, पीडीएफ फॉर्मेट में डाउनलोड करके पढ़ी जा सकती है। पार्श्व- जिज्ञासा वाली बात यह जानना भी होना चाहिए कि सल्तनत और मुग़ल काल से पहले भारत में साइंटिफिक, टेक्निकल और इंजीनियरिंग से संबंधित शब्दावली का क्रमिक विकास कैसे होता रहा और यह किन संदर्भो और भाषाओं में विकसित हो पाई थी। इसके लिए भारतीय ज्ञान दर्शन के ग्रंथों -जैसे कि खगोल विज्ञान और समय की अवधारणों की व्याख्या करने वाले शब्द, गणित और गणनाओं से संबंधित शब्द और चिन्ह, आयुर्वैज्ञानिक टेक्स्ट्स, संगीत और साजों की शब्दावली, गृह निर्माण, वस्त्र-परिधान से संबंधित शब्दावली, मौसम और जल से जुड़ी हुई शब्दावलियां, खनन और धातु विज्ञान की शब्दावली, औजारों और इनकी सहायता से निर्मित होने वाली वस्तुएं जैसे कि आभूषण और बर्तन, ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स, पशुओं और पशु चिकित्सा संबधित शब्दावली, औषधि और आहार संबंधी शब्दावली को हमें ढूंढ और संकलित करके कोश के रूप में प्रकाशित करना होगा। इस एक प्रयोजन से ही भारत में विज्ञान लेखन और प्रकाशन में आमजन की रुचि बनी रहेगी। कठिनाई यही है कि 500 साल पुराने शब्द क्या नई साइंस और टेक्नोलॉजी को उस रूप और प्रयोजन से बता पाने में सक्षम होंगे? इसके लिए हमें अंतर-भाषिक शब्दों का इस्तेमाल करना ही होगा क्योंकि इसी एक वजह से हम क्षेत्रीय स्तर (रीजनल लेवल) पर एक बहुभाषी देश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के पॉपुलर रूप की स्वीकार्यता बढ़ा पाएंगे।

## प्रसंगवश

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के मायने

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था।


गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सही कहते हैं कि वे चार साल काम और एक साल राजनीति करते हैं। वाकई उनका कथन सौ फीसदी सत्य साबित होता दिख रहा है। एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन बिखर रहा है, वहीं दूसरी ओर एनडीए गठबंधन दिन-ब-दन मजबूत होता जा रहा है। शुक्रवार को दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और हरितक्रांति के जनक स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने के ऐलान से न केवल यह उत्तर से दक्षिण को साधने की मुहिम है बल्कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक तरह से यह नरेंद्र मोदी का यह मास्टर स्ट्रोक ही माना जाएगा। इससे पहले वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के संस्थापकों में एक पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान कर चुके हैं। चौधरी चरण सिंह की किसानों के मसीहा के रूप में पहचान है। इसमें कोई शक नहीं कि चौधरी साहब जीवन पर्यन्त कभी लोकदल, कभी भारतीय क्रांति दल, कभी जनता पार्टी और कभी जनता दल के जरिए देश के किसानों के लिए आवाज उठाते रहे। उनकी पैठ केवल उत्तर प्रदेश न होकर हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों के किसानों तक थी। वे ग्रामीण भारत के खास किसान नेता थे। यही वजह रही कि वे जब तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे उत्तर भारत लगभग सभी राज्यों से उनके दल के सांसद जीते। राजनीति में इंदिरा गांधी, अटल बिहारी बाजपेई और चंद्रशेखर जैसे कद्दावर राजनेता भी उनका सम्मान करते थे।

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था। उत्तर भारत में उनकी राजनीतिक हैसियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब उन्होंने अपने बेटे चौधरी अजित सिंह को अपनी राजनीतिक विरासत सौंपी, तब करीब तीन दर्जन सांसद उनके पास थे। चौधरी चरण सिंह दो बार यूपी के मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार में गृह मंत्री और बाद में देश के प्रधानमंत्री बने। उनकी विधानसभा की सीट छपरौली को पूरे देश में पहचान मिली। फिर वे बागपत से सांसद चुने जाते रहे। वे कहते थे कि भारत की समृद्धि का रास्ता किसानों के खेत-खलिहानों से जाता है। जिस दिन इस देश का किसान समृद्ध होगा, भारत भी उतना ही समृद्ध होगा। जहां तक उनकी राजनीतिक विरासत का सवाल है चौधरी साहब कांग्रेस छोड़ने के बाद कांग्रेस विरोधी राजनीति करते रहे, लेकिन उनके सुपुत्र चौधरी अजित सिंह (जो अमेरिका में साफ्टवेयर इंजीनियर थे) ने कांग्रेस का थामन थाम लिया। वे संघर्ष के रास्ते पर चलने के बजाए सत्ता की राजनीति के हामी रहे, इसीलिए धीरे-धीरे हाशिए पर आए गए। यहां तक कि एक समय जहां उनके पास करीब तीन दर्जन सांसद थे, अंत में एक भी सीट नहीं जीत सके।

अपनी मजबूत विरासत वाली सीट बागपत भी खो दी। चौधरी अजित सिंह के बेटे जयंत चौधरी भी नहीं जीते। चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद जयंत चौधरी यानी चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले की चुनावों में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हाथ मिलाया था, लेकिन चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने और राजनीतिक हवा का रुख देखकर उनका एनडीए में शामिल होना निश्चित हो गया है। बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। जयंत चौधरी के एनडीए में शामिल होने से निश्चित रूप से जाट लैंड खासकर यूपी के पश्चिमी यूपी में भाजपा को मजबूती मिलेगी।

# हल्द्वानी पर 'किसकी टिकी नजर'


संदीप मेवाड़ी
वरिष्ठ पत्रकार

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था।

ये हुआ क्या मेरे शहर को...। मैं हल्द्वानी हूं। देवभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड का प्रवेश द्वार हूं। साथ ही कौमी एकता की मिसाल भी रहा हूं। यहां दीपावली पर घर घर दीप जला आतिशबाजी होती है। ईद पर हर समुदाय रोजा इफ्तार में शामिल होता है। गुरुद्वारे पर सभी धर्मों के लोग शीश नवाने पहुंचते हैं और क्रिसमस डे पर हर समुदाय चर्चों पर प्रार्थना करने पहुंचता है और सेंटा क्लॉज से उपहार लेता है।

बात करते हैं शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में गुरुवार को हुए 'धमाके' की। दोपहर तक सब कुछ सामान्य दिख रहा था। बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक का बगीचा कहे जाने वाले क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए घरों और धार्मिक स्थलों को हटाने का मामला कई दिनों से शहर की सुर्खियों में बने रहने के साथ ही घर घर लोगों की जुबान पर तैर रहा था। अतिक्रमण ध्वस्त करने के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी। न्यायालय ने गुरुवार को इस मामले में अतिक्रमणकारियों को राहत देने से इंकार कर दिया, साथ ही सुनवाई के लिए अगली तारीख 14 फरवरी की नियत कर दी। न्यायालय का निर्णय क्या आया, प्रशासन को लगा अब कोई बाधा नहीं है अतिक्रमण ध्वस्त करने में। कुछ तैयारी पहले से थी और कुछ आनन फानन में कर ली गई। शाम करीब चार बजे अतिक्रमण ध्वस्त करने को प्रशानिक अमला, नगर निगम और पुलिस की टीम लेकर अतिक्रमण ध्वस्त करने के लिए मलिक का बगीचा (बनभूलपुरा) के लिए कूच कर गया। पहले कुछ लोग विरोध के लिए मौके पर पहुंचे और देखते देखते आसपास की गलियों, घरों और छतों से पत्थरों की बरसात शुरू हो गई। इस अप्रत्याशित पथराव से बचने के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ ही मीडिया कर्मी जगह ढूंढने लगे। किसको पता था कि ये मानसूनी बरसात है। पुलिस इस पर जितना काबू करने की सोचती, पत्थरों के जगह जगह जमा मेघ उतना ही तेज बरसते जाते। वायरलेस सेट और मोबाइल पर इसकी सूचना जिले के साथ ही पूरे उत्तराखंड में फैलने लगी। पुलिस बल बचाव और शांति व्यवस्था के लिए मौके की ओर दौड़ गया। पर रणनीति तो पहले से ही तैयार थी।

पुलिस मलिक का बगीचा क्षेत्र में हालात काबू भी नहीं कर पाई थी कि बनभूलपुरा थाने में लोगों के झुंड ने हमला कर दिया। तब तक धरा में तो अंधेरा हो चुका था, लेकिन बनभूलपुरा उपद्रवियों की आग से धधक चुका था। नैनीताल जिले से लेकर देहरादून का मुख्यमंत्री कार्यालय तक की नजर हल्द्वानी के हालात और इस पर नियंत्रण की रणनीति बनाने में टिक चुकी थी। देश भर के इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट मीडिया में लीड खबर में हल्द्वानी धधक रहा था। कुमाऊं भर से पुलिस फोर्स, पीएसी, आईआरबी के साथ ही सेना की मदद मांगी जा रही थी। दूसरी ओर बनभूलपुरा में घिरे पुलिस और मीडिया के जवान अपनी जान की दुहाई मांगने के साथ ही इस चक्रव्यूह से निकलने के लिए जतन में जुटे थे। हालात यहां भी नहीं रुके, आगजनी और पथराव के साथ ही अब गोलियों की तड़तड़ाहट भी बनभूलपुरा की फिजाओं में गूंजने लगी थी। रात करीब नौ बजे तक पूरा बनभूलपुरा क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया और जिलाधिकारी ने कर्फ्यू घोषित कर दिया।

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था। पर... पूरे बनभूलपुरा का आग का गोला बन जाना। थाने के बाहर खड़े दर्जनों वाहन फूंक देना, पेट्रोल बम फेंकना, पत्थरों की बारिश, जवानों और मीडियाकर्मियों को पीट पीटकर जान लेने तक आमदा होना। इससे तो यही लग रहा है कि अमन और शांति की मिसाल देने वाले इस शहर में कुछ ऐसी नजरें टिक चुकी हैं, जो लोगों की भावनाओं को गुमराह कर फिजा बिगड़ने का चक्रव्यूह रच चुकी हैं। जरूरत अब प्रशासन को 'अभिमन्यु' की है। जो 'इन नजरों' को न केवल सामने लाए, बल्कि ऐसा सबक सिखाए कि ये शहर ही नहीं पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बने। यही नहीं, प्रशासन को अब खुद पर भी मंथन करना होगा। खुफिया एजेंसियों को भी अपनी कार्यप्रणाली पर विचार करना होगा। इतना लाव लश्कर होने के बाद भी इतनी बड़ी नाकामयाबी। प्रशासनिक अफसर क्यों नहीं मामले की संवेदनशीलता को समझ पाए। अगर उसकी तरफ से सही तैयारी की गई थी तो क्या खुफिया एजेंसियां धार्मिक अतिक्रमण तोड़ने पर लोगों की प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं लगा पाई। क्या दफ्तरों में बैठकर ही अफसरों को फीडबैक दिया जाता रहा।

## सोशल फोरम

# हमारे जमाने की प्रेमिकाएं


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हमारे दौर में वैलेंटाइन डे या सप्ताह एक अनजानी-सी चीज़ हुआ करती थी। हां, प्रेम की भावनाएं तब भी थीं, वे उबाल भी मारती थीं और यदाकदा प्रोपोज भी होती थीं। उन दिनों में प्रेम के अंदाज़ अलग और तेवर आज से बहुत जुदा हुआ करते थे। इश्क़ का मतलब चाहे पता न हो, लेकिन ज़ांबाजी इतनी थी कि इश्क के प्रस्ताव तब स्याही से नहीं, खून से लिखे जाते थे। स्कूली दिनों में मैंने खून से तो नहीं, उससे मिलती-जुलती लाल स्याही से ख़त लिखकर अपनी एक सहपाठी को प्रोपोज़ किया था। ख़त 'ये मेरा प्रेमपत्र पढ़कर तुम नाराज़ ना होना' से शुरू हुआ और उस दौर के सबसे धांसू शेर के साथ अंजाम तक पहुंचा था-लिखता हूं ख़त खून से स्याही न समझना / मरता हूं तेरे नाम पे जिंदा न समझना। जैसा कि तब आमतौर पर होता था, ख़त घूम-फिरकर क्लास टीचर के हाथों में पहुंच गया। उसके बाद प्रणय-निवेदन का जो अवदान मिला, वह था हथेली पर सौ- पचास छड़ी और क्लास रूम के बाहर स्कूल की आखिरी घंटी तक मुर्गा बनकर अपनी उस एकतरफा प्रेमिका और उसकी सहेलियों का भरपूर मनोरंजन।

प्रेमिका ज्यादा 'कोमल-हृदय' थी सो चिट्ठी वाली बात घर तक भी पहुंचा दी गईं। फिर हुआ घर में भी इश्क़ का भूत झाड़ने का सिलसिला शुरू। उफ़्फ़ कैसी तो जालिम होती थीं हमारे ज़माने की प्रेमिकाएं! ऐसी दुर्दशा करवाने के बाद हमदर्दी का मरहम लगाना तो दूर, मुस्कुराती हुई बगल से ऐसे निकल जाती थीं कि उस दौर का दूसरा सबसे लोकप्रिय शेर जुबान पर आ जाता था-आकर हमारी कब्र पे तुमने जो मुस्कुरा दिया/ बिजली चमक के गिर पड़ी सारा कफ़न जला दिया। उसके बाद स्कूल-कॉलेज में जिस पर भी प्यार आया, वह अव्यक्त ही रहा। प्रणय-निवेदन का वैसा खूंखार प्रतिदान पाकर दोबारा प्रोपोज करने का साहस कौन जुटा पाता है? अब हिम्मत आई भी है तो तब जब अपने दिन बीत चुके हैं-सब कुछ लुटा के होश में आए तो क्या किया!

-फेसबुक वॉल से

# विवाह संस्था को बचाना होगा


प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

उच्चतम न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरथना एवं आगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हाल ही में एक मामले में टिप्पणी देते हुए कहा कि विवाह नामक संस्था को बचाना है। भले ही फिर आप हमे पुरातनपंथी ही क्यों ना कहे। निर्णय एक 44वर्षीय अविवाहित महिला की सेरोगेसी प्रेग्नेंसी का था। आजाद, कमाऊ, सामाजिक हैसियत रखने वाली एक महिला अकेलेपन से जूझने के लिए सिंगल मदर बनने को तैयार है पर विवाह कर के नहीं। ये सचमुच भारत जैसे देश में विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट भी आज विवाह संस्था को बचाने के लिए नसीहत देने को मजबूर हुआ है।

भारतीय जीवन शैली में विवाह केवल दो व्यक्तियों की आवश्यकताओं के आदान प्रदान का साधन नहीं था। वरन ये एक उन्नत समाज के निर्माण की व्यवस्था थी। सप्तपदी के वचन जीवन की सुचारुता का आश्वासन देते थे। संतान को यशस्वी बनाने का दायित्व लेना ही पति पत्नी होना था। उत्तम विवाह एवम उत्तम दंपती उत्तम परिवार वा समाज की गारंटी थे। बड़ी पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को नई पीढ़ी के निर्माण के लिए आशीर्वाद देकर आगे बढ़ाती थी। आज विवाह आशीर्वाद देकर नहीं आशंकाएं देकर किए जाने लगे। आश्वासन और आशा नहीं वरन अपेक्षाएं देकर बच्चों को समाज के मैदान में उतार दिया जाता है। संबंधों के प्रारंभ ही अहम और अविश्वास से होने लगे इस स्थिति ने विवाह संस्था को परिवार व्यवस्था को बड़ी चोट पहुंचाई है।

यदि इसके कारणों पर ध्यान दें तो पाएंगे कि स्त्री पुरुष समानता की व्याख्या बहुत भ्रामक रूप से समाज में प्रसारित हुई। समानता का तात्पर्य केवल धन और सामाजिक पद प्रतिष्ठा से जोड़ा जाने लगा। जिसकी प्राप्ति के लिए पारिवारिक दायित्व को बाधा स्वरूप प्रस्तुत कर स्त्री को धीरे-धीरे दूर किया गया। दूसरे जब स्त्री ने बाहर की दुनिया से तालमेल बिठाती स्त्री अपने अंतर के स्त्रीत्व को कमजोरी मानने लगी। तीसरा आपाधापी के इस युग में वैचारिक एवम भावात्मक दृष्टिकोण शून्य की ओर बढ़ने लगे। वैवाहिक जोड़ो में आपसी समझ का अभाव आने लगा। अब कोई प्रेम में झुकने को तैयार नहीं हैं।

चौथा समाज में विविध प्रकार की मॉडरनाइज्ड पद्धतियों ने विवाह की सांस्कृतिक रस्मों तथा परंपराओं को नकार दिया है। ये परंपराएं परिवार के महत्व की व्याख्या करती थी। तरह तरह के गीत और रस्मों के माध्यम से जीवन को सुलझाने की शिक्षा देती थी। जिन्हें व्यापारवाद ने फोटोशूट और डेस्टिनेशन वेडिंग पर लाकर पटक दिया है। पांचवा उपयोग के दौर में हर निर्णय उपयोगिता के सिद्धांत पर तय हो रहा है इसलिए भी विवाह अनुपयोगी माने जाने लगे। उच्चतम न्यायालय ने खासतौर से कहा कि हम पाश्चात्य देशों की भांति इन साधनों को भारतीय समाज में स्वीकार नहीं कर सकते। भारत की जनसंख्या यूं ही कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कुछ पश्चिमी देशों में प्रजनन के लिए माता को सरकारी सहायता मिलती है और महिलाओं ने इसी को अपना व्यापार बना रखा है। भारत जैसे पारंपरिक देश में विवाह संस्था यहां के समाज का बुनियादी ढांचा है। यहां सिंगल मदर सिंगल फादर का चलन पचाना मुश्किल है। यहां माता पिता ही नहीं, बड़ी माता, छोटी माता, बुआ ,मौसी, बड़े पापा, छोटे पापा, बाबा,दादी, नाना, नानी मामा मामी और भी ढेरों रिश्ते। ये रिश्ते नाते और रिश्ते निभाने की पद्धतियां छोटे बच्चों को सामाजिक स्वीकृतियां देती थी। उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा देती थी। बढ़ते तलाक, अलगाव और हिंसा के केस ये पुरजोर स्वरों में कह रहे हैं कि विवाह संस्था को भारतीय समाज में पुनः पुरातन प्रकृति से ही स्थापित करना होगा ।

# अध्यात्म में मौन महत्वपूर्ण


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

अध्यात्म जगत में मौन का सदा से ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है, क्योंकि अध्यात्म के शिखर को छूने में इस मौन का प्रमुख योगदान होता है। इसलिए हमारी संस्कृति में मौन को किसी भी व्यक्ति के लिए आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचने का एक सटीक एवं शाश्वत माध्यम माना गया है। यही कारण है कि हमारे तमाम ऋषि-मुनियों और साधू-संतों ने मौन को अपनी आध्यात्मिक साधना का एक महत्वपूर्ण अंग बनाया, इसे प्रतिष्ठित किया। मौनी अमावस्या के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु एवं भगवान शिव की पूजा का विधान है।

माना जाता है कि अमावस्या की सभी तिथियों में से मौनी अमावस्या को बेहद उत्तम माना गया है। इस खास अवसर पर मौन रहना शुभ होता है। मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान करना फलदायी होता है। इस दिन श्रद्धा भाव से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा दान भी किया जाता है। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन दान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मौनी अमावस्या के दिन की शुरुआत भगवान विष्णु के ध्यान से करके पवित्र नदी में स्नान करके दान किया जाता है। मान्यता के अनुसार, इस दिन पवित्र नदी या गंगाजल और पानी से स्नान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## एक नजर

### भागवत मरण मंगलमय होना बताती है: डॉ मिश्र

सुलतानपुर, अमृत विचार। चांदा कस्बे के निकट कोथरा खुर्द गांव में संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस में वाराणसी से पधारे भागवताचार्य डा मदन मोहन मिश्र जी महाराज ने कहा कि भागवत मरण मंगलमय होना बताती है। जीवन जिया कैसे जाए और यहां से जाया कैसे जाय का सम्यक बोध भागवत श्रवण से होता है।

### मरीजों को बांटा भोजन

सुलतानपुर, अमृत विचार। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की ओर से प्रत्येक गुरुवार को जरूरतमंदों को भोजन का वितरण किया जाता है। गुरुवार की शाम जिला अस्पताल, महिला अस्पताल व रेलवे स्टेशन पर भोजन बांटा गया। सहयोग में अध्यक्ष मेराज अहमद खान, डॉ निखिल मिश्रा, निजाम खान आदि लोग लगे रहे।

### रोवर्स रेंजर्स का प्रशिक्षण

सुलतानपुर, अमृत विचार। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान में चल रहे वार्षिक पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रवेश-निपुण प्रशिक्षण कार्यक्रम दिन शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान प्राचार्य प्रो .आलोक कुमार सिंह के द्वारा मां सरस्वती एवं संस्थान संस्थापक बाबू के .एन .सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस मौके पर उपप्राचार्य प्रो राधेश्याम सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### शक्ति वंदन अभियान आज से

सुलतानपुर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी शनिवार जिला पंचायत सभागार में शक्ति वंदन अभियान का शुभारंभ करेंगी। इस अभियान के तहत जिला स्तरीय शक्ति संवाद (चाय पर चर्चा) कार्यक्रम आयोजित होगा। लोकसभा की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी आधी आबादी यानी महिलाओं पर खास फोकस कर रही है।

# जिसकी जली हुई लाश मिली वह हरियाणा में घूमता मिला

## लापता चालक की कर दी थी हत्या, प्रेमिका के नंबर पर आए फोन से जुड़ता गया तार

- पत्नी व दो बच्चों के साथ ही नौ लाख के कर्ज से छुटकारा पाने को दिया वारदात को अंजाम

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। टेलीविजन का फेमस सिरीयल क्राइम पेट्रोल आज घर-घर पसंद किया जा रहा है। एक एपिसोड की कहानी देख सुलतानपुर में युवक ने एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दे डाला। जिस युवक का जला हुआ शव मिला, घर वाले मृत्यु भोज कर शांति पाठ करा डाले वह हरियाणा में घूमता हुआ पाया गया। एक दूसरी गुमशुदगी व प्रेमिका के नंबर पर आए फोन से पुलिस ने तार जोड़ा तो इस सनसनीखेज मामले का खुलासा हो गया है। पत्नी और दो बच्चों से पीछा छुड़ाकर प्रेमिका को पाने और नौ लाख के कर्ज से बचने को युवक ने खुद की फर्जी कत्ल की कहानी रच डाली थी।

कोतवाली देहात थाने के दुबेपुर गांव में बीते 16 जनवरी की सुबह फार्म हाउस पर बूझे हुए अलाव के समीप जला हुआ शव पाया गया था। जिसकी शिनाख्त गांव के ही विक्रांत वर्मा पुत्र रमेश कुमार के रूप में हुई थी। शव का पंचनामा कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस इसे आत्महत्या मानकर चल रही थी। उधर, परिजनों के दबाव पर पुलिस ने दो दिन बाद अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर शांत बैठ गई थी। हालांकि, स्वाट टीम चुपचाप प्रकरण में काम कर रही थी। हत्या का केस दर्ज करने के बाद पुलिस की तफ्तीश में विक्रांत की प्रेमिका का नाम भी सामने आया था। विक्रांत की प्रेमिका को पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए रडार पर रखा था। उसका नंबर भी सर्विलांस पर लगा रखा था। इसी बीच करीब 10 दिन बाद सीएचसी दूबेपुर में संविदा पर तैनात अयोध्या जनपद के खंडासा थाना क्षेत्र के रौतावा निवासी द्वारिकानाथ शुक्ल की गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र थाने पर पड़ा। इसकी जानकारी मिलते ही स्वाट/सर्विलांस टीम सक्रिय हो गई। इसी बीच बिक्रांत के प्रेमिका के नंबर पर एक ही नंबर से हरियाणा से लगातार कॉल आने लगा। इसके बाद पुलिस को अधजला शव मिलने और गुमशुदा संविदा चालक का तार जुड़ता दिखा। फिर यहां से पुलिस हरियाणा पहुंच गई, जहां पर उसे विक्रांत वर्मा जिंदा टहलता हुआ मिला। पुलिस की सख्ती के बाद विक्रांत ने पूरी वारदात को पुलिस के सामने बयां कर दिया। उसने बताया कि उसे क्राइम पेट्रोल सीरियल से आइडिया मिला था।


घटना का खुलासा करते सीओ लंभुआ व पीछे मौजूद आरोपी व पुलिस टीम। अमृत विचार

### शराब पिलाकर की थी संविदा चालक की हत्या

एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि विक्रांत बैंक के कर्ज से बचने और पत्नी व दो बच्चों से छुटकारा पाने के लिए इस वारदात को अंजाम देने की बात कबूल किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त विक्रांत वर्मा अपने सहयोगी शक्तिमान व अनुज साहू निवासी तुमरहिया थाना सोरो जनपद कासगंज उप्र (वर्तमान पता, हरियाणा पानीपत) के साथ मिलकर दूबेपुर सीएचसी पर तैनात संविदा चालक द्वारिकानाथ शुक्ल को अमहट शराब के ठेके पर ले जाकर शराब पिलाकर गला दबाकर हत्या कर दी थी। शव की शिनाख्त न हो इसके लिए पेट्रोल डालकर उसे जला दिया था। शव को अपना दिखाने के लिए अपने फार्म हाउस पर अलाव के पास रख दिया था। साथ ही बगल ही बाइक पर विक्रांत ने पैंट में अपनी मोबाइल भी छोड़ दी थी। इसके बाद सहयोगियों के साथ वह हरियाणा चला गया था। कुछ दिन शांत रहा, फिर वह प्रेमिका के संपर्क में नए नंबर से फोन करने लगा। यही से पुलिस की पकड़ मजबूत होती गई और मामले में कड़ी से कड़ी जुड़ती चली गई। सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि आठ फरवरी को पुलिस ने विक्रांत व उसके दो सहयोगियों को गली नंबर 28 वार्ड नंबर 16 थाना विकास नगर सेक्टर 29 पानीपत हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को पुलिस ने इसका खुलासा किया है।

### खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार का इनाम

एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि खुलासा करने वाली टीम को साहसिक व सराहनीय कार्य के लिए 25 हजार रुपये से पुरस्कृत किया गया है। टीम में एसओ श्याम सुंदर, दारोगा अखिलेश, विनय कुमार सिंह, स्वाट प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह व अन्य शामिल रहे।

## एडीएमई व एसडीएम सदर का तबादला

सुलतानपुर, अमृत विचार। शासन ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन के पद पर कार्यरत पंकज कुमार सिंह का तबादला नेडा लखनऊ के पद पर कर दिया है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन के तबादले के बाद शासन ने एडीएमई के पद पर गौरव शुक्ला को तैनाती दी है। नए एडीएमई गौरव शुक्ला शुक्रवार को जिले में पहुंचे, बिना कार्यभार ग्रहण के निर्वाचन 2024 से सम्बंधित एक बैठक में शामिल हुए। वह शनिवार को कार्यभार ग्रहण करेंगे। वहीं यहां लंबे समय से जमे उपजिलाधिकारी सदर चन्द्र प्रकाश पाठक का तबादला शासन ने मथुरा विकास प्राधिकरण के पद पर कर दिया गया है।

## आवासीय पट्टे पर प्रधान ने किया अतिक्रमण, केस दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार। अतिक्रमण को लेकर सूबे के मुखिया सख्त है। अतिक्रमण हटाने को लेकर लगातार बुलडोजर चल रहा है। वहीं एक ग्राम प्रधान ने आवासीय पट्टे पर ही अतिक्रमण कर लिया है। लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

कादीपुर तहसील क्षेत्र के खोजापुर के लेखपाल श्याम लाल ने कादीपुर पुलिस को तहरीर दी है। लेखपाल ने बताया है कि ग्राम पंचायत खोजापुर में नगर पंचायत के गाटा संख्या 456 के 0.177 हे. में हरखू, श्रीराम, राम जीत, इनाऊ, निर्मल, हौसिला व राम उजागिर आदि को 0.013 हे. प्रत्येक को आवासीय पट्टा दिया गया है। इसी भूखंड से गांव का पानी निकलने एवं आवागमन के लिए खडंज़ा भी बना है। आरोप है कि ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी व उनके पति विनोद कुमार द्वारा अवैध अतिक्रमण करते हुए पक्की दिवाल बना ली है। जिससे ग्रामीणों के जल निकासी के साथ रास्ता भी बंद हो गया है। आवास आवंटियो को भी बेदखल कर दिया है। इतना ही नहीं कुम्हारों के लिए आवंटित भूमि पर शौचालय बनवा लिया है। ग्राम प्रधान व उनके पति के खिलाफ़ लेखपाल ने विधिक कार्यवाही की मांग की है। कादीपुर कोतवाल ने बताया कि आरोपी प्रधान व उनके पति के खिलाफ़ सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम में केस दर्ज कर लिया गया है।

## ग्राम प्रहरियों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

फूटा गुस्सा

- चतुर्थ श्रेणी कर्मी का मिले दर्जा या दी जाएं सुविधाएं

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। शुक्रवार को जिले के थानों में तैनात ग्राम प्रहरियों ने तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद अपना ज्ञापन सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह को सौंपा। चौकीदारों की मांग है कि इस महंगाई में उन्हें जो मानदेय मिलता है, उससे उनका भरण पोषण नहीं हो पाता है। इसलिए उन्हें या तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा दिया जाय या फिर उनके बराबर सुविधा दी जाय।

ग्रामीण चौकीदार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवता दीन यादव ने बताया कि गांव की निगरानी के लिए चौकीदारों को रखा गया है। जिनको पहले 1500 रुपए मानदेय मिलता था। मानदेय 2019 में बढ़ाकर 2500 कर दिया गया है। इतने कम मानदेय में उनका व उनके परिवार का भरण पोषण नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि लोकभवन में मुख्यमंत्री द्वारा मानदेय अधिक करने की बात कही गई थी। जो अभी तक पूरी नहीं हुई है। इस मौके पर राम किशुन, अशोक कुमार, विश्राम, राम निरंजन, झगरू साहित दर्जनों ग्राम प्रहरी मौजूद रहे।


तिकोनिया पार्क में धरना देकर प्रदर्शन करते चौकीदार। अमृत विचार

# मेनका ने बनाया कमल का फूल, लिखा फिर मोदी सरकार

- हेमनापुर में लगाई चौपाल, 148 समस्याओं को 15 दिन में निस्तारित करने का दिया निर्देश

बल्दीराय, सुलतानपुर

अमृत विचार। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन शुक्रवार को बल्दीराय मंडल के अरवल गांव के बूथ नंबर 39 में गांव चलो अभियान का शुभारंभ किया। विकासखंड के हेमनापुर गांव में ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह की मौजूदगी में चौपाल लगाकर 148 फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्त़kरित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

सांसद ने कहा कि पिछले पांच सालों में प्रधानमंत्री ने देश के विकास लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री की 125 से ज्यादा ऐसी जनकल्याणकारी स्कीम है जिसका टारगेट गरीब से गरीब इंसान हैं। उन्होंने इस दौरान सरकार की किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, बिजली, आयुष्मान योजना, हर घर नल व गरीब कल्याण आदि योजनाओं की सराहना किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताया है। इस दौरान उन्होंने पार्टी के दीवार लेखन अभियान के तहत कमल का फूल बनाकर पार्टी का स्लोगन एक बार फिर से मोदी सरकार लिखा। श्रीमती गांधी ने अलवर गांव में घर-घर संपर्क कर लोगों को सरकार की उपलब्धियों का पत्रक दिया और पार्टी का पटका पहनाकर समर्थन देने की अपील की। उन्होंने दौरान श्रीमती गांधी ने लोगों से नमो एवं सरल ऐप डाउनलोड भी कराया। इसके पहले सांसद ने आवास पर जनता दर्शन के माध्यम से सैकड़ो फरियादियों की समस्याओं को निस्तारित किया। मीडिया प्रभारी विजय रघुवंशी ने बताया कि सांसद हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गई। इस मौके पर समाधान चौपाल में पीडी केके पांडेय, एसडीएम विदुषी सिंह, बीडीओ बल्दीराय सत्यनारायण सिंह, ब्लाक प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, मीडिया प्रभारी विजय कुमार रघुवंशी, विकास शुक्ला, गौरव शुक्ला, अवधेश दुबे, सुधांशु मिश्रा, जग प्रसाद वर्मा, प्रदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।



दीवार पर कमल का फूल बनातीं सांसद मेनका गांधी।

## पंखे से लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज कस्बे के व्यवसायी की पत्नी का शव पंखे से लटका हुआ पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस कार्यवाही में जुटी है।

शुक्रवार को अज्ञात कारणों से अलीगंज कस्बा निवासी रूपा (37) पत्नी कृष्ण कुमार मोदनवाल घर के अंदर पंखे से दुपट्टे के सहारे झूलती मिली। स्कूल से घर लौटे बेटे ने मां का शव पंखे से लटकता देखा तो गुहार लगाते हुए घर के अन्य लोगों को बताया। परिजन महिला के शव को लटका देख बदहवास हो गए। सूचना पर पहुंचे अलीगंज चौकी इंचार्ज शिव जन्म यादव ने युवती को नीचे उतरवाया। तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। मृतक युवती की दो संताने अंश (14) व अभिनव (10) है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### स्कैनर मांग साइबर ठग ने खाते से उड़ाए 65 हजार

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। लगातार पुलिसिया कार्यवाही के बावजूद भी साइबर ठग नए तरीके घटना को अंजाम दे रहे हैं। इन साइबर ठगों पर पुलिस की भी खौफ नही है। पैसा भेजने के नाम पर क्यू आर कोड मांग तीन बैक से पांच बार में 65 हजार रुपये उड़ा लिया। पीड़ित ने नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। नगर कोतवाली क्षेत्र के पयागीपुर निवासी नारायण राय की ट्रेवल्स एजेंसी है। अपने आप को आर्मी का कैप्टन बताते हुए गोरखपुर जाने के लिए दो गाड़ी बुक करने के लिए फ़ोन किया। साथ ही कितना खर्च आएगा इसकी जानकारी मांगी तो एजेंसी संचालक ने 20 हजार 400 रुपया बताया। भुगतान करने के लिए फ़ोन पे व गूगल पे का क्यूआर कोड मांगा। आरोप है कि तीन बैंक के खाते से साइबर ठग ने पांच बार मे 64,800 रुपए निकाल लिए। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार। वाराणसी के ज्ञानवापी को लेकर कोर्ट के आदेश और उत्तराखंड में हुई घटना के मद्देनजर गोसाईगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। गोसाईगंज में स्थित खानकाह कादरिया, सैफुल्लागंज, पठानीपुर में सीओ प्रशांत सिंह ने थानाध्यक्ष धीरज कुमार के साथ स्थिति का जायजा लिया। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में 108 मस्जिदें है। जहाँ शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा की गई। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हो गई है। शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस लगातार निगरानी कर रही है।

### बाइक और साइकिल की भिड़ंत में दो घायल

सुलतानपुर, अमृत विचार। अज्ञात बोलेरो ने एक बाइक सवार को पीछे से धक्का मार दिया। धक्का लगने से बाइक सवार असंतुलित हो गया और सामने से आ रहे साइकिल सवार से जा टकराया। शुक्रवार को बाइक से सुलतानपुर की ओर जा रहा दीपक (22) पुत्र गया प्रसाद थाना पीपरपुर अमेठी को चांदा आईटीआई के निकट अज्ञात बोलेरो में पीछे से टक्कर मार दिया। बाइक में टक्कर लगने से दीपक अपना संतुलन खो दिया और सामने से कस्बा निवासी खुर्शीद (26) पुत्र रजक से जा भिड़ा। घटना में बाइक सवार और साइकिल सवार को गंभीर चोटें आईं।

## अमहट से निकाला गया जुलूस ए शबीह सफर मदीना

सुलतानपुर, संवाददाता, अमृत विचार। शुक्रवार को अमहट में ऐतिहासिक जुलूस ए शबीह सफर मदीना निकाला गया। जिसमें सबसे पहले सुबह 10 बजे जामा मस्जिद अमहट में एक मजलिस हुई। जिसको मौलाना सैयद अली रिजवान साहब जैदपुरी ने खेताब किया।

जुलूस जामा मस्जिद गोराबारिक अमहट से उठकर अमहट चौराहे से सुलतानपुर रोड होता हुआ गभड़िया चौकी के सामने मोहम्मद हादी के इमाम बाड़े से होकर दर गाह हजरत अब्बास गभड़िया पर पहुंचा। वहां पर एक अलम उठा कर जुलूस में शामिल किया गया। दौराने जुलूस मौलाना मोहम्मद जाफर खां, मौलाना मुशीर अब्बास खान, मौलाना सैयद जफर हसनैन, मौलाना नकी रजा जैदी, मौलाना शब्बर हुसैन अकबरपुरी, मौलाना जायर हुसैन नकबी इलाहाबाद, मौलाना असद यावर बिहार तकरीर ने तकरीर की। सुलतानपुर की सभी अंजुमनों ने मिलकर नौहा मातम किया। जुलूस में जायरीन के लिए जगह जगह खाने पीने की सबीलें लगी थी और काले झंडों से गमगीन माहौल दिखायी दे रहा था। प्रशासन का जुलूस में विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन ने दी।

## डॉक्टर के पुत्र की सड़क हादसे में मौत

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डा. आज्ञाराम यादव के पुत्र अनय (07) की अंबेडकर नगर बाई पास पर कार एक्सीडेंट में मौत की खबर सुन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर के कर्मचारियों व डाक्टर के जानने पहचानने वालों में शोक की लहर दौड़ गयी। गुरुवार को डाक्टर आज्ञाराम यादव की इमर्जेंशी ड्यूटी लगी थी। पत्नी डा रिचा यादव अपने पुत्र अनय व भतीजी व भतीजे के साथ अपनी कार से रुपयडीहा अंबेडकरनगर जा रही थी। तभी गोहाना के पास बांदा टांडा बाईपास पर दूसरी गाड़ी से टकरा गयी। जिसमें अनय की मौत हो गई।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग ने फूंका राहुल का पुतला

- राहुल और कांग्रेस हमेशा करते हैं पिछड़ों को अपमानित : डा. रामजी

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ रामजी गुप्ता की अगुवाई में भाजपाइयों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट चौराहा पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछड़ी जाति को लेकर टिप्पणी की थी। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ राम जी गुप्ता ने कहा राहुल गांधी और कांग्रेस हमेशा पिछड़ा वर्ग की जातियों को अपमानित करने का कार्य करते रहते हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा पिछड़े वर्ग के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगी। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अखिलेश जायसवाल, जिला महामंत्री वीरेंद्र भार्गव, अयोध्या प्रसाद वर्मा, नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल, मीडिया रामू निषाद ,संजय शर्मा,संजय गुप्ता, देवेंद्र प्रताप सिंह, सभासद गण मंगरु प्रजापति, दिनेश,अरविंद यादव, और राजीव सिंह,मनीष साहू,धर्मेंद्र द्विवेदी, विनोद आदि मौजूद रहे।


राहुल गांधी का पुतला जलाते भाजपा पिछड़ा मोर्चा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**शांति देवी सुभाष चन्द्र सुशान्त डिग्री कालेज**

सुभाष नगर (चाकूजोत) बहराईच में स्वावित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है।

परास्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय (एम. काम) पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता– 02 पद।
परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम.ए.) पाठ्यक्रम हेतु उर्दू विषय में प्रवक्ता – 02 पद।
परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम.एस.सी.) पाठ्यक्रम हेतु भौतिक विज्ञान एवं गणित विषय में प्रवक्ता– 02–02 पद।
*योग्यता एवं वेतनमान –यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।*
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर संपर्क करें।

मो0– 9140690165
सुभाष चन्द्र जायसवाल
(प्रबन्धक)

**सीता देवी लॉ कालेज रसूलपुर, बदो सराय, बाराबंकी (उ0प्र0)**

में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है

प्राचार्य– 01 पद।
प्रवक्ता विधि– 08 पद।
**योग्यता एवं वेतनमान–** उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय एवं बार काउसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली के मानकानुसार।
**इच्छुक अभ्यर्थी –** विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर संपर्क करे।

6388769622

**श्रीमती श्यामादेवी हर्ष महाविद्यालय, भवानीगढ़ (रैंचा), सुल्तानपुर**

में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है।

प्राचार्य 01 पद।
परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम.ए.) पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान– प्रत्येक विषयों में प्रवक्ता के 02– 02 पद।
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.) पाठ्यक्रम हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित विषय में प्रवक्ता 01–01 पद।
स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी.ए) पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षा शास्त्र, समाज शास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान एवं भूगोल विषयों में प्रवक्ता के 01–01 पद।
*योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।*
*इच्छुक अभ्यर्थी –* विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर संपर्क करे।

प्रबन्धक, मो0–8400080888

आस्था

आदि गंगा गोमती में स्नान कर घाट पर किया दान, धाम से लेकर दीवानी और केशकुमारी स्कूल तक लगा मेला

# मौनी अमावस्या पर सीताकुंड धाम पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। माघ माह के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को आदि गंगा गोमती के सीताकुंड घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ा। यहां पर स्नान दान करने का भोर से शुरू हुआ सिलसिला शाम तक जारी रहा। सीताकुंड घाट से लेकर करीब आधा किमी तक केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तक लगा मेले में लोगों ने खूब खरीदारी की। जिले के अन्य घाटों पर भी लोगों ने स्नान दान किया।

मौनी अमावस्या पर्व पर आदि गंगा गोमती के सीताकुंड धाम पर आधी रात बाद से ही दूर दराज से लोग पहुंचने लगे। भोर होते-होते यहां पर स्नान करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां पर गोमती नदी के सीताकुंड घाट के साथ उस पार भी लोग पहुंचकर स्नान कर रहे थे। भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के बाद घाट पर मौजूद पुरोहितों के माध्यम से गोदान किया। इसके बाद यहां मौजूद अन्य पात्रों को अन्न, गुड़, कपड़ा आदि का दान किया गया। माना जाता है कि पात्रों को अन्न दान करने से पुण्य प्राप्त होता है।


दीवानी न्यायालय के पास मेले में उमड़े श्रद्धालु। सीताकुंड घाट पर आदि गंगा गोमती में हजारों ने लगाई डुबकी। अमृत विचार

### लोगों ने नौकायन का लिया आनंद

सीताकुंड घाट पर दर्जनों की संख्या में नाविक नाव के साथ मौजूद थे। नांव को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। यहां पर मेलार्थी नौकायान का खूब लुत्फ उठाया। परिवार के साथ आने वालों के अलावा अलग-अलग भी लोग नाव बुक कर नदी में नौकायान किया और सेल्फी ली।

### गोमती मित्रों ने बांटा प्रसाद

घाट के पास गोमती मित्र मंडल समिति की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। यहां पर पूड़ी सब्जी, खिचड़ी आदि का प्रसाद वितरित किया गया। सहयोग में प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, डा. दिनकर प्रताप सिंह, राजेश, रमेश माहेश्वरी, मुन्ना पाठक, सुनील कसौधन, संत कुमार प्रधान, मुन्ना सोनी, मुकेश सोनी, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

### मेले में महिलाओं व बच्चों ने उठाया लुत्फ

सीताकुंड धाम से लेकर दीवानी चौराहा, यहां से लेकर केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तक मेला लगा। मेले में सड़क की दोनों पटरियों पर जलेबी, मिठाई, चाट, समोसा समेत अन्य खाने पीने के स्टाल लगे तो बच्चों के खिलौने व महिलाओं के श्रृंगार के सामानों की भी दुकानें सजाई गई। जहां पर खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के साथ दूर दराज गांवों के लोग तो पहुंचे ही अन्य जनपदों से भी यहां पर मेलार्थी पहुंचे। मेले में बच्चों के झूले भी लगे थे।

## एक नजर

### कपड़े और प्लास्टिक की कुर्सी के साथ 6 गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी चेरिगावा के जवानों ने अवैध तरीके से भारत से नेपाल ले जा रहे कपड़े और प्लास्टिक की कुर्सी के साथ छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। 43वीं वाहिनी के कमांडेंट उज्जल दत्ता ने बताया कि सीमा स्तंभ संख्या 561/1 के समीप साइकिल सवारों को पकड़ा गया। इनमें मुन्ना लालनिवासी महरिया लखीमपुर खीरी, पप्पू लालनिवासी महरिया लखीमपुर खीरी, अनिल कुमारनिवासी अलाहदपुरबा सीतापुर, रमेशनिवासी पसुराबेलवा सीतापुर, मनीराम केवटनिवासी घहोरा जिला कपिलवस्तु (नेपाल), विकास निषाद निवासी बकौली कपिलवस्तु (नेपाल) हैं।

### कीमती सामान से भरा बैग सुपुर्द किया

**गोरखपुर, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र की रेलवे स्टेशन चौकी पर तैनात कांस्टेबल संजीव यादव को कीमती समानों से भरा बैग टेंपो में छूटने की सूचना मिली। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की मदद से कुछ ही घंटों में बैग खोज लिया। इसके बाद मलिक को बुलाकर बैग उनके सुपुर्द कर दिया। इस सराहनीय कार्य को देखते हुए एडीजी जोन डॉ. केएस प्रताप कुमार ने कांस्टेबल का उत्साहवर्धन किया।

### कुत्तों के झुंड ने बालिका पर किया हमला, घायल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** इटवा क्षेत्र में बालिका पर कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। सेमरा निवासी 9 वर्षीय अल्फिया शुक्रवार दोपहर 3:30 तीन बजे गांव के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। वह बचाव में चिल्लाने लगी। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने कुत्तों को भगाया और घायल अल्सेफिया को अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है।

# गर्भवतियों के दर्द से बेखबर बना बैठा है मेडिकल कॉलेज प्रशासन

**लापरवाही**

**▸▸ तीन दिन से खराब पड़ी है लिफ्ट, प्रसव पीड़ा से कहराती हुई सीढ़ियां चढ़कर जाती हैं महिलाएं**

सिद्धार्थनगर कार्यालय

**अमृत विचार :** स्थानीय एमपीटी मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल की लिफ्ट तीन दिन से खराब है। गर्भवती महिलाएं पेट में गर्भस्थ शिशु लेकर सीढ़ियां चढ़ रही हैं। कोई परिजन उन्हें कंधे या गोद में उठा कर अस्पताल के तीसरे तल पर ले जा रहा है तो कुछ असहनीय दर्द से कराहने के बावजूद हिम्मत कर सीढ़ियां चढ़ रही हैं। लिफ्ट तीन माह पहले भी खराब हो गई थी। तब भी मरीजों को इन्हीं दिक्कतों का सामना करना पड़ा था।



### बच्चा होने पर भूल जाते हैं गम

महिला वार्ड में भर्ती होने के लिए सीढ़ियां चढ़ रही इटवा की सुषमा को देखकर लोगों को भी उसके दर्द का अहसास हो रहा था। साथ आए देवर और परिजन भी बड़ी मुश्किल से उसे सीढ़ियां चढ़ा रहे थे लेकिन अस्पताल प्रशासन उनके दर्द को जानकर भी बेखबर है। हालांकि, बच्चा होने के बाद महिलाएं अपने सारे दर्द भूल जाती हैं। वार्ड में जिन महिलाओं की डिलीवरी के बाद बच्चे हो गए थे, वह खुश नजर आ रहीं थीं। वहां मौजूद परिजन और उन्हें देखने आने वाले रिश्तेदार भी बच्चे को गोद में लेकर खिला रहे थे। उनके चेहरों पर एक अलग तरह की खुशी थी। उनमें से एक मोमिना खातून है जिन्हें एक दिन पहले बच्चा हुआ है। उनके पति अब्दुल खातून उनके साथ थे। सनई चौराहे के अजीत अपनी भतीजी को एडमिट कराने आए हुए थे।

मेडिकल कॉलेज के लिए गजब की बात है कि उसका महिला वार्ड प्रथम तल पर न होकर तृतीय तल पर है जबकि प्रथम तल पर कोई वार्ड नहीं है, वह पूरी तरह से खाली है। यदि प्रथम तल पर महिला वार्ड होता तो लिफ्ट का झंझट ही नहीं होता और शायद मरीजों को इतनी दिक्कत नहीं झेलनी पड़ती। रैंप भी इस तरह से बनाया है कि उसका रास्ता दूसरी तरफ से है। ऊपर से आए दिन लिफ्ट खराब होती रहती है। लिफ्ट खराब होने से रैंप से चढ़कर कोई जाना पसंद नहीं करता है। अब प्रसूता और उसके परिजनों के लिए सीढ़ी ही एकमात्र विकल्प है। यह मुश्किल स्थिति केवल एक मरीज के साथ नहीं, बल्कि डिलीवरी, टांका कटवाने और दिखाने के लिए आने वाले 30 से 60 मरीज तीन दिन से झेल रहे हैं। यही नहीं, उनके साथ तीमारदारों में बुजुर्ग पुरुष व महिलाएं भी होती हैं। वो भी दर्द सहते हुए अपने आने वाले नाती-पोतों के लिए इसी सीढ़ी से चढ़कर ऊपर जाते हैं।

### जिला अस्पताल का भी यहीं हाल

यही हाल जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का भी है। वहां की भी लिफ्ट काफी दिनों से बंद है। तृतीय तल पर किडनी खराब हाने के कारण डायलिसिस के मरीज या तो रैंप या फिर सीढ़ी चढ़कर जाते हैं। दूसरे तल पर सर्जिकल वार्ड है और पहले पर पोषण पुनर्वास। यहां रोजाना 100 से ज्यादा मरीज अपने परिजनों के साथ आते हैं।

> पुराने भवन में बनी लिफ्ट बंद हो गई है। उसके स्थान पर नई लिफ्ट लगवाने के लिए प्रशासन को पत्र भेजा गया है। एमसीएच विंग की लिफ्ट सीमेंट गिरने से खराब हो गई है। जिस कंपनी का टेंडर है, उसे बुलाया गया है, जल्द ही लिफ्ट सही करा दी जाएगी। -डॉ. एके झा, प्रभारी प्राचार्य

# पति की हत्या में पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास

## 23 अक्टूबर 2022 को गला घोटकर की गई थी वारदात

सिद्धार्थनगर कार्यालय

**अमृत विचार :** पति की हत्या में जिला जज की अदालत ने पत्नी व उसके प्रेमी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों को 15-15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित भी किया है।



बता दें कि मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के गौरडीह गांव के टोला चौधरीडीह निवासी अफसाना खातून ने अपने प्रेमी तुफैल निवासी कठेला गर्वी टोला पंडितडीह के साथ मिलकर 23 अक्टूबर 2022 को अपने 27 साल के पति नईम उर्फ रमजान को खाने में जहर मिलाकर खिला दिया था। जब पति अचेत हो गया तो अपने प्रेमी के साथ मिलकर बिजली के तार से उसका गला कसकर घर में ही हत्या कर दी थी। इसके बाद दोनों ने उसे रात में ही बाइक पर लादकर गांव से करीब 5 किलोमीटर दूर नाले के किनारे शव फेंक दिया था। दूसरे दिन 24 अक्टूबर को अफसाना ने थाना कठेला जाकर पति के गायब होने का आरोप लगाते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई थी जिसकी जांच उप निरीक्षक वीरेंद्र यादव थाना कठेला ने की थी। छानबीन के दौरान तुफैल व अफसाना से पूछताछ की गई तो घटना का पर्दाफाश हुआ और दोनों ने नईम की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली जिस पर अभियुक्तों के बताए स्थान से ही शव बरामद कर 27 अटूबर को थाना कठेला में हत्या का केस दर्ज किया गया और विवेचना कर पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। अभियोग का ट्रॉयल न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थनगर में शुरू हुआ। अभियोग से संबंधित गवाहों द्वारा दिए गए साक्ष्य व विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट का विचारण कर जिला जज संजय कुमार मलिक ने 10 माह के अंदर ही दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों को 15-15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मॉनिटरिंग सेल व थाना कठेला समय माता पुलिस की प्रभावी पैरवी से दोषियों को सजा हुई है।

# महोत्सव में दिखी मारुति व थारू लोकनृत्य की छटा

**भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव**

सिद्धार्थनगर कार्यालय

**अमृत विचार :** भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार को लुम्बनी बौद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुवर्ण लाल बज्राचार्य, कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव ने की। उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, नेपाल सरकार के विधायक विष्णु पंथी, विधायक मधुसूदन चैधरी, नेपाल सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री ईश्वर दयाल मिश्रा भी उपस्थित रहे। इस दौरान सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उत्तरप्रदेश द्वारा फरूवाही नृत्य, विजय यादव व उनकी टीम, भगवान श्रीराम चंद्र पर अवधी गीत प्रस्तुत किया। नेपाल का मारुति नृत्य व थारू लोकनृत्य की प्रस्तृति दी गई।





आकाशवाणी एवं संस्कृति विभाग के नेतृत्व में रूपेश मिश्रा व उनकी टीम ने सांस्कृतिक गीत की प्रस्तुति दी। उत्तरप्रदेश सरकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए यह 21 दिवसीय कार्यक्रम संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा नेपाल बार्डर के 8 जनपदों में 9 से 29 फरवरी तक आयोजित करा रहा है। कार्यक्रम विजित सिंह की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, एसएसबीके जवान आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते भारत-नेपाल के कलाकार। अमृत विचार

# महाप्रबंधक ने किया विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर व मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर- ऋषी श्रीवास्तव और वाराणसी मंडल के वरिष्ठ शाखाधिकारियों के साथ रियर निरीक्षण यान से गोरखपुर-छपरा रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने बदलते मौसम व तापमान के उतार-चढ़ाव में सुरक्षित और संरक्षित रेल संचलन, ट्रैक की पेट्रोलिंग बढ़ाने व सिगनल की दृश्यता को दुरुस्त बनाने का निर्देश दिया।



छपरा रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करतीं पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक व अन्य।

महाप्रबंधक ने गोरखपुर-छपरा रेल खंड पर पड़ने वाले स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों, परिचालनिक सुगमता के कार्य, अमृत स्टेशन के अंतर्गत पुनर्विकास कार्यों, संरक्षित परिचालन, रेलपथ, ओवर हेड ट्रैक्शन का तकनीकी निरीक्षण किया। साथ ही इस रेल खंड पर जारी स्थाई व अस्थाई सतर्कता आदेशों का संज्ञान लिया। मंडल रेल प्रबंधक ने छपरा स्टेशन पर चल रहे यात्री सुविधा विकास कार्या का गहन निरीक्षण किया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान मंडल वरिष्ठ मंडल इंजीनियर ऋषि श्रीवास्तव, जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार व वरिष्ठ पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे।

# यौन उत्पीड़न का आरोपी प्रोफेसर निलंबित

**गोरखपुर, अमृत विचार:** विश्वविद्यालय में छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर को आंदोलन के दबाव में प्रशासन निलंबित करने के लिए मजबूर हो गया। बता दें कि प्रोफेसर जितेंद्र कुमार स्नातक पर आरोप है कि एक छात्रा को टॉप कराने का प्रलोभन देकर यौन उत्पीड़न की कोशिश कर रहा था। छात्रा के विरोध पर कैरियर बर्बाद करने की धमकी भी दी। मामला प्रकाश में आने और दिशा छात्र संगठन ने आंदोलन कर विश्वविद्यालय मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। मांगों का ज्ञापन दिया और कार्रवाई की मांग की। अब प्रोफेसर को निलंबन कर दिया गया है।

# लेखा परीक्षा अधिकारी को नहीं मिली फाइल, जांच अधूरी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** बढ़नी ब्लॉक की ग्राम पंचायत गोल्हौरा मुस्तकहम में सामुदायिक शौचालय की अनियमितता की जांच अधूरी रह गई। शिकायत के बाद डीएम के निर्देश पर जांच करने पहुंचे जिला लेखा परीक्षा अधिकारी अभिलेख न मिलने पर लौट गए। जिला लेखा परीक्षा अधिकारी प्रभारी मनोरंजन घोष ने ग्राम सचिव को फाइल एक हफ्ते के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि फाइल उपलब्ध होने पर इस मामले की जांच की जाएगी।

भीमापार निवासी आरटीआई कार्यकर्ता प्रशस्त उपाध्याय ने 21 दिसंबर 2023 को जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर बढ़नी ब्लॉक के ग्राम गोल्हौरा मुस्तकहम गांव में वित्तीय वर्ष 20-21 में निर्मित हुए सामुदायिक शौचालय में अनियमिता का आरोप लगाया था। संज्ञान लेते हुए डीएम पवन अग्रवाल ने जिला लेखा परीक्षा अधिकारी को मौके पर जाकर जांच करने और रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया था। जिला लेखा परीक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जिला लेखा परीक्षा अधिकारी प्रभारी मनोरंजन घोष ने बताया कि ग्राम सचिव द्वारा मटेरियल व इस्टीमेट की फाइल उपलब्ध नहीं कराने की वजह से जांच अपूर्ण है। अभिलेख मिलने के बाद फिर जांच की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### टीकाकरण अभियान चलाया



कैंप में जांच करातीं महिला। अमृत विचार

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** क्षेत्र के विद्यालयों में स्वास्थ्य टीम द्वारा जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया गया। साथ ही उन्हें जागरूक भी किया गया। कहा गया कि टीकाकरण से ही हम होने वाली बीमारियों की रोकथाम कर सकते हैं। वर्तमान समय में बच्चों को टीका लगवाना अत्यंत आवश्यक है। इसके तहत बीसीजी, हेपेटाइटिस बी, पोलियो एमआरजेई आदि टीके लगाए जाते हैं। इस अभियान के तहत समय-समय पर टीकाकरण का कैंप लगाया जाता है। आंगनबाड़ी व आशा घर-घर जाकर इसकी जानकारी देती हैं।

### हल्द्वानी हिंसा के बाद पुलिस रहीं सतर्क



फ्लैग मार्च करते पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार :** हल्द्वानी हिंसा को देखते हुए शुक्रवार को गोरखपुर पुलिस सतर्क रही। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, डीआईजी आनंद कुलकर्णी, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसपी सिटी/कार्यवाहक एसएसपी कृष्ण बिश्नोई, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी, सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी कैंट अंशिका वर्मा, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे, क्षेत्राधिकारी कोतवाली गौरव त्रिपाठी, सीओ एलआईयू पंकज राहुल, पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास सतर्क रहकर फ्लैग मार्च किया।

### सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** जनपदीय पुलिस ने हल्द्वानी की घटना व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हॉट स्पाट व उसके आसपास के क्षेत्रों में दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फ्लैग मार्च किया। साथ ही आमजन से संवाद स्थापित कर सौहार्द्र बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील भी की। कहा गया कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

# परीक्षा केंद्र में स्ट्रांग रूम के निर्माण का कार्य मिला अधूरा

**लिया जायजा**

**▸▸ डीआईओएस ने जताई नाराजगी, दिए निर्देश**

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा निष्पक्ष और नकलविहीन कराने को लेकर डीआईओएस ने विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान पं. भागीरथी सूर्यनाथ तिवारी इंटर कॉलेज, ककरहवा में स्ट्रांग रूम पूर्ण रूप से न बनने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। समय रहते पूर्ण करने के साथ ही भविष्य में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि पं. भागीरथी सूर्यनाथ तिवारी इंटर कॉलेज ककरहवा, श्रीदुर्गाजी पटेश्वरी इंटर कॉलेज पटनी जंगल, राजकीय इंटर कॉलेज दुल्हा सुमाली, नेहरू इंटर कॉलेज ककरहवा का निरीक्षण किया। पं. भागीरथी सूर्यनाथ तिवारी इंटर कॉलेज में स्ट्रांग रूम का निर्माण पूर्ण नहीं मिला। इस पर प्रधानाचार्य को सख्त निर्देश देते हुए स्ट्रांग रूम को अविलंब पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है। भविष्य में लापरवाही मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी केंद्र अध्यक्षों से बोर्ड परीक्षा से पहले खामियों को दूर कर लेने का निर्देश दिया है।

# ऑडियो की जांच करेंगे नायब तहसीलदार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** नौगढ़ तहसील के लोटन क्षेत्र में तैनात लेखपाल और एक व्यक्ति की लेनदेन के मामले की जांच नायब तहसीलदार करेंगे। बता दें कि इस मामले में एक ऑडियो वायरल हुआ था। वायरल ऑडियो में एक व्यक्ति लेखपाल से दूसरे व्यक्ति को 15 सौ रुपये वापस करने की बात कर रहा है जबकि लेखपाल कहता है कि उसे 12 सौ रुपये मिले हैं। वरासत के मामले में लेनदेन की बातचीत का ऑडियो दो दिन पहले का बताया जा रहा है। तहसीलदार नौगढ़ देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। एसडीएम के निर्देश पर इसकी नायब तहसीलदार माधुर्य यादव को जांच सौंपी गई है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# 15 केंद्रों पर होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड परीक्षा के संबध में प्रधानाचार्यों के साथ जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक हुई। इसमें मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 13 से 21 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। जनपद में मदरसा बोर्ड की परीक्षा को संपन्न कराने के लिए 15 केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण कराएं। प्रश्नपत्र थैले में स्वयं प्राप्त करें।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुसार परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक आंतरिक निरीक्षा दस्ते का गठन करें। केंद्र पर आधे घंटे देर से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएंगी। परीक्षा के दौरान मोबाइन फोन पूर्णतया वर्जित रहेगा। प्रश्न पत्र के लिफाफों को किसी एक निश्चित परीक्षा भवन में केंद्र व्यवस्थापक द्वारा परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पूर्व खोला जाएगा। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।



# धोबी पछाड़, बनारसी कला जंघ, मोरपंख जैसे दांव-पेच देख रोमांचित हुए दर्शक

**मौनी अमावस्या**

**▸▸ राप्ती नदी के तट पर हुआ राम राम कुश्ती दंगल का आयोजन, 6 महिलाओं सहित 101 पहलवानों ने किया प्रतिभाग**

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** शुक्रवार को राप्ती नदी तट स्थित परशुराम वाटिका में मौनी अमावस्या के अवसर पर लगने वाले मेले में धर्म रक्षा मंच के तत्वावधान में राम-राम कुश्ती दंगल के दूसरे दिन देश-विदेश से आए पहलवानों ने अपनी ताकत और दाव-पेंच का लोहा मनवाया। रोचक मुकाबले ने दर्शकों को शुरू से आखिरी तक उत्साहित किया। दंगल देखने हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही। पहलवानों के कौशल देखकर दर्शकों ने तालियों के साथ जयकारे लगाए। मुख्य अतिथि के रूप के मल्ल सम्राट व थाईलैंड चैंपियन राकेश सिंह पहलवान गोरखपुर रहे। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को व्यायाम अवश्य करना चाहिए। व्यायाम मानव देह को स्वस्थ रखने का एक अत्यंत आवश्यक उपाय है।





राम-राम कुश्ती दंगल में जोर-आजमाइश करते पहलवान। अमृत विचार

पहली कुश्ती की शुरुआत राम कुमार कुंवर, राजेंद्र पांडेय ने काली घटा पहलवान बक्सर बिहार और भूरा पहलवान हरियाणा का हाथ मिलवाकर किया। काली घटा पहलवान ने विरोधी को चारों खाने चित कर दिया। कुश्ती दंगल में पहलवानों ने जीत के लिए धोबी पछाड़, कला जंघ, बनारसी कला जंघ, चिरागदान, मोरपंख, सालतू, डबल टांग, एक लंगा, निकाल, उखाड़, लंगड़ी ढेकली, कैची जैसे कई दांव लगाए। विभिन्न वर्गो में 101 पहलवानों ने हिस्सा लिया। इनमें 6 महिलाएं भी थीं। रोशनी और नम्रता ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रदीप शास्त्री व वीर बहादुर थापा पहलवान ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, संयोजक तिलक साहू, चंद्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, शैलेश सिंह, शत्रुहन सोनी, हरीश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### डुमरियागंज के पहलवानों ने भी दिखाया दम

दंगल में डुमरियागंज के पहलवानों ने भी जोर लगाया। डुमरियागंज के अंगद पहलवान व सहारनपुर चांद के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। सोनू चंडीगढ़ व आकाश तिरंगा होटल डुमरियागंज के मुकाबले में आकाश जिजयी रहे। दर्शकों ने आकाश को कंधे पर बिठाकर बधाई दी।



# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## मेले में जमकर हुई खरीदारी, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे पुलिस के जवान

धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा तहसील क्षेत्र में पावन सलिला सरयू नदी के विभिन्न घाटों पर मौनी अमावस्या के दिन शुक्रवार को लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाने के साथ-साथ दान पुण्य कर मेले का लुप्त उठाया। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही तो वहीं एसडीएम और सीओ सुरक्षा व्यवस्था के लिए निगाहें लगाए रहे।

तहसील क्षेत्र के बिड़हरघाट, राम बागे, चांड़ीपुर, चहोड़ा और मयंदी घाट पर मौनी अमावस्या के दिन दूर-दूर के श्रद्धालु डुबकी लगाने के लिए पहुंचे। आस्था के साथ पवित्र सरयू नदी में डुबकी लगाने के साथ-साथ गोदान कर दान पुण्य भी किया। श्रद्धालु मेले में लगे सामानों की खूब खरीदारी भी किए। कड़ाही चढ़ाने के साथ-साथ सत्यनारायण भगवान की कथा सुनकर लोगों ने पुण्य कर परिवार के कल्याण की कामना किया। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मी जहां पूरी मुस्तैदी से लगे रहे वहीं एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव और सीओ केशवनाथ की निगाहें चारों तरफ सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगी रहीं।



सरयू नदी के बिड़हरघाट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब। अमृत विचार

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने जगह-जगह बैरिकेटिंग कर बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया था और कई जगह पार्किंग की व्यवस्था कर रखी थी। जिससे श्रद्धालुओं के आने-जाने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न होने पाए। जिसके लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा। बड़े वाहनों को उमरिया चौराहे से आगे नहीं जाने की नसीहत देकर उमरिया चौराहे के पूर्व चपरा मार्ग पर और छपरा मार्ग पर बड़े वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई थी।

नेतवापुर चौराहे पर भी बैरिकेटिंग कर बंधे के दोनों साइड में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। जिससे भीड़ भाड़ से बचा जा सके। मेले में उमड़े श्रद्धालु सरयू स्नान करने के बाद गोदान और कड़ाही चढ़ाकर अपने-अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर मन्नतें भी मांगीं। मेले में महिलाओं ने भरपूर आनंद उठाया और जमकर अपने घर गृहस्ती के सामानों की खरीदारी किया। मेला परिसर में खोया पाया कैंप बाबा भुंइलोटन लोटन दास के नेतृत्व में चल रहा था। जिसमें भूले बिसरे लोगों को मिलाने और जानकारी देने का काम महाराज जी के निर्देशन पर आचार्य रामशंकर दूबे के द्वारा अनाउंस किया जा रहा था। साथ-साथ मेला परिसर में आए हुए श्रद्धालुओं को बाबा भुंइलोटन दास के द्वारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी किया जा रहा था। जगह-जगह तमाम स्वयंसेवी संगठनों के द्वारा लोगों को चाय पिलाने का काम भी किया जा रहा था।

### महाकाल की गुफा रही आकर्षण का केंद्र

मौनी अमावस्या पर सबसे ज्यादा भीड़ सरयू नदी के बिड़हरघाट पर रही। महंत बाबा भुंइलोटन दास के त्याग तपस्या और संघर्षों की बदौलत यह स्थान अब पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित होता जा रहा है। बिड़हरघाट पर स्थित महाकाल की प्रतिमा और गुफा भक्तों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बन चुकी है। यहां तमाम फिल्मों की शूटिंग भी हो चुकी है। भक्तों ने भगवान शिव को जलार्चन करने के साथ ही महाकाल का भी आशीर्वाद लिया। युवा स्नानार्थियों ने गुफा के प्रवेशद्वार पर खूब सेल्फी लिया। गुफा के भीतर जाकर भक्तों ने मां पार्वती, माता सती और महा सती अनुसूया का भी दर्शन किया। भक्तों की भीड़ के आगे यहां मौजूद आधा दर्जन धर्मशाले नाकाफी साबित हो रहे थे।

### अन्य नदियों के घाटों पर भी रही भीड़

मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर सरयू नदी के विभिन्न घाटों के साथ ही कुआनो नदी के कटार मिश्र, पिड़िया बाजार, महेसरपुर, ककरहा, आमी नदी के मगहर और बालूशासन तथा राप्ती नदी के करमैनी घाट पर स्नानार्थियों की भारी भीड़ देखी गई। सरयू नदी के बिड़हरघाट के बाद स्नानार्थियों की दूसरी सबसे बड़ी भीड़ राप्ती नदी के करमैनी घाट पर ही दिखी। यहां भी पुलिस ने सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया था। कुल मिलाकर स्नान पर्व सकुशल सम्पन्न हो जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस लिया।

## प्राथमिक विद्यालय की दीवार गिरने से वृद्ध की मौत

**धनघटा, संतकबीरनगर।** धनघटा थानाक्षेत्र के पारा हरगोविंद निवासी एक वृद्ध अपने घर के बगल में स्थित प्राथमिक विद्यालय की दीवार के किनारे बैठ कर लघुशंका कर रहे थे। इसी समय दीवाल भर भरा कर गिर गई। थानाक्षेत्र के पारा हरगोविंद निवासी मुन्नीलाल विश्वकर्मा पुत्र सहदेव विश्वकर्मा उम्र 65 वर्ष शुक्रवार की देर शाम अपने घर के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय की दीवार के पास बैठकर लघुशंका कर रहे थे। इसी दौरान जर्जर दीवार भरभरा कर गिर गई जिससे वह मलबे के नीचे दब गए। आसपास के लोगों ने मलवे के नीचे से उन्हें निकाला और सीएचसी हैंसरबाजार पहुंचाया। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह दिवार काफी दिनों से जर्जर थी। बनवाने के लिए विभाग से कहा जा रहा था। लेकिन विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा था। इसी बीच सड़क के चौड़ीकरण के दौरान चल रही जेसीबी के कम्पन से दीवाल जर्जर हो गई थी। जिसका परिणाम हुआ कि एक व्यक्ति की दीवाल के नीचे दबने से जान चली गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टपार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है। कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### एसपी ने ट्रैफिक कार्यालय भवन का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित ट्रैफिक कार्यालय भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। निर्माणाधीन भवन में लग रही टाइल्स, पेन्ट, ग्लास, इलेक्ट्रिक आदि सामानों की गुणवत्ता मानक के अनुरुप रखने के लिए निर्देशित किया। साथ ही जांच कर्ता अधिकारी को भवन निर्माण में पड़ने वाली सामग्री निर्धारित मात्रा में प्रयुक्त कराने के लिये बताया व भवन निर्माण के निरीक्षण के लिए नामित अधिकारी को निरंतर निरीक्षण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक, टीएसआई परमहंस, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव समेत तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### भारतरत्न की घोषणा का चेयरमैन ने किया स्वागत

**बलरामपुर।** आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि किसान पुत्र और देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव व वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर भारत सरकार के इस पहल का हम स्वागत करते है। कहाकि चौधरी साहब का सारा जीवन देश और किसानों के लिए समर्पित रहा, उन्होंने कृषि उत्थान और उसके नवाचार के लिए बहुत प्रयास किये। साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव जो कि देश के आर्थिक सुधार के जनक के रूप में जाने जाते हैं। हरित क्रांति के जनक वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भी सम्मानित किये जाने की घोषणा पर केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 14 केंद्र पर 17 व 18 फरवरी को होगी पुलिस परीक्षा

**बलरामपुर।** समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की परीक्षा आयोजित होगी। यह परीक्षा 17 व 18 फरवरी को जिले के 14 केंद्र पर होना निश्चित है। सभी केंद्र पर दो दिनों में होने वाली परीक्षा में 8016 परीक्षार्थी शामिल होंगे। डीआईओएस गोविंद राम ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड परीक्षा में 14 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें एमएलकेपीजी कॉलेज में 1296 छात्र परीक्षा देंगे। वही शक्ति स्मारक संस्थान दुल्हनपुर में 1488 परीक्षार्थी शामिल होंगे। एमएलकेपीजी कॉलेज के विज्ञान संकाय मॉडल इंटर कॉलेज, सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, सीएमएस गर्ल्स डिग्री कॉलेज, पायनियर पब्लिक स्कूल में प्रतिकेंद्र पर 480 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज, शारदा पब्लिक स्कूल व दीप नारायण सिंह डिग्री कॉलेज तुलसीपुर में प्रतिकेंद्र 432 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे।

# आईटीबीपी जवान को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**धनघटा, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम सिरसी निवासी भारत तिब्बत सीमा पुलिस में तैनात जवान की बीते 6 फरवरी को अरुणांचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई थी। उनकी कंपनी के जवानों ने मौत की सूचना उनके घर पर दिया तथा उनके पार्थिव शरीर को लेकर उनके गांव सिरसी पहुंचे। गांव पर अंतिम विदाई के बाद उन्हें बिड़हर घाट पर शुक्रवार को मुखाग्नि दी गई।

सिरसी निवासी हरिश्चंद्र आईटीबीपी में हेड कांस्टेबल के पद पर 1990 में भर्ती हुए थे। वे अरुणांचल प्रदेश में दसवीं बटालियन में ड्यूटी कर रहे थे। बीते 6 फरवरी को हृदय गति रुकने के कारण ड्यूटी के दौरान उनकी मौत हो गई थी। उप सेनानायक अभिमन्यु कुमार ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दिया। उनका पार्थिव शरीर लेकर सेना के जवान



शहीद सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित करते पुलिस अधिकारी और साथी सैनिक।

**भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा बिड़हरघाट**

डिब्रूगढ़ से दिल्ली होते हुए वायुयान से लखनऊ पहुंचे। वहां से सेना के वाहन पर तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर शुक्रवार की सुबह सिरसी स्थिति उनके पैतृक आवास पर पहुंचा। सैनिक का शव पहुंचने की सूचना पर वहां हजारों की भीड़ जमा थी। सेना के जवानों, परिजनों और रिश्तेदारों द्वारा श्रद्धांजलि देने के बाद उनके पार्थिव शरीर को लेकर प्रशासन के लोग बिड़हर घाट पर पहुंचे। जहां उनके बेटे गौरव कुमार ने सेना के जवान अपने पिता को मुखाग्नि दिया।

इस दौरान सेना के साथ-साथ पुलिस व प्रशासन के लोगों ने सेना के जवान को अंतिम विदाई देते हुए सलामी दिया। हर तरफ भारत माता की जय और जबतक सूरज चांद रहेगा हरिश्चन्द्र का नाम रहेगा के नारे गूंज रहे थे।

# बिड़हरघाट स्नान से लौट रही ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी



पलटी ट्रॉली को सीधा करते लोग। अमृत विचार

**धनघटा, संतकबीरनगर।** महुली थानाक्षेत्र के ग्राम कड़सर निवासी दर्जनों स्नानार्थी मौनी अमावस्या पर्व पर बुधवार को ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर सरयू नदी के बिड़हरघाट पर स्नान करने गए थे। स्नान करके वापस लौटते समय लहुरेगांव के पास ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में कड़सर गांव के निवासी 40 वर्षीया सोहरावती देवी, 13 वर्षीय अभिषेक, 35 वर्षीया पानमती, 10 वर्षीय आदित्य, 16 वर्षीय विकास, 16 वर्षीया अंशिका, 30 वर्षीया गीता, 48 वर्षीया गुड्डी, 58 वर्षीया मनौती देवी, 55 वर्षीया मीना, 56 वर्षीया उर्मिला, 16 वर्षीया निशा, 16 वर्षीया मनीषा, 40 वर्षीय देवमणि, 60 वर्षीया रामरति, 35 वर्षीया आरती देवी, 16 वर्षीय मोनू, 46 वर्षीया नीलम समेत दर्जनों लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गम्भीर बताई जा रही है। उन्हें चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ज़िला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### बखिरा झील में फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की होगी स्थापना

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बखिरा झील को सजाने संवारने के साथ ही यहां पर्यटन विकास के हर पहलू पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। बखिरा झील क्षेत्र में 50 मेगावाट क्षमता के फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लान्ट की स्थापना हेतु बाथमीट्री सर्वेक्षण कार्य के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उत्तर प्रदेश को अवगत कराया है कि बखिरा पक्षी विहार जनपद संत कबीर नगर के उत्तरी भाग में राप्ती नदी के पश्चिम में स्थित सबसे बड़ा मैदानी आद्र भूमि है। जिसकी लम्बाई 9 से 10 किलोमीटर और चौड़ाई 3 से 3 .50 किलोमीटर है। इस झील के उपलब्ध जल और स्थल के सकारात्मक उपयोग हेतु उत्तर प्रदेश सौर उर्जा नीति-2022 में दिये गये प्राविधानों के क्रम में निदेशक, यूपी नेडा को 50 मेगावॉट क्षमता के फ्लोटिंग अथवा स्थलीय सोलर प्लांट की स्थापना का विस्तृत प्रस्ताव भेजा गया है। इसी कड़ी में निदेशक यूपी नेडा द्वारा बखिरा ताल पर प्रस्तावित फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लान्ट की क्षमता सम्बन्धित प्री-फिजिबिल्टी रिपोर्ट तैयार किये जाने के लिए बखिरा ताल का पिछले 30 वर्ष अथवा जितना अधिक से अधिक वर्ष का उपलब्ध हो सके मासिक जल स्तर सम्बन्धित डाटा तथा बाथमीट्री सर्वेक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने की मांग किया है। बखिरा ताल का पिछले 30 वर्ष अथवा जितना अधिक से अधिक वर्ष का उपलब्ध हो सके मासिक जल स्तर की सूचना बखिरा पम्प नहर द्वितीय गोरखपुर से प्राप्त हो गयी है। लेकिन बखिरा झील के बाथमीट्री सर्वेक्षण की कार्यवाही में तकनीकी विशेषज्ञता और संसाधन की आवश्यकता के दृष्टिगत रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेन्टर का सहयोग अपेक्षित है। इसके दृष्टिगत पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से अनुरोध किया है कि निदेशक रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेन्टर को जनपद के बखिरा ताल के बाथमीट्री सर्वेक्षण के कार्य को शीघ्रता से सम्पन्न करते हुए आवश्यक रिपोर्ट उपलब्ध कराने को निर्देशित किया जाय। जिससे सभी कार्य सुचारू रूप से शुरू कराए जा सकें।

### श्रीराम अंतरिक्ष वेधाशाला उत्सव का हुआ आयोजन



एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित उत्सव में अपने किरदार को निभाते छात्र।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके पीजी कॉलेज परिसर में शुक्रवार को भारत अंतरिक्ष सप्ताह अंतर्गत दो दिवसीय श्रीराम अंतरिक्ष वेधाशाला उत्सव का आयोजन किया। उत्सव के पहले दिन महाविद्यालय के छात्रों द्वारा वेशभूषा प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के किरदार को निभाया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित श्रीराम अंतरिक्ष वेधाशाला उत्सव में पहले दिन श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा, वृक्षारोपण, संजीवनी पर्वत व श्रेष्ठ गणों का सम्मान विषय पर किरदार को निभाते हुए 2 से 5 मिनट का वीडियो बनाना था। प्रतियोगिता में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के दृश्य का मंचन, हर्षिता श्रीवास्तव ने माता सीता जी की भूमिका, अशोक वाटिका में वृक्षारोपण का दृश्य व राज मिश्र ने हनुमानजी का किरदार निभाते हुए, संजीवनी बूटी लाने का मंचन करते हुए 2 से 5 मिनट का वीडियो बनाया। प्रतियोगिता के संयोजक प्रो एसपी मिश्र व सह संयोजक डॉ दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि इस वीडियो को भारत अंतरिक्ष सप्ताह समिति के वेबसाइट पर अपलोड भी किया गया है। इस अवसर पर प्रो वीणा सिंह, डॉ जितेंद्र भट्ट, डॉ साक्षी शर्मा, सौम्या शुक्ला, अनिल पाण्डेय, प्रियांश मिश्र व राशि सिंह मौजूद रहे।

### मांग को लेकर किसानों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर।** भारतीय किसान क्रान्ति यूनियन जिला अध्यक्ष खलील शाह के नेतृत्व में शुक्रवार को श्रीदत्तगंज ब्लाक परिसर में किसानों ने प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्री मांग पत्र सहायक विकास अधिकारी उमेश सिंह को सौंपा। खलील शाह ने कहा कि विकास खंड के रामपुर भगनहा में स्थित मजरा राम किशुनडीह में जगराम के घर के पास लगे इण्डिया मार्का नल का बनाया गया चबूतरा तीसरे दिन ही धराशाई हो जाने की शिकायत करने के बाद भी मरम्मत नहीं कराया गया। परिवार रजिस्टर में 40 वर्ष पूर्व में जो नाम अंकित किया गया था। उसमें से मृतकों को अभी तक मृत दर्ज नहीं किया गया है। जब लोग परिवार रजिस्टर का नकल लेते हैं तो उसमें मृत व्यक्ति का नाम जीवित दर्ज रहता है। ऐसे में लोगों का कार्य बाधित होता है। इसका समाधान होना चाहिए। बनवारी लाल के घर के पास लगा इण्डिया मार्क का हैंड पम्प खराब पड़ा है जिसका अति शीघ्र रिबोर व मरम्मत कराया जाना चाहिए। ग्राम पंचायत गिब्दौर मजरा रथईडीह में ओमकार के घर से दक्षिण दिशा सरयू नहर तक सीसी रोड पर जल भराव की समस्या रहती है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, बड़े लाल पांडे, बच्छराज वर्मा, राम उजागर, जय करन, बलराम मिश्र, राकेश तिवारी, संजय वर्मा, राजाराम, राम सजन यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारिणी का किया गठन

**उतरौला, बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष बहलोल आरिफ नियाजी ने जिला कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। बताया कि अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री मोहम्मद शकील अहमद नदवी के अनुमोदन पर जिला उपाध्यक्ष अवकात अनस, कलीम बगवान, सीबू हसन, असलम शाह महामंत्री मोहम्मद मुकीम खान, कोषाध्यक्ष नेहाल खान, जिला सचिव असगर अली, मोहम्मद हनीफ खां, अजीज जाफरी, चरणजीत सिंह सहित 16 सचिव बनाए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष गैंसड़ी अता हुसैन, तुलसीपुर में फिदा अली, बलरामपुर में रिजवान अहमद व उतरौला में मोहम्मद असलम बब्बू को नामित किया गया है। नगर अध्यक्ष बलरामपुर फरहान हुसैन, उतरौला मोहम्मद शमीम, तुलसीपुर में समीम राइनी व पचपेड़वा में नसीम अहमद गैसड़ी में मोहम्मद इकबाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी पदाधिकारी को मनोनीत होने पर जिला अध्यक्ष डा मणिक लाल कश्यप, पूर्व विधायक अब्दुल मसूद खां, जगराम पासवान, आरिफ अनवर हाशमी, अनवर महमूद, राम सागर अकेला, राकेश यादव, प्रदेश सचिव अंसार अहमद अल्पसंख्यक सभा, एजाज मलिक ने बधाई दी है।

# मौलाना तौकीर रजा की चेतावनी के बाद मुस्तैद रहा प्रशासन

**सक्रियता**

**संवेदनशील स्थलों और मोहल्लों पर रही विशेष निगरानी**

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दो दिन पूर्व विधानसभा में काशी और मथुरा को लेकर दिये गए बयान के बाद मौलाना तौकीर रजा के शुक्रवार को सामूहिक गिरफ्तारी के एलान को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद दिखा।

शुक्रवार को जन्मे की नमाज के समय सभी मस्जिदों और संवेदनशील मोहल्लों पर पुलिस की तगड़ी निगाहें रहीं। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह समेत भारी पुलिस बल के साथ शहर में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरपूर एहसास कराया। अधिकारियों ने मधुकुंज तिराहे से बैंक चौराहे तक पैदल गस्त करते हुए जहां भी लोगों का समूह दिखा उन्हें तत्काल हट जाने का निर्देश दिया। इस दौरान डीएम और एसपी ने प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय का निरीक्षण भी किया। मौलाना तौकीर रजा की घोषणा का कोई असर खलीलाबाद समेत जिले के किसी भी क्षेत्र में नहीं दिया। जिसके चलते प्रशासनिक अमले ने राहत की सांस लिया। इस दौरान दौरान प्रभारी निरीक्षक ब्रजेन्द्र पटेल समेत तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



जिलापंचायत कार्यालय परिसर में भ्रमण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

# कांग्रेस के राज में सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला: धर्मपाल सिंह

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पशुधन व दुग्ध केन्द्रीय मंत्री धर्मपाल सिंह व प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान शुक्रवार को जिले में पहुंचे। तुलसीपार्क स्थित भाजपा कार्यालय अटल भवन पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर 2024 के लोकसभा चुनाव में श्रावस्ती सीट जिताकर पीएम मोदी के कमल की माला में एक और पुष्प जोड़ने पर जोर दिया। इसी के साथ ही कैबिनेट मंत्री ने बौद्ध परिपथ स्थित चुंगी नाका पर लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि पूरा देश राममय हो चुका है। देश में अगर प्रधानमंत्री मोदी व प्रदेश में सीएम योगी न होते तो आज अयोध्या में श्रीराम मंदिर की परिकल्पना करना संभव नहीं था। देश के आजादी से लेकर 2014 तक एक अध्याय चलता रहा। जिसमें कांग्रेस की सरकार राज करती रही। कांग्रेस के राज में सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है। पिछले 60 सालों में कांग्रेस ने देश को खोखला करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इस अवसर पर श्रावस्ती जिलाध्यक्ष उदय त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, नपाप अध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, रवि वर्मा, अनूप चन्द्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, विष्णु देव गुप्ता, रवि मिश्रा, बिन्दू विश्वकर्मा, अजय सिंह पिंकू, अवधेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



भाजपा कार्यालय अटल भवन पर केन्द्रीय मंत्री धर्मपाल सिंह व प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान का फूल मालाओं से स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**लिया जायजा**

**डीएम ने शहरी क्षेत्र में पाइप पेयजल परियोजना के ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए चिह्नित भूमि का किया निरीक्षण**

# परियोजना से 96 हजार से अधिक होंगे लाभान्वित : डीएम



पाइप पेयजल परियोजना के ओवरहेड टैंक निर्माण का जायजा लेते डीएम अरविंद सिंह। अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** नगर पालिका में नए पाइप पेयजल परियोजना का कार्य प्रारंभ होने वाला है, जिससे शहरी क्षेत्र के 16 हजार से अधिक परिवार को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति से लाभान्वित होंगे। जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा नई पाइप पेयजल परियोजना के ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए चिह्नित भूमि का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को सॉइल टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कराते हुए शीघ्र प्रारंभ कराए जाने का निर्देश दिया। पाइपलाइन बिछाने के कार्य का सर्वे शीघ्र पूर्ण कर ले जाने का निर्देश दिया।

नई पाइप पेयजल परियोजना में 600 किलोलीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जाएगा। पेयजल परियोजना से बलरामपुर नगर पालिका की 96 हजार से अधिक की बड़ी आबादी व 16 हजार से अधिक परिवार को स्वच्छ जल की आपूर्ति से लाभान्वित किया जाएगा। साफ पेयजल मिलने से लोगों को काफी सहूलियत होगी। पाइप पेयजल परियोजना का समस्त कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात नगर पालिका बलरामपुर पूर्ण रूप से पेयजल आपूर्ति से आच्छादित हो जाएगी।

### जिलाधिकारी ने किया बीएसए कार्यालय का औचक निरीक्षण

**बलरामपुर।** शासन के मंशानुरूप सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता हो व आमजन की शिकायतों व समस्याओं का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो इसके लिए डीएम अरविंद सिंह ने बीएसए कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने नदारत 2 कर्मचारियों का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न पटलों के निरीक्षण के दौरान पटल सहायक का नाम एवं सौंपे गए कार्यों की सूची कक्ष के बाहर चस्पा किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने फाइलों का बेहतर रखरखाव व पत्रावलियों पर नंबरिंग किए जाने, कार्यालय में समुचित साफ सफाई व स्वच्छता रखे जाने का निर्देश दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में खाद्यान्न व स्टेशनरी की टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर लिए जाने, सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के समस्त प्रकार के एरियर, वेतन व अन्य देयको का निस्तारण पारदर्शिता के साथ ससमय किए जाने का निर्देश दिया।

# 2047 तक सपा की वापसी की कोई संभावना नहीं

## विधान परिषद में नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा विपक्षी दल के पास मुद्दों का अभाव

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** विधान परिषद में नेता सदन एवं उप.मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा विपक्षी दल सपा के लोगों के पास मुद्दों का अभाव है। जातिवार जनगणना की विरोधी ना तो भाजपा है और ना ही मै केशव मौर्या । जनगणना केन्द्र का विषय है। जब ये सरकार में थे तब इन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया। इसलिए अब 2047 तक इनकी वापसी की कोई संभावना नहीं है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सरकार को आरक्षण विरोधी बताते हुए सदन से वाक आउट किया।

शुक्रवार को शून्य प्रहर में कार्य स्थगन के रूप में कार्य स्थगन के रूप में उठाए गए जातिवार जनगणना के सवाल पर उप मुख्यमंत्री जवाब दे रहे थे। सदन में सपा और सत्तापक्ष के बीच खूब तीर चले और नोक-झोंक भी हुयी। स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा आरक्षण के मामले में भाजपा की कथनी-करनी में अन्तर है। जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्य सरकार पर आरक्षण विरोधी और पिछड़ों का अपमान कराने का आरोप लगाते व नारेबाजी करते हुये सदन से वाक आउट कर गये।

भोजनावकाश के बाद डॉ.सरोजनी अग्रवाल के सभापतित्व में सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विधान सभा द्वारा पारित उप्र निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 को विधान परिषद के प्रमुख सचिव ने सदन के पटल पर रखा। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायकों ने बजट की खूबियां गिनाते हुये समर्थन किया, वहीं सपा के डॉ.मान सिंह सरकार को बीएसयनएल, एलआईसी, एयरपोर्ट आदि को बेचने वाली सरकार बताते हुए कहा कि मैं इस बजट का विरोध करता हूं। इसके अलावा कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। शाम पांच बजे शनिवार 11 बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया गया है।

**निःशुल्क शिक्षा में अनियमितता की होगी जांच** :निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था अधिनियम की अनियमितता व फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर हो रहे दुरूपयोग का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। अभिभावकों के आय प्रमाण पत्र और बच्चों के आधार कार्ड की जांच की जाये। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि बीएसए आगरा को प्रकरण की जांच के आदेश दिये गये हैं। तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी जांच करेंगे। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने कहा जांच कमेटी में तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी की जगह कोई एसडीएम अथवा तहसीलदार स्तर के अधिकारी से जांच कराये तो बेहतर होगा।

**अनावश्यक जांच न करायी जाए:** शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के राज्य अनुदानित मदरसों के कार्यरत शिक्षको एवं कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण का मामला उठाया। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मदरसों की बेहतरी, नौजवानों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए ईमानदारी से काम किया जा रहा है। हमारी सरकार इनके लिए काम कर रही है। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने निर्देश दिया कि जांच अनावश्यक न हो।

▸▸ जातिवार जनगणना को लेकर सपा विधायकों ने किया वॉकआउट

### रिकाई गायब कर मृतक आश्रित में दूसरे को नौकरी

बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने बरेली की कमलादेवी के पति जमुना प्रसाद की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित में नियुक्ति न देने और मृतक जमुना के संबन्धित रिकाई कार्यालय से गायब कर, उसी नाम के कर्मचारी के आश्रितों को नौकरी देने का मामला उठाया। नेता सदन ने कहा कि मामला संवेदनशील है। डीएम पीलीभीत का तत्काल सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आख्या आते ही हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा सदन को भी अवगत कराया जायेगा।


विधान परिषद में कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य सदस्य।

### यूपी बोर्ड में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू होगा: योगी

**अमृत विचार,लखनऊ :** विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी ने कहा हमारी सरकार शिक्षा में किसी के साथ भेद-भाव नहीं कर रही है। पिछले सात साल में प्रदेश् में शिक्षा के स्तर को सुधारने का किये जा रहें प्रयास सर्वविदित हैं। बेसिक शिक्षा परिषद में 1.32 लाख विद्यालयों में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारा गया है। योगी ने बताया कि सरकारी स्कूलों के प्रति बच्चों का रूझान तेजी से बढ़ रहा है, 40 लाख से अधिक नए बच्चों ने प्रवेश लिया है। साथ ही बताया कि यूपी बोर्ड में चरण बद्ध तरीके से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा।

सदन में शुक्रवार को प्रश्न प्रहर में निर्दलीय विधायक डॉ. आकाश अग्रवाल के सवाल पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह जवाब दे रहे थे। इसी बीच सदन में मौजूद मुख्यमंत्री योगी ने कमान संभालते हुए कहा कि अप्रैल और जुलाई में स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बच्चों की वृद्धि ये दिखाती है कि आरटीई का उद्देश्य पूरा हो रहा है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा सरकार हर छात्र के अभिभावक के बैंक खाते में बैग, किताब, जूता-मोजा, स्वेटर के लिए अब 1200 रुपए दिये जाते हैं। जबकि पिछली सरकार में एक हजार का प्रावधान था, वो भी मिलता नही था।

**विधायकों को गिफ्ट मिलते थे :** विप में शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने उपहार की मांग करते हुए मुख्यमंत्री योगी से कहा कि बजट प्रस्तुत करने के बाद विधायकों को गिफ्ट मिलते थे, हम लोगों इंतजार कर रहें हैं, मुख्यमंत्री द्वारा उपहार सभी सदस्यों को मिलना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मेरी तरफ से भोजन का आनंद लिजिए और भजन करिये।

### गलत सूचना देने वाले अधिकारियों की होगी पहचान

शून्य प्रहर में शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा सदन में असत्य एवं त्रुटिपूर्ण सूचना दिये जाने के संबंध में औचित्य का प्रश्न किया। जिसपर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने इस प्रकरण की जांच किन अधिकारियों ने की है, उस रिपोर्ट को इस सत्र के अंतिम दिन या अगले सत्र के प्रथम सप्ताह तक इस सदन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।


शुक्रवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉक्टर केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉक्टर अशोक अग्रवाल और बरेली कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान सभी ने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के औद्योगिक विकास समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अमृत विचार

## सौर ऊर्जा से जगमगाएगा नया हाईकोर्ट परिसर

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ के नए हाईकोर्ट परिसर को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परिसर में रूफटॉप सोलर इम्पैनल्ड पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन का मार्ग प्रशस्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने 6.31 करोड़ रुपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के बाद धनराशि जारी कर दी है।
देश के सबसे खूबसूरत हाईकोर्ट परिसरों में शुमार लखनऊ हाईकोर्ट का नया परिसर गोमतीनगर के विभूति खंड में में है। इसे 1300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। राज्य सरकार परिसर की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भवन की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का निर्णय वर्ष 2022 में लिया गया था। फिलहाल, सरकार द्वारा बजट एलोकेशन और धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति जारी किए जाने के बाद परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जारी की गई धनराशि में 18 प्रतिशत जीएसटी राशि भी सम्मिलित किया गया है।

# सत्यापन के बाद ही होगा सामूहिक विवाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**विधानसभा कार्यवाही**

▸▸ तीन अधिकारियों समेत ग्यारह दलालों को जेल भेजने की दी सूचना

▸▸ भ्रष्टाचार के आरोपियों को किबख्शा नहीं जायेगा , भुगतान रोका गया

**अमृत विचार:** राज्य विधानसभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बलिया में हुए फर्जीवाडे का मामले का उठा। सरकार की ओर से जवाब देते हुए इसी मुद्दे पर समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण ने कहा कि संबधित मामलें में तीन अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई है। ग्यारह दलालों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जायेगा। इस प्रकरण में भुगतान रोका गया है। अब सत्यापन के बाद ही इस प्रक्रिया में लोगों को शामिल किया जाएगा। किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा।

इससे पहले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य लाल जी वर्मा ने शून्य प्रहर में यह मामला उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कुल 537 लोगों का विवाह कराया गया। जिसमें आधे से ज्यादा अपात्र थें। इस योजना में पूरी तरह से भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन मे जितने जोडे थे उनमें से अधिकांश महिलाएं स्वयं अपने गले में माला डालती हुई दिखी। सपा सदस्य ने कहा कि इस योजना में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस घोटालें शामिल थे उन्हे मुल्जिम बनाया जाए। सपा के ही सदस्य संग्राम सिंह यादव ने कहा कि इस योजना में ऐसे लोग भी शामिल थे जो पहले से शादीशुदा थे।

बलिया में हुए इस फर्जीवाडे पर वहां की स्थानीय विधायक केतकी सिंह ने कहा कि उनके क्षेत्र में तीसरी बार सामूहिक विवाह को आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि इस मामलें संबधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# यूपी में निवेश को लालायित फार्च्यून कंपनियों ने आसान किया लक्ष्य

## औद्योगिक घरानों में मोदी और योगी की उपस्थिति में भूमि पूजन का बढ़ा क्रेज

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

▸▸ पहले चरण में पहाड़ सा दिख रहा 10 हजार करोड़ निवेश का लक्ष्य हुआ आसान

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेक्रिंग सेरेमनी प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य बदलने जा रही है। यहां निवेश को लेकर देश-विदेश की फार्च्यून-500 कंपनियों में प्रतिस्पर्धा से प्रथम चरण में ही लक्ष्य बौना साबित होने जा रहा है। देश-विदेश के औद्योगिक घरानों से लेकर जिला स्तर के उद्यमी में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में भूमि पूजन का क्रेज दिख रहा है।

प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से लेकर मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों समेत उद्योग केंद्रों के अफसरों के पास 19 फरवरी को भूमिपूजन के लिए तेजी से प्रस्ताव बढ़ रहे हैं। प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने का यह आयोजन ज्योतिषियों के मुताबिक इस दिन शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 5 मिनट से 10 बजकर 33 मिनट तक है। हर कोई इसी दौरान अपनी-अपनी इकाई के लिए ईंट रखना चाहता है। अयोध्या का ही उदाहरण लें तो, मंडलायुक्त गौरव दयाल ने 18 हजार करोड़ के 102 निवेश प्रस्ताव को अंतिम माना, जबकि दो दिन भी नहीं बीते कि उपायुक्त अमरेश पांडेय के अनुसार 21 हजार करोड़ के 232 प्रस्ताव हो गए। ऐसे उदाहरण कई जिलों में सामने आ रहे हैं। बरेली, हरदोई, अमेठी, गोंडा, फतेहपुर, और चंदौली के बाद कुछ और जिलों से भी लक्ष्य से अधिक निवेश की रिपोर्ट भेजी गई है।

शासन के सूत्रों के मुताबिक पहले चरण में 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य साधना फार्च्यून-500 कंपनियों के आकर्षण से आसान हो गया है।

### जिलों में तेजी से बढ़ रहा इकाई लगाने का क्रेज

30517 करोड़- लखनऊ
30270 करोड़- बरेली
19000 करोड़-कानपुर
21000 करोड़- अयोध्या
4400 करोड़- हरदोई
6400 करोड़ अमेठी
1806 करोड़ - गोंडा
1600 करोड़- फतेहपुर
23000 करोड़- चंदौली

हैदराबाद का ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र के ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा गुरार, गटवा, पिंडारी, रानीदेहो, मुहुना और राबर्ट्सगंज तहसील के ग्राम बैजनाथ में 3660 मेगावाट की इकाई लगाएगी। जबकि अमहमदाबाद का टोरंट पॉवर लि. सोनभद्र के शोभा गांव में 2400 मेगावाट और शाशनाई में 2000 और 1750 मेगावाट की इकाई को लेकर प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से छह माह पहले ली गई सैद्धांतिक अनुमति को जमीन पर उतारने जा रही है। यही हाल मुंबई की जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी के 1200 मेगावाट प्रोजेक्ट, हरियाणा के एसीएमई क्लीनटेक सल्युशंस की चंदौली में 600 मेगावाट और मिर्जापुर में 900 मेगावाट और नोएडा की अवाड़ा वाटर बैटरी प्रालि. की सोनभद्र में 1220 मेगावाट की इकाईयों का है।

सूत्रों के मुताबिक सरकार की ओर से नोएडा, झांसी, गोरखपुर, लखनऊ आदि इलाकों में तैयार औद्योगिक गलियारों समेत इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में निवेश के लिए उपलब्ध लैंड बैंक में वॉलमार्ट, सऊदी अरामको, स्टेट ग्रिड, अमेज़ॅन, ऐप्पल, अल्फाबेट, टोयोटा मोटर, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, माननीय हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री, माइक्रोसॉफ्ट, नेस्ले आदि बड़ी कंपिनयां के साथ अडाणी ग्रुप, रिलायंस ग्रुप, टाटा ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, बिड़ला ग्रुप आदि की ओर से प्रस्तावित कई परियोजनाओं की इकाईयों पर भूमिपूजन होगा।

### धरातल पर उतरने को तैयार निवेश प्रस्ताव

- 30000 करोड़ से हीरानंदानी ग्रुप बनाएगा यीडा के अंतर्गत डेटा सेंटर पार्क
- 18625 करोड़ की एनटीपीसी की अनपरा ई 8 सौ मेगावाट की दो इकाई
- 17985 करोड़ रुपये के निवेश से एनटीपीसी की ओबरा डी की दो इकाई
- 11000 करोड़ से नोएडा में सिफी की ओर से डाटा सेंटर की परियोजना
- 11000 करोड़ से नोएडा में वीएएलएस डेवलपर्स की डेटा सेंटर की परियोजना
- 6500 करोड़ से ललितपुर में टस्को की सौर्य उर्जा परियोजना
- 6000 करोड़ रुपये के निवेश से सोनभद्र में सौर्य उर्जा परियोजना
- 4000 करोड़ रुपये की से मुरादाबाद में कागज निर्माण ईकाई
- 4000 करोड़ से नोएडा में एयर कार्गो व लाजिस्टिक की परियोजना

# संस्कृत संस्थान का सर्वोच्च पुरस्कार प्रो. रहस बिहारी को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● संस्कृत की 46 विभूतियों को मिलेगा सम्मान

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान ने वर्ष 2022 के पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। संस्थान का पांच लाख रुपये का सर्वोच्च विश्वभारती पुरस्कार जबलपुर के प्रो. रहस बिहारी द्विवेदी को दिया जायेगा। दो-दो लाख रुपये के महर्षि वाल्मीकि पुरस्कार से अयोध्या के डॉ. देवी सहाय पाण्डेय दीप को और महर्षि व्यास पुरस्कार से वाराणसी के प्रो. आंजनेय शास्त्री को सम्मानित किया जायेगा।

वाराणसी के प्रो. गोपबंधु मिश्र को एक लाख रुपये के महर्षि नारद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। इनके अलावा वाराणसी के प्रो. हृदय रंजन शर्मा, बांदा के प्रो. रमाकांत पाण्डेय, वाराणसी के प्रो. शंकर कुमार मिश्र, प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी और प्रो. रामपूजन पाण्डेय को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। विशिष्ट पुरस्कार में एक-एक लाख रुपये की धनराशि दी जायेगी। इक्यावन हजार रुपये के वेद पंडित पुरस्कार से सम्मानित होने वालों में बांदा के सूरज त्रिपाठी, गोरखपुर के भास्कर तिवारी, वाराणसी के नितीश मिश्र, मिर्जापुर के प्रज्ञान रामजी त्रिपाठी, बस्ती के शिवम मिश्र,गंजाम (उड़ीसा) के दुर्गाशरण रथ, वाराणसी के अविनाश पाण्डेय, बुलंदशहर के गणेश कुमार शर्मा, गोरखपुर के विवेक मिश्र और वाराणसी के दीपक कुमार दुबे को सम्मानित किया जायेगा।

इक्यावन-इक्यावन हजार के चार नामित पुरस्कार दिए जायेंगे इक्यावन-इक्यावन हजार के चार नामित पुरस्कार दिए जायेंगे। नामित पुरस्कार पाने वालों में पलवल के डॉ. राजकुमार मिश्र, अयोध्या के डॉ. देवी सहाय पाण्डेय, दरभंगा के डॉ. धीरज कुमार पाण्डेय और वाराणसी के डॉ. जयंत कुमार चौधरी का नाम शामिल है। छह विद्वानों को इक्कीस-इक्कीस हजार रुपये के विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। इनमें वाराणसी के प्रो. श्रीकिशोर मिश्र, प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, कानपुर के डॉ. रामशंकर अवस्थी, औरैया के डॉ. कैलाश नाथ द्विवेदी, बागपत के डॉ. अरविन्द कुमार तिवारी और नालंदा के प्रो. राम नक्षत्र प्रसाद का नाम शामिल है।

17 विद्वानों को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये के विविध पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। इनमें प्रयागराज के डॉ. संत प्रकाश तिवारी, फतेहपुर के डॉ. विपिन कुमार द्विवेदी, वाराणसी के डॉ. सुधाकर मिश्र, डॉ. ममता मेहरा, कानपुर की डॉ. शोभा मिश्रा, मेरठ के डॉ. राकेश शास्त्री, मथुरा के डॉ. जगदीश प्रसाद शर्मा, वाराणसी के डॉ. दया शंकर त्रिपाठी, कानपुर के डॉ. अमित द्विवेदी, वाराणसी के डॉ. उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी, प्रो. श्रीकिशोर मिश्र, जौनपुर के डॉ. दिनेश कुमार द्विवेदी, वाराणसी के रामाश्रय तिवारी, गोरखपुर की रंजनलता, वाराणसी के राजकिशोर आर्य, नालंदा के अरुण कुमार यादव और गौतमबुद्ध नगर के डॉ. ज्ञानादित्य शाक्य का नाम शामिल है।

# बदहाली का दंश झेल रहीं ग्रामीण सड़कें

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री के सख्त आदेश के बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें बदहाली से जूझ रही हैं। जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया था कि कहीं भी कोई सड़क पर गड्ढे नहीं होने चाहिए और सड़कें दुरुस्त होनी चाहिए। इसके बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के गड्ढा मुक्त नहीं हो सकी हैं। ऐसा ही हाल भियांव ब्लॉक के हाफिजपुर प्राइमरी स्कूल से सेमरा अस्पताल को जा रही सड़क का है। जहां से प्रतिदिन दर्जनों गर्भवती महिलाएं, बीमारी से जूझ रहे लोग ऊबड़-खाबड़ गड्ढा युक्त रास्तों से गुजर कर अपना इलाज कराने के लिए जाया करते हैं। इसके बावजूद भी अधिकारियों की अनदेखी की चलते सड़क में गड्ढा बना हुआ है। गांव के राम अवध, संदीप कुमार, अरविंद कुमार, अखिलेश आदि ने बताया कि यह रास्ता काफी दिनों से गड्ढा युक्त है।

# एटीएम बंद होने से ग्रामीण हो रहे परेशान

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।** वर्तमान समय में सहागल का महीना चल रहा है जिसमें हर वक्त ग्रामीणों को पैसे की आवश्यकता होती है। बरियावन बाजार में मौके पर मात्र बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम संचालित है, लेकिन वह भी पिछले 15 दिनों से बंद चल रहा है। जिससे स्थानीय लोगों को एटीएम का प्रयोग करने के लिए या तो मसड़ा बाजार या फिर बसखारी तक दौड़ लगानी पड़ रही है।

स्थानीय जगदंबा सिंह, संतोष गुप्ता, सत्य प्रकाश आदि ने बताया की खरीदारी के लिए पैसा निकालना था जिसके लिए एटीएम पर गया तो पैसा नहीं मिल सका, जिससे काफी दिक्कत हो रही है। लोगों ने अभिलंब एटीएम सही करवाए जाने की मांग किया है।

# जर्जर भवन और असुविधाओं में रुके नौनिहाल, बीएसए बोले-सब फर्स्ट क्लास

## मंडल स्तरीय होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता के प्रति संजीदा नहीं दिखे जिम्मेदार, ऐसी लापरवाही के बीच कैसे निखरेगी की प्रतिभा


मिशन स्कूल के भवन की खिड़कियों में उगी घास। अमृत विचार


कमरों में खिड़की से दरवाजे गायब होने पर नैनिहालों ने लगाए तौलिये। अमृत विचार


स्कूल भवन के पिछले हिस्से में उगी झाड़ियां व जर्जर खिड़कियों के शेड। अमृत विचार


स्कूल का जर्जर शौचालय व टूटी पड़ी यूरिनल की पाइप। अमृत विचार

अभिषेक सिंह

**सीतापुर।** जिला मुख्यालय पर आयोजित दो दिवसीय मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता भारी अव्यवस्थाओं के बीच संपन्न हो गई। तय बजट से अधिक खर्च होने के बाद भी प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं के ठहरने और भोजन की उचित व्यवस्था नहीं हो सकी। शुक्रवार को अव्यवस्था को उजागर करने के बाद बढ़ी हलचल के बाद व्यवस्था को सुधारने की जगह जिम्मेदार फर्जी रिपोर्टिंग का दावा करके तथ्यों को सिरे से नकारने में लगे रहे। इतना ही नहीं बल्कि जर्जर भवन को दुरुस्त बताकर उन कमरों में कक्षाओं के चलने का भी दावा किया गया। जबकि भवन की स्थापना 1889 में हुई थी।

बताते चलें कि जिला मुख्यालय के ध्यान चंद्र स्टेडियम पर दो दिवसीय मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में सीतापुर समेत लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, उन्नाव,लखीमपुर खीरी जिलों से आये करीब 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता होने के कारण प्रतियोगी छात्रों के ठहरने व खाने का इंतजाम भी शिक्षा विभाग की ओर से किया गया था। लेकिन इन नौनिहालों को जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ा। प्रतियोगिता में शामिल छात्रों को न तो ठहरने की उचित व्यवस्था हो सकी और न ही आरामदायक बिस्तर मुहैया हो सका। जिसके चलते कर्णधारों को समुचित व्यवस्था से ही संतोष करना पड़ा। इतना ही नहीं गुरुवार की रात कमरों की टूटी खिड़कियों ने इन नौनिहालों को और मुश्किल में डाल दिया। किसी तरह तेज ठंडी हवाओं के थपेड़ों से खुद को बचाते हुए इन नौनिहलों ने जर्जर कमरों में रात गुजारी। अव्यवस्था की खबर को जब अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया तो विभाग में हड़कंप मच गया। अपनी कारगुजारी को छिपाने के लिए जिम्मेदारों ने खबर को तथ्यपरक और फर्जी रिपोर्टिंग का हिस्सा बताया। बीएसए अखिलेश सिंह ने नसीहत देते हुए बताया कि खबर में दिन की फोटो लगाकर रात का दर्शा दिया गया है।

**डिब्बों में पैक हुआ लंच पैकेट** : खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने आये नौनिहालों को जिम्मेदार गर्म खाना परोसे जाने की बात स्वीकार कर रहे हैं। बावजूद इसके स्कूल में इससे इतर ही व्यवस्था ही दिखाई दी। शुक्रवार की दोपहर जमीन पर बैठकर एक व्यक्ति मिठाई के डिब्बों में खाने को भरकर लंच पैकेट तैयार करते हुए नजर आया। उधर, इस मामले में बीएसए अखिलेश सिंह का कहना है कि जिस भवन को जर्जर बताया गया है वह सुरक्षित है। इन कमरों में बैठकर बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। ठंडे खाने की बात पर कहा कि खाने की व्यवस्था प्रांगण में कराई गई थी जिससे उन्हें गर्म खाना ही परोसा गया था। कमरों में बच्चों को पर्याप्त रजाई और गद्दों का इंतजाम किया गया था।

### 93 हजार का बजट, खर्च अधिक

बीएसए अखिलेश सिंह ने बताया कि उन्हें इस आयोजन के लिए महज 93 हजार रुपये ही बजट मिलता है। जबकि इसमें करीब दो लाख से अधिक का खर्च आता है। फिलहाल इन बातों से यह तो साफ हो जाता है कि जिम्मेदार ऐसे कार्यक्रमों के लिए बिल्कुल भी संजीदा नहीं हैं।

### 1889 में स्थापित हुआ था भवन

जर्जर भवन और बगैर दरवाजों के खिड़की वाले मैथोडिस्ट गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल में उन्नाव से आये करीब 125 बच्चों के रुकने की व्यवस्था की गई थी। बताया जाता है कि इस भवन की स्थापना वर्ष 1889 में हुयी थी। प्लास्टर टूट रहे कमरों में रुके कर्णधारों को ठण्ड से बचाव के लिए अपने तौलिये का इस्तेमाल कर हवा को रोकने के लिए लगाना पड़ा। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि भवन के आगे हिस्से में जंगल और झाड़ियों से घिरे हुए कमरों में बच्चों ने कैसे रात गुजारी होगी।



| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,595.49 | 21,782.50 |
| बढ़त | 167.06 | 64.55 |
| प्रतिशत में | 0.23 | 0.30 |

# कारोबार/कृषि



अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शनिवार, 10 फरवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# पेटीएम के शेयर में 15% से अधिक गिरावट

## 2 दिन में आरबीआई की सख्ती के बाद शेयर में 42 प्रतिशत से अधिक की आई कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में लगातार दो दिन में 15 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 6.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 419.85 पर बंद हुए। दिन में शेयर 8.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 408.30 रुपये पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 6.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 419.15 रुपय पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान ये 8.20 प्रतिशत गिरकर 410 रुपये आ गया था। कंपनी के शेयर में लगातार दो सत्र से 15.48 प्रतिशत गिरावट आई जिससे बीएसई पर इसका बाजार मूल्यांकन



4,870.96 करोड़ रुपये कम हो गया।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में बृहस्पतिवार को 10 प्रतिशत की गिरावट आई थी। इससे पहले तीन सत्र की भारी गिरावट के बाद गत मंगलवार को शेयर में तेजी आई थी। आरबीआई की सख्ती के बाद तीन सत्रों (एक से पांच फरवरी के बीच) में इसके शेयर में 42 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इससे उसके बाजार मूल्यांकन में 20,471.25 करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट देखी गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पीपीबीएल में 49 प्रतिशत (प्रत्यक्ष और इसकी अनुषंगी कंपनी के माध्यम से) हिस्सेदारी है। कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा की बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### पेटीएम ई-कॉमर्स का नाम बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स

पेटीएम ई-कॉमर्स ने अपना नाम बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स कर लिया है। साथ ही ऑनलाइन खुदरा कारोबार में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए बिट्सिला का अधिग्रहण किया है। बिट्सिला ओएनडीसी पर एक विक्रेता मंच है। मामले से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने करीब तीन महीने पहले नाम बदलने के लिए आवेदन किया था। 8 फरवरी को उसे कंपनी रजिस्ट्रार से मंजूरी मिल गई। कंपनी रजिस्ट्रार की आठ फरवरी की अधिसूचना के अनुसार-इस प्रमाणपत्र की तारीख से कंपनी का नाम पेटीएम ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड से बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स प्राइवेट लिमिटेड कर दिया गया है... एलिवेशन कैपिटल पेटीएम ई-कॉमर्स में सबसे बड़ा शेयरधारक है। इसे पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा, सॉफ्टबैंक और ईबे का भी समर्थन प्राप्त है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने अब इनोबिट्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (बिट्सिला) का अधिग्रहण कर लिया है। इसे 2020 में पेश किया गया था। यह 'फुल-स्टैक ओमनीचैनल' और 'हाइपरलोकल कॉमर्स' क्षमता के साथ ओएनडीसी विक्रेता मंच के रूप में काम करता है।

## अमरूद की खेती ने हिमाचल के गांव की तस्वीर बदली

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल प्रदेश उपोष्णकटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्यवर्धन (एचपीशिवा) परियोजना के तहत कभी बंजर रहे हमीरपुर जिले के बगेहरा गांव में बड़ा बदलाव आया है। यहां हजारों अमरूद के पौधे लगाए गए हैं और कई किसानों की बंजर भूमि अब विकसित बागों में तब्दील हो गई है। बागवानी विभाग के उप निदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि एचपी शिवा परियोजना के तहत हमीरपुर जिले में 834 हेक्टेयर भूमि पर फल के पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि समय के साथ जिले के अन्य क्षेत्रों के किसान भी बागवानी गतिविधियों को बड़े पैमाने पर अपनाएंगे। परमार ने कहा कि ग्रामीणों को शिव परियोजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूरा खर्च बागवानी विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है।

## एम्ब्रेयर ने सी-390 विमान बनाने के लिए महिंद्रा के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ भारत में विमान बनाएगी ब्राजील की कंपनी

ब्राजील की वैमानिकी कंपनी एम्ब्रेयर और महिंद्रा समूह ने भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम श्रेणी का परिवहन विमान बनाने के लिए साझेदारी करने की शुक्रवार को घोषणा की। वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) की खरीद परियोजना के लिए दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी संबंधी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर यहां ब्राजीलियाई दूतावास में हस्ताक्षर किए गए।

भारतीय वायुसेना अपने पुराने परिवहन विमानों एएन32 के बेड़े को बदलने के लिए 40 से लेकर 80 तक मध्यम श्रेणी के परिवहन विमानों की खरीद करने की तैयारी में है। इसके विकल्प के लिए एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी का सी-390 मिलेनियम, एयरबस डिफेंस एंड स्पेस का ए-400एम विमान और लॉकहीड मार्टिन का सी-130जे विमान प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। एम्ब्रेयर और महिंद्रा ने एक संयुक्त बयान में एमओयू की जानकारी देते हुए कहा कि सी-390 मिलेनियम को लेकर सहयोग से भारत में वैमानिकी एवं सैन्य परिवहन विमान से संबंधित नवीनतम तकनीक लाने में मदद मिलेगी। एम्ब्रेयर डिफेंस के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉस्को डा कोस्टा जूनियर ने कहा-भारत में एक विविध और मजबूत रक्षा एवं वैमानिकी उद्योग है और हमने महिंद्रा को अपने भागीदार के रूप में चुना है। महिंद्रा के वैमानिकी एवं रक्षा क्षेत्र के अध्यक्ष विनोद सहाय ने कहा कि उन्हें एम्ब्रेयर के साथ साझेदारी शुरू करने पर गर्व है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,000-48,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,800 |
| चांदी तैयार | 72,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,050 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,050 |
| चांदी पक्की | 718(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,250 |
| चांदी आभूषण | 72,700। |

## कार्बन डाईऑक्साइड के लिए विकसित देश जिम्मेदार: सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ केंद्रीय बिजली मंत्री बोले भारत ने 45% उत्सर्जन कम करने का रखा लक्ष्य

केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को कहा कि विकासशील देशों को वृद्धि के लिए अधिक कार्बन गुंजाइश की जरूरत है। उन्होंने साथ ही कहा कि वातावरण में फैल चुके कार्बन डाईऑक्साइड में 77 प्रतिशत हिस्से के लिए सीधे विकसित देश जिम्मेदार हैं।



भारत ने 2030 तक अपनी कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य तय किया है। सिंह ने यहां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2024 में कहा-अब, हमारे ग्रह पर वर्तमान स्थिति क्या है? कुछ देश विकसित हैं और आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार उनकी औसत प्रति व्यक्ति आय लगभग 58,700 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि ऐसे विकासशील देश हैं, जहां प्रति व्यक्ति औसत आय 6,770 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है।

## छत्तीसगढ़ सरकार का 1.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,47,446 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी या 'ज्ञान' (जीवाईएएन) की समृद्धि पर केंद्रित है। साथ ही इससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलेगी। विष्णु देव साई ने दिसंबर में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। साई नीत भाजपा सरकार के पहले बजट में किसी नए कर की घोषणा नहीं की गई। चौधरी ने राज्य को विकासशील से विकसित राज्य बनाने की भी घोषण की।

## लाल सागर मार्ग में व्यवधान से माल ढुलाई लागत 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने अपनी रिपोर्ट में जताई उम्मीद

लाल सागर मार्ग में जारी व्यवधान से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में शामिल कंपनियों की माल ढुलाई और अन्य संबंधित लागत (एफएंडएफ) 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही।

एजेंसी ने कहा कि इस व्यवधान के चलते कार्यशील पूंजी चक्र 15-20 दिनों तक बढ़ने का अनुमान है। इसका असर कृषि और कपड़ा जैसे क्षेत्रों पर अधिक हो सकता है।



कार्यशील पूंजी चक्र का मतलब आपूर्तिकर्ताओं को किए गए भुगतान और बिक्री से मिलने वाले राजस्व के बीच की अवधि से है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नकदी प्रवाह पर दबाव हालांकि बड़ी कंपनियों के लिए मध्यम है, लेकिन फिर भी उधारी में और वृद्धि होगी। खासतौर से लोहा और इस्पात, ऑटो और ऑटो कलपुर्जा, रसायन तथा कपड़ा जैसे क्षेत्रों में ऐसा खासतौर से देखने को मिल सकता है। इंडरा के निदेशक सौम्यजीत नियोगी ने कहा कि कम मूल्यवर्धन वाली संस्थाओं के लिए यह चुनौतीपूर्ण वक्त है, क्योंकि उनका मार्जिन भी कम है। हालांकि, बड़ी कंपनियों के पास ऐसी वृद्धिशील लागत को समायोजित करने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि मध्यम आकार की कंपनियों के लिए लागत और आपूर्ति, दोनों रूप में दोहरी चुनौती है।

# राष्ट्रीय



## मोदी ने संसद की कैंटीन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ किया लंच

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नए संसद भवन की कैंटीन में सांसदों के साथ दोपहर को भोजन किया। खास यह रहा कि दलगत राजनीति को पीछे छोड़ विभिन्न दलों के सांसद इसमें शामिल हुए। बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, तेदपा के राम मोहन नायडू, बसपा के रितेश पांडे और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन तथा हीना गावित सहित कुछ भाजपा नेताओं ने मोदी के साथ भोजन किया।

## मोदी गुजरात के 1,31,454 आवासों का आज करेंगे लोकार्पण

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से 1,31,454 आवासों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि डीसा शहर में शनिवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर आवास योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल तरीके संवाद भी करेंगे। इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सी.आर. पाटिल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अतिथि विशेष के तौर पर लोकसभा सांसद परबतभाई पटेल और भरतसिंह डाभी तथा राज्यसभा सांसद बाबूभाई देसाई भी उपस्थित रहेंगे। आवास प्रदान करने के इस कार्यक्रम से गुजरात के 115 ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र और 67 शहरी निर्वाचन क्षेत्र जुड़ेंगे, यानी सभी 182 विधानसभा क्षेत्र इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### सीतारमण का लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र प्रस्तुत करते समय कांग्रेस पर कटाक्ष

# मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुनिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र को चर्चा के लिए प्रस्तुत करते समय कांग्रेस को आड़े हाथ लिया और हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर कटाक्ष करते हुए कहा-मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुन लीजिए।''

सीतारमण ने जब श्वेतपत्र का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए पूर्ववर्ती संप्रग सरकार की नीतियों की आलोचना की तो बीच-बीच में कांग्रेस के सदस्य हंगामा कर रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा-अगर उनमें (कांग्रेस सदस्यों में) साहस है और यदि इन्होंने अच्छा काम किया है तो सुनना चाहिए और जवाब देना चाहिए। सुनने की क्षमता नहीं है। फिर भी मैं छोड़ूंगी नहीं, मैं



अपनी बात करुंगी। उन्होंने कहा-वैश्विक आथिक संकट को तो नहीं संभाल सके, आज ज्ञान दे रहे है कि किस तरह संभालना है। उस समय क्या करना चाहिए था, कुछ नहीं किया। घोटाले के ऊपर घोटाले आते रहे। देश को ऐसी गंभीर अवस्था में छोड़कर चले गए भगवान जाने, अगर इनकी (कांग्रेस की) सरकार बनी रहती तो देश का क्या हाल होता। इस दौरान सदन में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी उपस्थित थीं।

सदन में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत अन्य सदस्यों की टोका-टोकी के बीच सीतारमण ने कहा,-मैं हिंदी और अंग्रेजी दोनों में बोल रही हूं। मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है। थोड़ा सुनिए। पूर्व अध्यक्ष बैठी हैं, उन्हें इम्प्रेस करना है कि मैडम हम बचाव कर रहे हैं। कहा कि कांग्रेस के सदस्य कई प्रश्न उठाते हैं तो हम तसल्ली से सुनते हैं, लेकिन जब सरकार जवाब देती है तो विपक्षी सदस्य वाकआउट करते हैं या शोर-शराबा करते हैं।

### श्वेत पत्र नहीं, सफेद झूठ पत्र है: जयराम रमेश



कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार का श्वेत पत्र एक सफेद झूठ पत्र है और इसके बजाय केंद्र सरकार को रोजगार, नोटबंदी, सीमा पर तनाव और मणिपुर जैसे मुद्दों पर ऐसा दस्तावेज लेकर आना चाहिए। सरकार के श्वेत पत्र के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा-यह श्वेत पत्र नहीं, बल्कि सफेद झूठ पत्र है। हमारे कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने कल 10 साल अन्य काल नाम से एक ब्लैक पेपर जारी किया। उनका कहना था कि कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर' सरकार के 'श्वेत पत्र' पर सर्जिकल स्ट्राइक है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि सरकार सफेद झूठ पत्र' लेकर आई है। रमेश ने कहा-श्वेत पत्र में नोटबंदी, बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती आर्थिक असमानता का कोई जिक्र नहीं है। जिन मुद्दों पर उन्हें श्वेत पत्र लाना चाहिए, उनमें चीन के साथ सीमा पर तनाव शामिल हैं।

## एक नजर

### अमृतसर में हथियार तस्करी गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया स्थित रितिक रैली और जेल कैदी कुणाल महाजन के निर्देशों पर संचालित एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में हाथियार बरामद किए हैं। अमृतसर के पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के गुरु की वडाली के रहने वाले जशनदीप सिंह और करणदीप सिंह, तरनतारन के गांव बेहला के शरणजीत सिंह, तरनतारन के चोहला साहिब का दीपक, अमृतसर का संदीप सिंह और तरनतारन के नरिंदर सिंह के रूप में हुई है।

### 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने बाड़मेर जिले में 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बाड़मेर के जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि खुफिया सूचना पर फलोदी की तरफ से आ रहा एक ट्रेलर से पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

## मोदी, आडवाणी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए पत्रकार वागले के खिलाफ मामला दर्ज

**पुणे।** भाजपा के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के बाद उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में वरिष्ठ पत्रकार निखिल वागले के खिलाफ पुणे में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वागले के खिलाफ भाजपा के एक स्थानीय नेता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-निखिल वागले पर विश्रामबाग थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए, 500 (मानहानि) और 505 (सार्वजनिक शरारत के लिए उकसाने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## क्या तारीख में बदलाव किए बिना 'प्रस्तावना' में संशोधन संभव?

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ संविधान से समाजवादी पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सवाल किया कि क्या संविधान को अंगीकार किए जाने की तारीख 26 नवंबर 1949 को अक्षुण्ण रखते हुए इसकी प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुब्रमण्यन स्वामी और वकील विष्णु शंकर जैन से यह सवाल किया, जिन्होंने संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की अपील की है।

न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, 'अकादमिक उद्देश्य के लिए क्या प्रस्तावना, जिसमें तारीख का उल्लेख है, उसे अंगीकार करने के दिनांक में बदलाव किए बिना उसे (प्रस्तावना को) बदला जा सकता है। अन्यथा हां, प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। उसमें कोई समस्या नहीं है। स्वामी ने जवाब दिया-इस विषय में बिल्कुल यही सवाल है।

## सुप्रीम आदेश की अनदेखी करने पर यूपी सरकार को फटकार

**नई दिल्ली,एजेंसी**

### मुजफ्फरनगर स्कूल थप्पड़ मामला

▸▸ अब 1 मार्च को कोर्ट में होगी अगली सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को उन छात्रों की काउंसलिंग नहीं करने के लिए शुक्रवार को फटकार लगाई, जिन्हें उनकी स्कूली शिक्षिका ने गृहकार्य पूरा नहीं करने पर एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उसके निर्देशों का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है। पीठ ने राज्य को उन बच्चों की काउंसलिंग करने और दो सप्ताह में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हमने टीआईएसएस (टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज) की नवीनतम रिपोर्ट का अध्ययन किया है, जिसमें उस घटना के गवाह सभी छात्रों की काउंसलिंग की बात कही गई है। राज्य द्वारा इस दिशा में कोई कुछ भी नहीं किया गया है, अब बहुत देर हो चुकी है। पीठ ने कहा-हम राज्य को निर्देशों को तुरंत लागू करने का निर्देश देते हैं और अनुपालन हलफनामा दो सप्ताह में दाखिल किया जाए। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि



एक मार्च तय की।

उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अदालत ने पहले भी राज्य सरकार को उस मुस्लिम लड़के और उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने के अपने आदेश का पालन नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी, जिन्हें उनकी शिक्षिका ने होमवर्क न करने पर उसे थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था। मुजफ्फरनगर जिले के स्कूल की शिक्षिका पर भी पीड़ित लड़के पर सांप्रदायिक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगाया गया है।

# अब अयोध्या की तर्ज पर बनेगा चित्रकूट रेलवे स्टेशन

**नई दिल्ली, ज्ञानेन्द्र सिंह**

▸▸ धार्मिक स्थलों के कई रेलवे स्टेशनों का होगा जीर्णोद्धार

**अमृत विचार:** भगवान राम की जन्म-स्थली, अयोध्या धाम को रेलवे मानचित्र में चमकाने के बाद अब उनकी वन-स्थली, चित्रकूट धाम की बारी है। करीब 50 करोड़ की लागत से चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन को फाइव स्टार बनाने की योजना है।

मंदाकिनी नदी के तट पर बसा चित्रकूट, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के 38 वर्ग किलोमीटर संयुक्त क्षेत्र का एक प्राचीन तीर्थ स्थल है। जहां भगवान राम ने अपने वनवास के 11 वर्ष सीता और लक्ष्मण के साथ व्यतीत किए थे। रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट में देश-विदेश के पर्यटकों का काफी आना-जाना होता है। लेकिन रेलवे को पर्याप्त राजस्व नहीं मिलता है। ज्यादातर पर्यटक सड़क मार्ग से ही वहां पर आते हैं। लेकिन रेलवे ने चित्रकूट धाम को पर्यटकों की दृष्टि से विकसित करने के लिए जो योजना बनाई है उसके तहत न सिर्फ सड़क बल्कि वायु मार्ग से भी रेल मार्ग को लिंकप किया जाएगा। एक योजना कर्वी से चित्रकूट तक रेलवे लाइन बिछाने की भी है लेकिन अभी उस पर कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हुआ है।

चित्रकूट रेलवे स्टेशन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत कटरा जम्मू रेलवे स्टेशन की तर्ज पर चित्रकूट में यात्रियों के लिए अवसीय व कमर्शियल व्यवस्था की जाएगी और खानपान को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

अभी चित्रकूट रेलवे स्टेशन अयोध्या, काशी, प्रयागराज, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, रायपुर, जबलपुर एवं लखनऊ से जुड़ा हुआ है। जब रेलवे स्टेशन का विस्तार एवं विकास हो जाएगा तब इसे महोबा एवं खजुराहो से भी लिंकप किया जाएगा और देश के सभी प्रमुख स्टेशनों से चित्रकूट के लिए रेल यातायात उपलब्ध कराया जाएगा। चित्रकूट के साथ ही बांदा महोबा एवं मानिकपुर रेलवे स्टेशन को भी नए सिरे से विकसित किया जाएगा।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट के साथ ही बनारस में काशी, वाराणसी सिटी, वाराणसी कैंट एवं व्यास नगर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इसी तरह कानपुर में प्राचीन हनुमान मंदिर, पनकी रेलवे स्टेशन एवं गंगा पार स्थित शुक्लागंज में भी बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। मथुरा जंक्शन के अलावा कृष्ण जन्मभूमि के निकट भूतेश्वर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जाएगा। वहां पर यात्रियों के ठहरने व खानपान की व्यवस्था की जाएगी। गाजियाबाद के निकट गंगा तट पर गढ़मुक्तेश्वर रेलवे स्टेशन को भी धार्मिक दृष्टि से विकसित करने की योजना बनाई गई है। उत्तराखंड में हरिद्वार, रामनगर व काठगोदाम रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने का सर्वे पूरा हो चुका है। उक्त सभी धार्मिक रेलवे स्टेशनों का कार्य इसी वर्ष अप्रैल से शुरू होने की संभावना है।

## 13 करोड़ की हेरोइन व मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने पिछले दो दिनों में संयुक्त अभियान के दौरान पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले से 13.3 करोड़ रुपये की हेरोइन और मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुधवार को जोखावथर के एक निवासी के कब्जे से मुआलकावी में 4.23 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 605 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई में मिजोरम-म्यांमा सीमा पर जोखावथर में नौ करोड़ रुपये की मेथामफेटामाइन की 30,300 गोलियां और 17.49 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद की गई।

# भारत की महान विभूतियों ने देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में लगा दिया पूरा जीवन

## भ्रष्टाचार विरोधी और सर्वमान्य नेता थे चौधरी चरण सिंह

**नई दिल्ली।** दिवंगत चौधरी चरण सिंह किसान और जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में अगुवा रहे। चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री रहें हैं। जाट समाज के तमाम सम्मेलनों में चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने की वर्षों से मांग चलती रही है। उनके निधन के बाद से ही राष्ट्रीय लोक दल की ओर से मांग की जा रही थी।



हालांकि, अब केंद्र सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया है। किसान भाई- बहनों की समस्यों में हमेश साथ खड़े रहने वाले नेता थे चौधरी चरण सिंह जी। बता दें, चौधरी चरण सिंह 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए और 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। बाद में उन्होंने सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। भ्रष्टाचार के सख्त विरोधी कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। आपातकाल में सरकार के साथ खड़े रहे।

चरण सिंह दो बार मुख्यमंत्री और एक बार देश के प्रधानमंत्री रहे। मुख्यमंत्री बने हुए उन्हें कुछ ही दिन हुए थे कि उन्हें एक निजी समारोह में भाग लेने जाना पड़ा। वहां से लौटकर आए तो ड्राइवर से कहा कि इसे अलग नोट कर लेना। ड्राइवर उन्हें गौर से देखने लगा तो बोले, 'सरकारी दौरे छोड़कर निजी कार्यक्रमों में जाने पर वाहन का पेट्रोल पर होने वाला खर्च मेरे निजी खाते से चुकता किया जाएगा।' लंबा राजनीतिक जीवन व्यतीत करने के बाद दिग्गज नेता के निधन के समय उनके खाते में मात्र 470 रुपये थे।

## 18 भाषाओं के जानकार थे पूर्व पीएम नरसिम्हा राव

**नई दिल्ली।** दिवंगत पूर्व कांग्रेसी नेता 18 भाषाओं के जानकार नरसिम्हा राव 1991 से 1996 तक देश के पीएम रहे। हालांकि, उनके पीएम बनने का फैसला भी अचानक हुआ था, जिसके चलते उन्हें एक्सिडेंटल पीएम भी कहा जाता है। नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से भी अच्छे रिश्ते नहीं थे।



सन 1992 में बाबरी विध्वंश के दौरान नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से सबसे ज्यादा रिश्ते खराब हुए थे। बाबरी कांड के बाद कांग्रेस के कई बड़े नेता राव से नाराज थे। उन्होंन मनमोहन सिंह के साथ देश में बड़ा आर्थिक सुधार किया था और वैश्विक बाजारों के लिए देश के दरवाजे खोले थे। राव के इन्हीं सुधारों का क्रेडिट लेने और राजीव गांधी के हत्यारों पर तेज कार्रवाई न करने के चलते गांधी परिवार के रिश्ते उनसे ज्यादा खराब हो गए थे। प्रधानमंत्री बनने से पहले राव ने भारत सरकार और कांग्रेस पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने 1971 से 1973 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर जमीनों की चकबंदी और शिक्षा में महत्वपूर्ण सुधार लागू किए। केंद्र सरकार में उन्होंने विदेश मामलों, रक्षा और गृह मामलों के मंत्री पद संभाले, जो शासन में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और विशेषज्ञता को उजागर करता है। प्रधानमंत्री के रूप में राव का कार्यकाल उनके द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। 1991 में भारत को काफी गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। उस वक्त देश के सामने उच्च महंगाई, कम विदेशी मुद्रा भंडार और बाहरी कर्ज चुकाने में विफलता के जोखिम जैसी कठिन चुनौतियां थीं

## हरित क्रांति के जनक माने जाते हैं डॉ.एम एस स्वामीनाथन

**नई दिल्ली।** दिवंगत कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन को पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण समेत कई आवॉर्डों से भी सम्मानित किए गए हैं। स्वामीनाथन भारत में 'हरित क्रांति' के जनक माने जाते हैं।



उन्होंने गेहूं और चावल की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भारत के कम आय वाले किसानों को अधिक उपज करने में मदद मिली। इतना ही नहीं उन्होंने देश के लिए खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है जिसने भारत को 'भूख के ट्रैप' से बाहर निकाला। इसके अलावा उन्होंने भारत में कृषि की प्रोडेक्टिविटी बढ़ाने के लिए के एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसे स्वामीनाथन रिपोर्ट कहा जाता है, जो आज तक लागू नहीं की गई।

**1965** में स्वामीनाथन को चेकोस्लोवाक एकेडमी ऑफ साइंसेज से मेंडल मेमोरियल मेडल मिला।

**1967** में पद्म श्री, 1972 में पद्म भूषण और 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

**1971** में रेमन मैग्सेसे और 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड साइंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

**1987** में वर्ल्ड फूड सेफ्टी अवॉर्ड और 1991 में पर्यावरणीय उपलब्धि के लिए टायलर अवॉर्ड मिला।

प्रोफेसर एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में 2004 में राष्ट्रीय किसान आयोग (एनसीएफ) का गठन किया गया था।

---

### पाकिस्तान : आम चुनाव की मतगणना जारी, 49 सीट पर इमरान के उम्मीदवारों की दावेदारी

# इमरान-नवाज की सियासी टक्कर

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को पाकिस्तान के चुनाव नतीजों में शुक्रवार को बढ़त मिली। इमरान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार आश्चर्यजनक रूप से अच्छा प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध है।

चुनाव आयोग ने अब तक नेशनल असेंबली की 122 सीट के नतीजों की घोषणा की है, जिसमें स 49 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों (ज्यादातर पीटीआई समर्थित) को जीत मिली है। पीएमएल-एन को 39 सीट पर जीत मिली है, जबकि पीपीपी के खाते में 30 सीट गई है। अन्य सीट पर छोटे दलों को जीत मिली है।

खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रत्याशी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि देश के उच्चतम न्यायालय ने उनकी पार्टी को उसके चुनाव चिह्न क्रिकेट का 'बल्ला' से वंचित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को बरकरार रखा है।

**122** सीटों का ही परिणाम हुआ है घोषित



मीडिया के अनुसार, कुल 266 सीटों में से 163 सीटों के लिए बुलाए गए अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार 73 सीटों पर आगे चल रहे हैं, इसके बाद पीएमएल-एन 48 और पीपीपी 35 सीटों पर आगे चल रहे हैं। हालांकि, डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा केवल 72 सीटों के लिए अनंतिम परिणाम जारी किए गए हैं। ईसीपी के अनुसार, पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार 28 सीटों पर आगे चल रहे हैं, इसके बाद पीएमएल-एन (19 सीटें) और पीपीपी (18 सीटें) के बीच कड़ा मुकाबला है।

### नेशनल असेंबली का समीकरण

नेशनल असेंबली की 336 सीट में से 266 पर ही मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर में, हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद वहां मतदान स्थगित कर दिया गया था। अन्य 60 सीट महिलाओं के लिए और 10 सीट अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं, और ये जीतने वाले दलों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर आवंटित की जाती हैं। नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 265 सीट में से 133 सीट जीतनी होंगी।

### निराश नवाज शरीफ परिवार ने अपने गढ़ लाहौर से जीत हासिल की

**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल) पार्टी से शरीफ परिवार के चार सदस्य आम चुनावों में अपने गढ़ पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से नेशनल असेंबली की सीटें जीतने में कामयाब रहे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) को मतदान के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्रों के नतीजे घोषित करने में 20 घंटे से अधिक का समय लगा। गुरुवार रात को प्रतिकूल नतीजों को देखकर निराश दिखाई दे रहे शरीफ परिवार को तब खुशी महसूस हुई जब ईसीपी ने लाहौर के चार निर्वाचन क्षेत्रों में उनकी जीत की घोषणा की। इन सीटों पर जेल में बंद प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित उम्मीदवार बड़े अंतर से आगे थे। पीएमएल-एन के सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) ने एनए-130 सीट पर 172,000 से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की, जबकि पीटीआई उम्मीदवार डॉ. यास्मीन राशिद को 113,000 से अधिक वोट मिले। नवाज की बेटी मरियम नवाज (50) ने एनए-119 सीट से 83,000 से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की।

## आगामी लोस चुनाव में 97 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान: ईसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस साल लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ भारतीय मतदान करने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 29 साल की उम्र वाले दो करोड़ से ज्यादा युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है।

2019 से पंजीकृत मतदाताओं में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के सबसे बड़े मतदाता वर्ग 96.88 करोड़ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के लिए तैयार हैं। पोल पैनल ने बताया कि लिंक अनुपात 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ-साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए विभिन्न कामों के बारे में जानकारी दी थी। महिला मतदाताओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। घर-घर जाकर जांच करने के बाद 1,65,76,654 मृतकों, स्थानांतरित और फर्जी मतदाताओं के नाम को सूची से हटा दिया गया है।

## प्रशांत क्षेत्र, प. एशिया समेत कई मुद्दों पर चर्चा : जयशंकर

**हिंद महासागर सम्मेलन**

**पर्थ, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, भारत-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर चर्चा की। जयशंकर शुक्रवार से हिंद महासागर पर शुरू होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ में हैं।

जयशंकर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग और अपने सिंगापुर के समकक्ष विवियन बालाकृष्णन के साथ सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। जयशंकर ने बैठक की कुछ तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, आज पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और हिंद महासागर से



संबंधित मामलों पर अभिसरण पर अच्छा आदान-प्रदान हुआ। साथ ही इंडो-पैसिफिक, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर भी चर्चा की।

हिंद महासागर सम्मेलन' इस क्षेत्र के देशों के लिए एक प्रमुख परामर्शदात्री मंच है, जो विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन का सातवां संस्करण ऑस्ट्रेलियाई सरकार के विदेश मामलों और व्यापार विभाग के साथ-साथ सिंगापुर के एस राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज और पर्थ-यूएस एशिया सेंटर के सहयोग से 9 और 10 फरवरी को पर्थ में आयोजित किया जा रहा है।

## अमेरिका बोला हिंद-प्रशांत में प्रमुख भागीदार है मालदीव

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मालदीव को स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया। साथ ही कहा कि वह द्वीपसमूह राष्ट्र के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

चीन समर्थक नेता माने जाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के कुछ महीनों बाद, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने हाल ही में मालदीव का दौरा किया। माले में लू ने रक्षा सहयोग, आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक शासन सहित साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करने के लिए मोहम्मद मुइज्जू और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने मालदीव में अमेरिकी दूतावास की स्थापना पर प्रगति पर भी चर्चा की। लू ने मालदीव में लोकतांत्रिक शासन और पारदर्शिता पर चर्चा के लिए सिविल सोसायटी के सदस्यों और उच्च शिक्षा अधिकारियों से भी मुलाकात की।

---

### एक नजर

#### 14 फरवरी को अमेरिका की निजी कंपनी भेजेगी मून मिशन

**वाशिंगटन।** नासा और स्पेश एक्स की मदद से एक अमेरिकी कंपनी मिशन मून की तैयारी कर रही है। अमेरिकी कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का लक्ष्य 14 फरवरी को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 राकेट की मदद से लैंडर लांच करना है। यह नासा समर्थित कंपनी एस्ट्रोबायोटिक टेक्नोलाजी के चंद्र लैंडर के बाद सामने आई है। कंपनी पिछले महीने फ्यूल संबंधी समस्या की वजह से चंद्रमा तक अपने मिशन को पहुंचाने में कामयाब नहीं रही थी। ह्यूस्टन स्थित इंट्यूएटिव आइएम-1 चंद्र लैंडर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन-9 राकेट से 14 फरवरी को 12:57 बजे उड़ान भरेगा, जो इंट्यूएटिव मशीन्स के रोबोटिक नोवा-सी लैंडर ओडीसियस को भेजेगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो ओडीसियस 22 फरवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला पहला निजी अंतरिक्ष यान बनकर इतिहास रच सकता है।

#### यूएन: गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने के प्रयासों का आह्वान किया है। गुटेरेस ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी 2024 प्राथमिकताओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह आवश्यक है कि हम न्यायसंगत और शांति के लिए काम करें, लेकिन संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप शांति के लिए काम करें। उन्होंने कहा, कल, मैंने इस वर्ष और उससे आगे की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए महासभा को संबोधित किया। यह एक लंबा और विस्तृत एजेंडा है, लेकिन विभिन्न चुनौतियां एक समान धागे से जुड़ी हुई हैं। इसके सभी आयामों में शांति की आवश्यकता है क्योंकि शांति वह बंधन है जो बांधता है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि यह राष्ट्रों के बीच गंभीर बातचीत, पुरानी संस्थाओं में सुधार और बहुपक्षीय शासन के प्रभावी, नवीनीकृत और समावेशी तंत्र के साथ बहुध्रुवीयता को अपनाने का आह्वान है।

#### अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर फिर किए हवाई हमले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर फिर से हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि अमेरिकी सैन्य बलों ने गुरुवार को विस्फोटकों से लदी उन चार ड्रोन नौकाओं और सात पोत रोधी क्रूज मिसाइल लॉन्चर को नष्ट कर दिया, जिनके द्वारा लाल सागर में पोतों को निशाना बनाए जाने की आशंका थी। सेंट्रल कमांड ने कहा, वे क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के पोतों और वाणिज्यिक पोतों के लिए खतरा थे। ये कदम नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे और अमेरिकी नौसेना एवं वाणिज्यिक पोतों के लिए अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे।

## असम-मिजोरम अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने में हुए सहमत

**गुवाहटी, एजेंसी**

▸▸ मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और लालडुहोमा के बीच बैठक, 2021 में हुआ था भारी विवाद

मिजोरम और असम ने शुक्रवार को लंबे समय से चल रहे अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमति जताई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिजोरम के सीएम लालडुहोमा को आमंत्रित किया। बता दें कि लालडुहोमा फिलहाल गुवाहटी में ही मौजूद हैं।

बैठक में सीएम सरमा और लालडुहोमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास पर सहमति जताई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति बरतने पर भी जोर दिया। मिजोरम के तीन जिले आइजोल, कोलासिब और ममित असम के कछार, कर्मगंज और हैलनकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी सीमा साझा करते हैं। दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से ही सीमा विवाद चल रहा है। मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उनका है। वहीं दूसरी



तरफ असम 1933 को सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपना क्षेत्र बता रहा है। इनर लाइन आरक्षित वन का एक बड़ा हिस्सा असम के अंतर्गत आता है। 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा मिजोरम में पड़ता है। साल 2021 में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने विशाल मोड़ ले लिया था, जब दोनों राज्यों के पुलिसबल ने सीमाओं पर गोलीबारी की थी। इस घटना में छह पुलिसकर्मी और एक असम के नागरिक की मौत हो गई थी।

### तापमान में वृद्धि...



**शिमला :** हिमाचल के पहाड़ी हिस्सों में ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 14 फरवरी तक मौसम के साफ रहेगा। ऐसे में तापमान में अब वृद्धि होगी। 15 फरवरी के बाद हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा हालांकि उसका भी ज्यादा असर नहीं है। शुक्रवार को तेज धूप के खिले रहने से अधिकतम तापमान में तीन से नौ डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक वृद्धि कुल्लू के सेओबाग में 8.8, शिमला में 6.6, मनाली में 6.1, मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर में चार से पांच डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। ● एजेंसी

## यूबीटी गुट के नेता की हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ गुरुवार को पूर्व सभासद अभिषेक की फेसबुक लाइव में गोली मारकर की थी हत्या

मुंबई के उपनगर दहिसर में शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सभासद अभिषेक घोषालकर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक हमलावर के साथी आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि हमलावर से पूछताछ चल रही है और मामले की गहन जांच भी जारी है।

मुंबई पुलिस ने बताया मेहुल नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ चल रही है। करीब 7 घंटे तक घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस ने एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया है। मालूम हो कि इस मामले की जांच की जिम्मेदारी भी मुंबई क्राइम ब्रांच को दी गई है। घटना का एक वायरल वीडियो, जो गुरुवार शाम बोरीवली (पश्चिम) के उत्तरी उपनगर में आईसी कॉलोनी में हमलावर मौरिस नोरोन्हा के कार्यालय में हुआ। वहां घोसालकर को पेट और कंधे में गोली मारते देखा गया है। क्राइम ब्रांच की जांच कई पहलुओं पर केंद्रित होगी, जिसमें नोरोन्हा को हथियार कैसे मिला और उसे किसने मुहैया कराया, क्या वह नशे में था और घोसालकर पर गोलीबारी के समय मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी शामिल है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि देर रात मामला आगे की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच को स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता और जांच के दायरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एक टीम ने भी स्थानीय पुलिस के साथ घटनास्थल का दौरा किया।

## गाजा: हमलों में 13 लोगों की मौत, अमेरिका बोला- इजराइल की कार्रवाई अविश्वसनीय

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा हमास की संघर्ष शर्तों को अस्वीकार करने और दक्षिणी गाजा शहर में हमलों को बढ़ाने का संकल्प करने के बाद गाजा पट्टी के राफा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में इजराइल की कार्रवाई को अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका संघर्ष विराम के लिए इजराइल और हमास पर लगातार दबाव डाल रहा है। बाइडन ने गुरुवार को कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, मेरा मानना है कि गाजा पट्टी में हो रही कार्रवाई चरम पर है। मिस्र से लगने वाली शहर राफा में गाजा की आधी आबादी आ गई है। मिस्र ने यहां कोई भी जवाबी कार्रवाई नहीं करने की चेतावनी दी है। कुवैती अस्पतालों के अनुसार, हमलों में दो महिलाओं और पांच बच्चों समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल के चार महीनों से जारी हवाई और जमीनी हमलों में फिलिस्तीन के 27 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल के हमलों ने अधिकांश लोगों को उनके घरों को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

**विज्ञान** सही मौके पर अंतरिक्ष में भेजा गया है आदित्य एल-1, सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता सुलझने की संभावना

## गामा-किरण विकिरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों में उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण उत्सर्जन की गुत्थी अभी तक नही सुलझ पाई है। इस सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता में इस पहेली के सुलझने की संभावना सौर वैज्ञानिक जता रहे हैं।

संभव है कि भारतीय सौर मिशन आदित्य एल-1 इस रहस्य से पर्दा उठा सके। दरअसल अंतिम सौर अधिकतम के दौरान सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों ने उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण सामान्य से कई गुना अधिक उत्सर्जित होने लगती है। नासा ने इस रहस्य का पता पिछले सौर चक्र के अधिकतम दौर के दौरान किया था। यह जानकरी फर्मी अंतरिक्ष दूरबीन से 2014 में पता चली थी।



सूर्य के साथ आदित्य एल 1 की तस्वीर।

ज्ञातव्य हो सूर्य की गामा किरणों सहित विद्युत चुम्बकीय विकिरण की सभी तरंग दैर्ध्य में चमकने के लिए जाना जाता है, लेकिन यह सौर सतह पर समान रूप से वितरित होना चाहिए।

मगर ऐसा नही होने से ध्रुवीय क्षेत्रों के उच्च गतिविधि का पता लगाने वाले वैज्ञानिक इस असंतुलन की व्याख्या नहीं कर सकते हैं।

इस रहस्य को समझने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस साइंसेज के शोधकर्ता ब्रूनो अर्सिओली का कहना है कि चालू अधिकतम सौर चक्र में यह गुत्थी सुलझ सकती है। जान लीजिए नया सौर चक्र दिसंबर 2019 में शुरू हुआ था। जिसका अधिकतम सौर सक्रियता 20 25 तक रहेगी।

### वैज्ञानिक बोले- महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारतीय मिशन

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाब उद्दीन का कहना है कि असामान्य उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण की गुत्थी को सुलझाने में इसरो का भारतीय मिशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इन दिनों आदित्य एल-1 को ऐसे मौके पर लॉन्च किया गया है, जब वह सूर्य अपने अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजरता है। इस दौरान सूर्य पर होने वाले विस्फोटों को देखा जा सकता है और धरती की ओर आने वाले चुम्बकीय तूफानों का आदित्य एल 1 बखूबी देख सकता है। कोरोना जैसी गुत्थी को सुलझा सकता है।

## आइलैंड में जीता चुनाव, राष्ट्रपति पद के करीब पहुंचे ट्रंप

**लास वेगास।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी में उम्मीदवारी की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को नेवादा और वर्जिन आइलैंड में भी जीत हासिल कर ली। नेवादा में उनकी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली ने काकस के बजाय प्राइमरी चुनाव का विकल्प चुना था, इसलिए ट्रंप यहां इकलौते प्रमुख उम्मीदवार थे।

निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने डटी हुई हैं। नेवादा में ट्रंप की जीत से उन्हें राज्य के सभी 26 डेलीगेट मिल गए। इस प्रकार वर्जिन आइलैंड से भी चार डेलीगेट हासिल कर लिए है। ट्रंप को 74 प्रतिशत तो निक्की को 26 प्रतिशत वोट मिले। औपचारिक रूप से पार्टी का नामांकन हासिल करने के लिए उन्हें 1,215 प्रतिनिधियों की आवश्यकता है और वह मार्च में इस संख्या तक पहुंच सकते हैं।